2 फरीदाबाद
मरीजों के प्रति समर्पण ने दिलाई डॉ. नीरज जैन को अहम जिम्मेदारी

6 अभिमत
बेहतर ढंग से निबटना होगा आतंकवाद से

8 देश/विदेश
जब ड्रूंड रेखा के पार से आतंकी गतिविधियां संचालित न हों : भारत

11 स्पोर्ट्स
कोहली के लिए प्रेरणा कभी समस्या नहीं रही है: स्टोइनिस

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 280
फरीदाबाद, रविवार, 22 नवंबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



उम्मीद है आस्ट्रेलिया दौरे के लिए सब ठीक रहेगा : रोहित
स्पोर्ट्स -11

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹47,900/-
76% Gold Rate ₹39,590/-
BIRTHSTONES AVAILABLE
Making Charges 8% 100% BUY BACK + EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
9990032798, 9990032657

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

## स्कूलों में नहीं हुआ गाइडलाइन का पालन तो फैला कोरोना

### ज्यादातर अध्यापकों-बच्चों ने नहीं देखी सोनीपत और करनाल में बनी वीडियो, प्रदेश के स्कूलों में डेढ़ लाख से पार हो चुकी थी हाजिरी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार द्वारा प्रदेश में स्कूल खोलने से पहले कोरोना को लेकर जारी की गई तमाम गाइडलाइन और प्रैक्टिकल प्रयास विफल साबित हो गए। प्रदेश के स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति तो डेढ लाख से पार हो चुकी थी, लेकिन कोरोना गाइडलाइन के पालन की तरफ किसी का ध्यान नहीं था। परिणाम स्वरूप प्रदेश के 11 जिलों के स्कूलों में कोरोना दस्तक दे चुका है। स्कूलों में कोरोना फैलने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए हैं।

प्रदेश के प्रभावित जिलो से मंगवाई गई रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी रणनीति तैयार की जा रही है। हरियाणा सरकार द्वारा लॉकडाउन के कारण बंद हुए स्कूल खोलने से पहले करनाल-सोनीपत जिलों में दो स्कूलों को ट्रायल के तौर पर खोलकर बकायदा वहां के बच्चों के लिए कक्षाएं आयोजित वीडियो फिल्म तैयार की थी। इस वीडियो फिल्म को प्रदेश के सभी स्कूली अध्यापकों को भेजकर आगे विद्यार्थियों को दिखाने के निर्देश जारी किए गए थे। प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल खोलने से पहले कई बार गाइडलाइन जारी की गई। जिसका पालन नहीं हुआ और स्कूलों में कोरोना की एंट्री हो गई।

शिक्षा विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में दो नवंबर से 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को बुलाया गया। पहले दिन जहां 75 हजार 683 विद्यार्थी आए वहीं छह नवंबर को इनकी संख्या बढ़कर एक लाख 26 हजार 56 तक पहुंच गई। 18 नवंबर को प्रदेश के स्कूलों में एक लाख 56 हजार 342 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। विद्यार्थियों की इस उपस्थिति के साथ-साथ कोरोना पॉजिटिव की संख्या भी बढ़ रही थी। जिसके चलते सरकार ने शुक्रवार से दोबारा स्कूल बंद कर दिए हैं।

सभी जिलों के स्कूलों से कोरोना पॉजिटिव केसों की रिपोर्ट मंगवाई गई है। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारियों तथा खंड शिक्षा अधिकारियों से भी पूछा गया है कि कोरोना संक्रमित स्कूलों में गाइडलाइन के पालन को लेकर क्या स्थिति रही है। बहरहाल स्कूल बंद कर दिए गए हैं। अब नए सिरे से गाइडलाइन तैयार करके स्कूल खोले जाएंगे।
**कंवर पाल,** शिक्षा मंत्री हरियाणा



### कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करवाएगी सरकार

प्रदेश में कोरोना रोगियों की संख्या में अचानक वृद्धि होने के बाद प्रदेश सरकार सतर्क हो गई है। प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज ने राज्य के सभी एंट्री प्वाइंटों पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच करने तथा मास्क नहीं पहनने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। हरियाणा में पिछले करीब एक सप्ताह से कोरोना रोगियों की संख्या अचानक वृद्धि हुई है। इसे लेकर विज ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस आयुक्तों के साथ बातचीत की। विज ने सभी उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों से प्रत्येक शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में मास्क नहीं पहनने वालों के चालान करने के लिए विशेष टीमों का गठन करने के निर्देश दिए हैं।

## बीपी, शुगर, किडनी रोगियों पर भी होगा कोवैक्सीन का ट्रायल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में पहले व दूसरे चरण में हुए कोरोना वैक्सीन ट्रायल को 93 फीसदी से अधिक सफलता मिली है। यही कारण है कि तीसरे चरण में होने वाले ट्रायल में सामान्य लोगों के अलावा शुगर, बीपी और किडनी रोगियों को भी शामिल किया जाएगा और इस ट्रायल में आयु सीमा को लेकर तय शर्त को हटा दिया गया है।

पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ सांइस रोहतक के वाइस चांसलर प्रो. ओपी कालरा ने बताया कि तीसरे चरण में ट्रायल में 30 फीसदी लोग ऐसे होंगे, जिन्हें पहले कई तरह की बीमारियां रही हैं। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार इस ट्रायल में 600 के करीब लोगों को शामिल करने का लक्ष्य है, लेकिन करीब एक हजार लोगों के इस ट्रायल में शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में कोरोना वैक्सीन का पहले चरण का ट्रायल 17 जुलाई को शुरू हुआ था। अब करीब साढ़े चार माह बाद उन लोगों के सैम्पल लिए जा रहे हैं, जिनकी बॉडी पर ट्रायल हुआ था।



प्रो. ओपी कालरा

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.05°C
न्यूनतम 12.09°C

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में देश का पहला मॉस गार्डन तैयार

**देहरादून।** नैनीताल जिले के खुर्पाताल में भारत का पहला मॉस गार्डन विकसित किया गया है। मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि इस गार्डन को उत्तराखंड वन विभाग की अनुसंधान सलाहकार समिति द्वारा सीएएमपीए योजना के तहत पिछले साल जुलाई में मंजूरी दी गई थी। देश के पहले मॉस गार्डन का उद्घाटन शुक्रवार को प्रसिद्ध जल संरक्षण कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह ने किया।

### भारतवंशी माला बनीं बिडेन की पत्नी की सलाहकार



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राजनीति में भारतीयों का दबदबा बढ़ता ही जा रहा है। भारतीय मूल की अमेरिकी माला अडिगा को जिल बिडेन की नीति निदेशक नियुक्त किया गया है। जिल बिडेन अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बिडेन की पत्नी हैं। अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस भी भारतीय मूल की हैं।

### द्रमुक के पूर्व सांसद केपी रामलिंगम भाजपा में शामिल

**चेन्नई।** द्रमुक के पूर्व सांसद केपी रामलिंगम शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह इस द्रविड़ दल से निष्कासित किए गए नेता एम के अलागिरि को भगवा पार्टी से जुड़ने के लिए राजी करने का प्रयास करेंगे। रामलिंगम भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह की चेन्नई यात्रा से पूर्व पार्टी कार्यालय में तमिलनाडु के पार्टी मामलों के प्रभारी एवं पार्टी महासचिव सीटी रवि और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एल मुरुगन की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

### भारत से 100 साल पहले चुराई मूर्ति लौटा रहा कनाडा

**टोरंटो।** कनाडा के एक विश्वविद्यालय ने भारत से करीब 100 साल पहले चुराई गई मूर्ति को वापस करने का निर्णय लिया है। विवि ऐतिहासिक गलतियों को सही करने और उपनिवेशवाद की अप्रिय विरासत से उबरने की कोशिश के तहत 18वीं सदी की हिंदू देवी अन्नपूर्णा की अनोखी मूर्ति भारत को लौटाएगा। यह मूर्ति ब्रिटेन के पत्रकार और इतिहासकार नोर्मान मैकेंजी की 1936 की मूल वसीयत का भाग है और अभी रेजिना विश्वविद्यालय के संग्रह का हिस्सा है।

### कोरोना मीटर

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 57,726,802 |
| मौतें | 1,374,985 |
| ठीक | 37,001,897 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 90,70,666 |
| मौतें | 132,943 |
| ठीक | 84,97,471 |

स्रोत: www.covid19india.org

### नगरोटा मुठभेड़: हमले की साजिश को लेकर लगाई कड़ी फटकार

# पाकिस्तान अपनी सरजमीं से आतंकी गतिविधि बंद करे: भारत

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**नगरोटा** मुठभेड़ के दो दिन बाद भारत ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की नापाक हरकतों के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार सुबह नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान के उच्चायुक्त को तलब कर कड़ी फटकार लगाई। सूत्रों के अनुसार सरकार ने उन्हें स्पष्ट रूप से चेताया कि पाकिस्तान अपनी सरजमीं से चलने वाली आतंकी गतिविधियों को बंद करे। सरकार ने कहा कि पाकिस्तान की जमीन से भारत के खिलाफ आतंकी साजिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर ऐसी कोशिश आगे होती है तो भारत जवाबी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि भारत में 26/11 जैसे आतंकी हमले को अंजाम देने आए जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकियों को सुरक्षाबलों ने जम्मू कश्मीर के नगरोटा में गुरुवार को हुई मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। मुठभेड़ के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। आतंकियों की 26/11 की तरह देश दहलाने की साजिश थी। इसे लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव और शीर्ष खुफिया प्रतिष्ठानों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक से यह बात निकलकर आई कि आतंकवादी 26/11 मुंबई आतंकी हमले की बरसी पर देश को एक बार फिर दहलाने की साजिश रच रहे थे।



### पाक के हैंडलर से संदेश मिल रहे थे

जम्मू-कश्मीर के नगरोटा में 19 नवंबर को हुए एनकाउंटर में जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकी मारे गए थे। मारे गए आतंकी पाकिस्तान में बैठे हैंडलर से चैट कर रहे थे। वहीं से इन्हें निर्देश दिए जा रहे थे। आतंकियों के मोबाइल फोन की पड़ताल से यह खुलासा हुआ है। इससे पहले, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के पास से पाकिस्तान में बने MPD-2505 मॉडल के मोबाइल हैंडसेट बरामद किए। इनमें पाकिस्तान के सिम कार्ड हैं। बरामद मोबाइल हैंडसेट एंड्रॉयड फोन नहीं हैं। खास बात यह है कि इनमें की-एप भी नहीं है। इनमें केवल टेक्स्ट मैसेज से की गई चैट मौजूद है।

### जीपीएस डिवाइस से पर्दाफाश

आतंकियों के साथ मुठभेड़ इत्तेफाक से नहीं हुई थी। यह खुफिया सूचना आधारित ऑपरेशन था। सुरक्षाबलों का मानना है कि सीमापार से आए आतंकी एक बड़े हमले को अंजाम देने वाले थे। इस घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) डिवाइस के शुरुआती आंकड़ों से और चारों आतंकवादियों के पास मिले मोबाइल फोन से पता चलता है कि वे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के ऑपरेशनल कमांडर मुफ्ती रऊफ असगर और कारी जरार के संपर्क में थे। इनका मकसद कश्मीर घाटी में बड़ा हमला करना था।

**वैश्विक आतंकी है मसूद अजहर:** मुफ्ती असगर जेईएम प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित वैश्विक आतंकी मसूद अजहर का छोटा भाई है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को गृहमंत्री अमित शाह, विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला और दो खुफिया प्रमुखों की उपस्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पूरे ऑपरेशन के बारे में बताया।

### भाजपा नेताओं के परिवार के सदस्यों ने भी दूसरे धर्म में शादी की हैं

## क्या यह 'लव जिहाद' है: भूपेश बघेल

**एजेंसी।** रायपुर

देश में 'लव जिहाद' का मुद्दा अभी काफी सुर्खियों में है। भाजपा जहां इस पर कानून बनाने के पक्ष में दिख रही है, वहीं कांग्रेस इसका विरोध करती नजर आ रही है। अब इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कई भाजपा नेताओं के परिवार के सदस्यों ने भी दूसरे धर्म में शादी की है। मैं भाजपा नेताओं से पूछता हूं कि क्या ये विवाह 'लव जिहाद' की परिभाषा में आते हैं ?

बघेल से पहले राजस्थान सीएम अशोक गहलोत ने शुक्रवार को भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा था कि 'लव-जिहाद' भाजपा का देश को बांटने के लिए बनाया गया एक शब्द है। गहलोत ने कहा, 'शादी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला है और इसे रोकने के लिए एक कानून लाना पूरी तरह से असंवैधानिक है।' बता दें कि भाजपा शासित राज्य मध्यप्रदेश में जहां लव जिहाद को लेकर कानून का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। वहीं उत्तर प्रदेश भी जल्द इसे लेकर कानून लाने वाला है। हरियाणा, कर्नाटक के बाद अब भाजपा अपनी गठबंधन सरकार वाले राज्य बिहार में भी लव जिहाद कानून बनाना चाहती है।



**लव जिहाद पर कानून बनाने के पक्ष में दिख रही है भाजपा सरकार**

**एमपी में लव जिहाद को लेकर कानून का तैयार हो चुका है ड्राफ्ट**

### बिहार सरकार भी दे इस पर ध्यान: गिरिराज सिंह



लव जिहाद को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि 'लव जिहाद' आज सामाजिक समरसता के लिए एक तरह से कैंसर हो गया है। अब कई राज्य इसके लिए कानून बनाने की मुहिम में लग गए हैं। बिहार को भी इसको सांप्रदायिकता का नाम न देकर सामाजिक समरसता के लिए लव जिहाद पर काम करने की जरूरत है।

### सीबीएसई ने जारी की 12वीं प्रैक्टिकल परीक्षा की डेट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शनिवार को 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा की तिथि जारी कर दी। सीबीएसई 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम 1 जनवरी से 8 फरवरी तक होंगे। सीबीएसई ने कहा है कि यह तिथि संभावित है। सही तिथि की सूचना बाद में अलग से दी जाएगी। बोर्ड ने परीक्षा के आयोजन को लेकर एक एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) भी जारी की है। बोर्ड ने कहा है कि प्रैक्टिकल एग्जाम के लिए स्कूलों को अलग-अलग तिथि भेजी जाएगी।

### पंजाब सीएम संग वार्ता में किसान संगठनों का फैसला

## 15 दिन के लिए सभी ट्रेनों के लिए खोला रेल ट्रैक

**एजेंसी।** चंडीगढ़

**तकरीबन** डेढ़ माह से किसानों का आंदोलन पंजाब में जारी है। शनिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने किसान संगठनों से मुलाकात की और राज्य में सभी ट्रेनों के संचालन का मुद्दा उठाया। इस पर किसान संगठनों ने 23 नवंबर से सभी ट्रेनों के लिए 15 दिन तक ट्रैक खाली करने पर सहमति जताई है।

बैठक में ट्रेनें के संचालन ठप होने से पंजाब को हो रहे नुकसान का भी मुख्यमंत्री ने हवाला दिया। यह बैठक लगभग एक घंटे तक चली। हालांकि इस दौरान किसान संगठनों ने कहा कि केंद्र सरकार को इन 15 दिनों में खुली वार्ता करनी होगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो 15 दिन बाद किसान संगठन अपना आंदोलन फिर शुरू कर देंगे। वहीं किसानों के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो आंदोलन' में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पंजाब के किसान 26 नवंबर को दिल्ली कूच करेंगे।



किसान यूनियनों के साथ एक सार्थक बैठक हुई। यह साझा करते हुए खुशी है कि 23 नवंबर की रात से किसान संगठनों ने 15 दिनों के लिए ट्रैक खोलने का निर्णय लिया है। मैं इस कदम का स्वागत करता हूं, क्योंकि यह हमारी अर्थव्यवस्था को सामान्य स्थिति में लाएगा। मैं केंद्र सरकार से पंजाब में रेल सेवाओं को फिर से शुरू करने का आग्रह करता हूं।
**कैप्टन अमरिंदर सिंह,** मुख्यमंत्री

### ड्रग्स मामला: मशहूर कॉमेडियन भारती के घर से मिला गांजा, हिरासत में



**मुंबई।** मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में भारती और उनके पति हर्ष ने गांजा लेने की बात कुबूल कर ली है। हर्ष से पूछताछ जारी है और उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सकता है। भारती के प्रोडक्शन ऑफिस और घर से 86.5 ग्राम गांजा भी बरामद किया गया है। भारती को रविवार को कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

### मसूरी स्थित सिविल सेवा प्रशिक्षण अकादमी में 57 प्रशिक्षु अधिकारी कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली।** मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी (एलबीएसएनएए) में सिविल सेवा के 57 प्रशिक्षु अधिकारी कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। इसके बाद अधिकारियों ने सभी गैर-आवश्यक विभागों को वहां बंद कर दिया है। कार्मिक मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि अकादमी कोरोना संक्रमण के प्रसार की श्रृंखला तोड़ने के लिए देहरादून जिला प्रशासन और गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार हर संभव उपाय कर रहा है।

### देश में 13 करोड़ के पार पहुंचा कोविड-19 जांच का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि देश में कोरोना टेस्टिंग की रफ्तार तेज हो रही है। जांच का आंकड़ा 13 करोड़ को पार कर गया है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 10 दिनों में जांच आई तेजी के चलते देश में टेस्टिंग का आंकड़ा 13.06 करोड़ पहुंच गया है। परिषद ने बताया कि 20 नवंबर तक कोरोना की कुल 10,66,022 जांच हो चुकी थीं।

## पुलवामा में जैश के दो आतंकवादी गिरफ्तार

**एजेंसी।** श्रीनगर

**पुलवामा** जिले में जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े दो आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि वागड़ त्राल के बिलाल अहमद चोपन और चतलम पंपोर के मुरसलीन बशीर शेख को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया, दोनों को दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपोरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। जांच के अनुसार जिले के पंपोर और त्राल इलाकों में वे आतंकियों को हथियार तथा गोला-बारूद के अलावा सामान और आश्रय मुहैया कराते थे। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजौरी, कठुआ में पाक गोलीबारी, जवान शहीद



**पाकिस्तान** ने शनिवार को राजौरी जिले के नौशहरा इलाके में सीमापार से फायरिंग की। बाद में गोले भी बरसाए। फायरिंग की चपेट में आकर भारतीय सेना का एक हवलदार संग्राम पाटिल की मौत हो गई। वह महाराष्ट्र के रहने वाले थे, जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस तरफ से भी फायरिंग का कड़ा जवाब दिया गया। काफी देर तक दोनों तरफ से फायरिंग होती रही।

## जनवरी तक पूरी होगी हरियाणा की ड्रोन मैपिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रदेश** सरकार 'हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग परियोजना' और 'स्वामित्व योजना' के तहत प्रदेश में किए जा रहे ड्रोन फ्लाइंग कार्य को जनवरी 2021 तक पूरा कर लेगी और मार्च, 2021 तक फीचर एक्सट्रेक्शन कार्य को भी अंतिम रूप दे दिया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में भारत के महासर्वेक्षक लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार और राज्य के सभी जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित 'हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग परियोजना' और 'स्वामित्व योजना' की समीक्षा बैठक के दौरान दी गई।

मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक रेवेन्यू एस्टेट में निजी, सार्वजनिक, कृषि और निवास क्षेत्र इत्यादि को वर्गीकृत करते हुए उस रेवेन्यू एस्टेट की कुल भूमि का डाटा एकत्र किया जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि अतिरिक्त उपायुक्तों को नोडल अधिकारी नियुक्त करें, ताकि इस परियोजना से संबंधित कार्यों में तेजी लाई जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जिन जिलों में अभी तक काम पूरा नहीं हुआ है, वहां ड्रोन और सर्वेक्षण करने वाली टीमों की संख्या दोगुनी कर कार्य को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गुरुग्राम, चरखी दादरी, फरीदाबाद, करनाल, झज्जर, भिवानी और रोहतक में लंबित जमाबंदियों को जल्द ऑनलाइन किया जाए। भारत के महासर्वेक्षक लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि परियोजना के लक्ष्यों को सुचारू और त्वरित रूप से क्रियान्वित करने के लिए लाइन मार्किंग के साथ-साथ ड्रोन फ्लाइंग, निरीक्षणों और फीचर एक्सट्रेक्शन के साप्ताहिक लक्ष्य दिए जा रहे हैं।



**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ली अधिकारियों की बैठक**

### 18 जिलों में ड्रोन टीमों की हुई है प्रतिनियुक्ति

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, चरखी दादरी और रोहतक सहित कुछ जिलों में 'स्वामित्व योजना' के तहत शत-प्रतिशत कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि करनाल के चित्र लेने के लिए 360 कैमरों की नई तकनीक का प्रयोग किया गया है। मैपिंग पूरी हो जाने के बाद ये फोटो मानचित्रों के साथ एकीकृत किए जाएंगे और यह कार्य 10 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। वर्तमान में 18 जिलों में ड्रोन टीमों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्त आयुक्त संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी.उमाशंकर, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव अमित कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, रविवार, 22 नवंबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## मरीजों के प्रति समर्पण ने दिलाई डॉ. नीरज जैन को अहम जिम्मेदारी

*यदि मन में कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो और लगन के साथ मेहनत की जाए तो दुनिया में कोई भी काम मुश्किल नहीं होता। इसी लगन, मेहनत और मरीजों के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए मेट्रो अस्पताल समूह के चेयरमैन एवं पदम भूषण डॉ. पुरूषोत्तम लाल ने हाल ही में सेक्टर 16 स्थित मेट्रो अस्पताल के कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. नीरज जैन को अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ. जैन पिछले करीब 17 वर्षों इस अस्पताल में पूरी तन्मयता के साथ हृदय रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज कर रहे हैं। डॉ. नीरज जैन बताते हैं कि उनके माता-पिता उन्हें डाक्टर बनाने का सपना देखते थे। माता-पिता के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने पूरी लगन साथ तैयारी की। शहर के साथ देश के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञों के बीच अपनी खास जगह बनाने में कामयाब हुए। डॉ. नीरज जैन लगातार एक कोरोना योद्धा के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।* ***पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. नीरज जैन की बातचीत के खास अंश :-***



**सवाल : आपने डाक्टर का पेशा किसकी प्रेरणा से अपनाया।**
**जवाब** : मेरे पिता केसी जैन और माता विजया जैन मुझे शुरू से ही डाक्टर बनाना चाहते थे। ऐसे में माता-पिता के सपने को साकार करने के मैंने शुरू से डाक्टर बनने की तैयारी शुरू कर दी थी।

**सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**
**जवाब** : स्कूल कॉलेज के दौरान मुझे क्रिकेट खेलने का काफी शौक था। मैं टीम में शामिल रहता था। इसके अलावा मैंने कॉलेज में थियेटर के कार्यक्रमों में भी काफी हिस्सा लिया है।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरूआत कैसे की।**
**जवाब** : मैं बार-बार जॉब बदलने में विश्वास नहीं रखता। एमडी मेडिसिन करने के बाद मैने दिल्ली स्थित मल्होत्रा हार्ट सेंटर अस्पताल ज्वाइन किया था। लेकिन एक साल बाद ही मेरा चयन डीएम कॉर्डियोलॉजी के लिए हो गया। जिसके कारण मैं नौकरी छोड़कर कानपुर चला गया। कोर्स पूरा करने के बाद मैंने दोबारा वहीं अस्पताल ज्वाइन कर लिया।

**सवाल : मेट्रो अस्पताल में आपने कब ज्वाइन किया।**
**जवाब** : मल्होत्रा हार्ट सेंटर को मेट्रो अस्पताल समूह के चेयरमैन डॉ. पुरूषोत्तम लाल ने टेकओवर कर लिया था। वर्ष 2004 में फरीदाबाद के सनफ्लैग अस्पताल के बेसमेट में मेट्रो समूह का छोटा सा अस्पताल चल रहा था। डॉ. लाल ने मुझे इस सेंटर पर भेज दिया। जिसके बाद से मैं लगातार मेट्रो अस्पताल में ही कार्यरत हूं।

**सवाल : एमडी की नई जिम्मेदारी मिलने के बाद आप यहां क्या नया करने जा रहे हैं।**
**जवाब** : अस्पताल में पहले से ही बेहतरीन सुविधा मौजूद हैं, छोटी-मोटी कमियां हैं, जिन्हें जल्दी ही दूर किया जाएगा। अस्पताल में जल्दी ही कैंसर रोग विशेषज्ञ, रक्त विकार विशेषज्ञ और अन्य विशेषज्ञ डाक्टरों को लाया जा रहा है। हमें मरीजों में एक भरोसा पैदा करना हैं, वहीं हमारी मेहनत का फल होगा।

**सवाल : नई जिम्मेदारियों के साथ मिली चुनौतियों को आप कैसे दूर करेंगे।**
**जवाब** : यह बात ठीक है कि अब तक मैं एक डाक्टर की जिम्मेदारी निभा रहा था। अब मुझे इसके साथ ही प्रशासनिक जिम्मेदारी भी निभानी है। मैं अस्पताल की



हर चीज से अच्छी तरह वाकिफ हूं। इसलिए चुनौतियां को दूर करना कोई मुश्किल नहीं होगा। कोरोना के मरीजों के इलाज में जुटे डाक्टर और स्टाफ बिना छुट्टी के लगातार काम कर रहा है। इन कोरोना योद्धाओं को आराम देने की योजना तैयार करना एक चुनौती ही है।

**सवाल : मेट्रो का कैंसर अस्पताल कब तक तैयार होगा और यहां किस तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।**
**जवाब** : कैंसर अस्पताल के भवन निर्माण का रूका हुआ काम एक सप्ताह के भीतर फिर शुरू हो जाएगा। जिसके बाद अस्पताल को तैयार होने में ज्यादा देर नहीं लगेगी। चार एकड़ जमीन पर बनने वाले कैंसर अस्पताल में विश्व स्तरीय इलाज की सुविधाएं मौजूद होंगी।

**सवाल : फरीदाबाद जिले में कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ने के क्या कारण हो सकते हैं।**
**जवाब** : फरीदाबाद में कैंसर के बढ़ने का सबसे बढ़ा कारण प्रदूषण है। इसके अलावा गलत खान-पान और रसायन भी कैंसर के बढ़ने के कारण है। हम जीवनशैली में बदलाव कर कैंसर के खतरे को काम कर सकते हैं। फरीदाबाद में ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां काफी संख्या में कैंसर के मरीज सामने आ रहे हैं। प्रशासन को इन स्थानों की पहचान कर जागरूकता अभियान चलाना होगा। इस काम में हम भी प्रशासन की मदद कर सकते हैं।

**सवाल : शहर में हृदय रोगियों की संख्या काफी बढ़ रही है। क्या कारण है कि अब कम उम्र के लोग भी हार्ट अटैंक का शिकार हो रहे हैं।**
**जवाब** : पहले 50 से 60 साल के बीच लोग हृदय रोगों का शिकार हो रहे थे, लेकिन अब 40 से 50 साल के बीच के लोग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। यह काफी चिंताजनक है। हृदय रोगों का प्रमुख कारण शुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने और अन्य कारण है। यह बीमारियां धूम्रपान और गलत जीवनशैली के कारण पनपती हैं। हम जीवनशैली में बदलाव करके और व्यायाम करके इसके खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

**सवाल : क्या हृदय रोगियों के लिए कोरोना खतरनाक साबित हो सकता है।**
**जवाब** : शुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल, हृदय एवं किडनी रोग बीमारियों का एक समूह है। इन बीमारियों के शिकार लोगों के लिए कोरोना वायरस खतरनाक है। इसलिए कोरोना से बचने के लिए इस तरह के लोगों को विशेष एहतियात बरतने की जरूरत होती है।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे बच सकते हैं।**
**जवाब** : सबसे पहले हमें अपनी इम्युनिटी पावर को बढ़ाने की जरूरत है। इसके अलावा हमें सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का उपयोग और स्वच्छता के नियम का दृड़ता के साथ पालन करना होगा।

**सवाल : कोरोना वायरस को लेकर कई तरह के भ्रम हैं। क्या कोरोना पीड़ित का घर रहना अथवा अस्पताल में दाखिल होना जरूरी होता है।**
जवाब : कोरोना को लेकर किसी तरह की दहशत में नहीं आना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति कोरोना प्रभावित हो भी जाए तो घबराने की जरूरत नहीं हैं।

और पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को ज्यादा एहतियात बरतना चाहिए। ऑक्सीजन लेबल चेक करते रहना चाहिए। डाक्टर की सलाह पर ही इलाज करवाना चाहिए।

**सवाल : क्या सर्दी में कोरोना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता हैं।**
**जवाब** : सर्दी में होने वाले इंफेक्शन, वायरल काफी लोगों को होता है। लेकिन यह इंफेक्शन एक दूसरे से फैलते नहीं है। जबकि कोरोना तेजी के साथ फैलता है। एक व्यक्ति को कोरोना होने पर पूरे परिवार के शिकार होने की सम्भावना होती हैं। सर्दी में यह वायरस ज्यादा समय तक सुरक्षित रहता है।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपके संस्थान ने किस तरह से लोगों की मदद की।**
**जवाब** : लॉकडाउन के दौरान हम मरीजों को निशुल्क टेलि मेडिसिन की सुविधा उपलब्ध करवा रहे थे। अस्पताल के सभी डाक्टर व कर्मचारी लगातार अपना काम कर रहे थे। इस दौरान अस्पताल की तरफ से कई के जागरूकता शिविरों का आयोजन भी किया गया था।

**सवाल : कोरोनाकाल में मरीज अस्पताल आने से डर रहे हैं। मरीजों का डर दूर करने और उनकी सुविधा के लिए मेट्रो अस्पताल में किस तरह की व्यवस्था है।**
**जवाब** : कोरोनाकाल में मरीजों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया है। कोरोना से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पताल के अलग फ्लोर पर व्यवस्था की गई हैं। कोरोना मरीजों के लिए आईसीयू, वार्ड, जांच उपकरण, डाक्टर व स्टाफ और आने जाने के लिए अलग रास्ते की व्यवस्था है। इसी तरह अन्य मरीजों की सुरक्षा के लिए भी पूरी तरह अलग व्यवस्था की गई है।

### जीवन परिचय

| | |
|---|---|
| **नाम** | : डॉ. नीरज जैन |
| **जन्मदिन** | : 29 दिसंबर 1971 |
| **पिता** | : केसी जैन |
| **माता** | : विजया जैन |
| **पत्नी** | : रितु जैन |
| **परिवार** | : बेटा ऋषि व बेटी देशना |
| **स्कूल** | : 12वीं - केंद्रीय विद्यालय, ग्वालियर |
| **उच्चशिक्षा** | : एमबीबीएस (ग्वालियर मेडिकल कॉलेज), एमडी मेडिसिन (जबलपुर मेडिकल कॉलेज), डीएम कॉर्डियोलॉजी (कानपुर मेडिकल कॉलेज) |
| **रूचि** | : पहाड़ों की यात्रा |

### संक्षिप्त समाचार

#### वैली आफ वर्ड्स का किया आयोजन




**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली फरीदाबाद में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला द्वारा आयोजित दो दिवसीय साहित्यिक उत्सव 'वैली ऑफ वर्ड्स' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस साहित्यिक उत्सव में महाविद्यालय की अधिकांश छात्राओं ने कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। 20 नवंबर को छात्राओं ने वरिष्ठ वक्ताओं द्वारा 'प्राचीन मूल्य आधुनिक जीवन पर चर्चा' की तथा अपने प्रश्न पूछे। 21 नवंबर को कोविड-19 'इंपैक्ट ऑन पब्लिक हेल्थ एंड सोसायटी इश्यूजं पर विशेषयज्ञों द्वारा छात्राओं को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने तथा सावधानियां अपनाने की सलाह दी। इससे पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुनिधि ने छात्राओं को संबोधित कर वर्तमान समय में सचेत रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या जी ने कार्यक्रम के अंत में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को इस कार्यक्रम की अपार सफलता के लिए धन्यवाद किया। छात्राओं को विशेष बल देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु बिना संकोच के प्राचार्या व स्टाफ सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

#### वूमेन पावर की दूसरी शाखा का हुआ उद्घाटन



**फरीदाबाद।** वूमेंस पावर ने अपनी दूसरी शाखा गुरुग्राम में शनिवार को स्थापित की है। वूमेंस पावर की प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली ने इसका उद्घाटन किया। दूसरी शाखा की रीजनल हेड मोनिका चौहान को बनाया और उन्हें गुरुग्राम टीम की जिम्मेदारी दी। इस मौके पर चांदनी आजाद अली ने अपनी पूरी टीम के साथ वूमेन पावर के प्रोजेक्ट सेनेटरी पैड अभियान को शुरू करते हुए गुरुग्राम के स्लम एरियाज में सेनेटरी पैड बांट कर शुभारंभ किया। जहां फरीदाबाद के सभी वूमेन पावर टीम मेंबर मौजूद रहे। जिसमें प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली, वाइस प्रेसिडेंट रूपा बरनवाल, डिप्टी सेक्रेटरी शकुन तोमर, कोषाध्यक्ष सुमन भार्गव, मार्केटिंग हेड डॉली कपूर, रिधिमा पाराशर, प्रियंका शर्मा, सैयद महविश परवीन, अपरा तोमर मौजूद रहे गुरुग्राम टीम से रीजनल हेड मोनिका चौहान, आरती, रोशनी, हिरामनी, मोनी, पायल, प्रीति, अर्चना, सिमरन, नीलम, प्राची, सभी मौजूद रहे।

#### राष्ट्रीय ऑनलाइन पावर प्वाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में बीबीए संकाय द्वारा ''राष्ट्रीय ऑनलाइन पावर पाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता रिसर्च पाइंट 2020'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के 10 राज्यों हरियाणा, दिल्ली, तमिलनाडु, पंजाब, असम, तेलांगना, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के 50 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य विद्यार्थियों के विचारों की अभिव्यक्ति एवं प्रस्तुति कौशल को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या महोदया डॉ. सविता भगत रही। जिन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में डॉ. वीरेन्द्र भसीन एवं सोनिया भाटिया निर्णायक मंडल में षामिल रहें। इस प्रतियोगिता में डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद (हरियाणा) के दीक्षा भाटी ने प्रथम, आईएमसीसी पुणे (महाराष्ट्र) के अदवित राजेन्द्रा ने द्वितीय स्थान एवं रामचन्द्र इंस्टीयूट ऑफ हायर एजूकेशन एंड रिसर्च, (तमिलनाडु) के भारती प्रियन ने और इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी गुरूग्रम (हरियाणा) के जॉनेथन जॉन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुकेश बंसल (कोर्डिनेटर, बीबीए) इस कार्यक्रम के समन्वयक, डॉ. सुरभि (डीन, बीबीए.) एवं अंकिता मोहिन्द्रा (विभागाध्यक्षिका, बीबीए) संयोजिका, रीता डागर एवं मीनाक्षी कौशिक आयोजन सचिव, डॉ. निशा, डॉ. रश्मि, स्नेहलता, तनूजा गर्ग, निशिका गर्ग आयोजन टीम के सदस्य रहे।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 24.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 09.02 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों की धरना प्रदर्शन: सुबह 11 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच शुरू: सुबह 10 बजे

### निवेश गुरु

#### निवेश के साधन

प्रत्येक निवेश के साधन की अपनी विशेषताएं और सीमायें हैं। यह समझना बहुत आवश्यक है कि कौन सा निवेश का साधन आपके लिये बेहतर है। उदाहरण के लिये यदि आप म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं तो यह जानना जरूरी है कि जिस म्यूचुअल फंड योजना में आप निवेश कर रहगे हैं वह किस तरह की इक्विटी में निवेश करती है? फंड हाउस कौन सा है? चार्जेस कितने हैं?

### यूटीलिटी न्यूज


#### कारगर है बीट सिस्टम

**फरीदाबाद।** पुलिस ने एक बार फिर अपने बीट सिस्टम को कारगर साबित किया है, फरीदाबाद पुलिस ने चंद ही घंटों में लापता छह वर्षीय बच्ची को ढूंढकर उसके स्वजनों के हवाले किया है। छह वर्षीय बच्ची को वापस पाकर स्वजनों के चेहरे खिल उठे। बीट अधिकारियों को शाम को लगभग 6:30 बजे सूचना मिली कि भारत कॉलोनी रोड पर एक छोटी बच्ची रोती हुई घूम रही है मौके पर मुख्य सिपाही अजीत एवं मुख्य सिपाही मुकेश गए और बच्ची की फोटो खींचकर थाना क्षेत्र के बीच व्हाट्सएप ग्रुप में डाली और गाड़ी से अनाउंस किया। बीट अधिकारियों ने 6 वर्षीय बच्ची की फोटो सहित सारी जानकारी पुलिस संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में भेज दी और उनको ढूंढने में सह-पुलिसकर्मियों की मदद मांगी। जिसके पश्चात फोटो देखकर सहपुलिसकर्मियों ने बच्ची के माता-पिता को ढूंढ लिया और सही सलामत 6 वर्षीय बच्ची को परिवारजनों के हवाले कर दिया।

## दिल्ली में जिले के ब्लैक बेल्ट विजेताओं को मिला सम्मान

### जिले के सेक्टर-17 बूडोकॉन कराटे डू जो सेंटर में किया गया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पिछले** दिनों दिल्ली सरिता विहार के शांति भवन के निकट हुई कराटे प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शनिवार को जिले के सेक्टर-17 बूडोकॉन कराटे डू जो सेंटर में सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय भी दिया।

जानकारी के मुताबिक सात नवंबर को शांति भवन में कराटे प्रतियोगिता आयोजित हुई थी, जिसमें फरीदाबाद के भी काफी खिलाड़ियों ने भाग लिया था। यह प्रतियोगिता लिखित व प्रैक्टिकल हुई थी। ब्लैक बेल्ट के लिए लिखित परीक्षा भी देनी होती है। इस प्रतियोगिता में ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाली काव्या राजपूत, आन्या सक्सेना, साक्षी रावत, अनमोल गुप्ता व आदित्य कुमार शामिल हैं।

वहीं दूसरी ओर इस मौके पर खिलाड़ियों ने कराटे में अपनी प्रतिभा दिखाई। टाइल्स बेक्रिंग इवेंट का भी खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। इस इवेंट में खिलाड़ियों को आग लगने के दौरान साहस दिखाने के बारे में प्रोत्साहित किया जाता है। इस दौरान छोटी जगह में आग लगाकर खिलाड़ी उसे हाथों से किस तरह बूझाते हैं, उस बारे में खिलाड़ियों ने हुनर दिखाया।

इन सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस बारे में ट्रेनर गणेश राजपूत ने बताया कि वहीं 5 साल की उम्र में शानदार प्रदर्शन करने पर समय राजपूत और सात साल की तानी शर्मा को सम्मानित किया गया। तानी शर्मा ने एक मिनट में 148 साइट स्टैप्स लगाए, वहीं समय राजपूत ने एक मिनट में 150 किक लगाई। इसके चलते दोनों का इंडिया बुक ऑफ रेकार्ड में नाम दर्ज हुआ।

### मंदिर में चोरी का मामला दर्ज नहीं किया

**फरीदाबाद।** बीपीटीपी थाना क्षेत्र स्थित एक मंदिर का ताला तोड़कर चोर गुल्लक चोरी कर ले गए। गुल्लक में 50 से 60 हजार रुपये की राशि बताई जा रही है। मंदिर प्रबंधन का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है। मंदिर के पुजारी मामला दर्ज करवाने के लिए कई बार थाने में जा चुके हैं।

मंदिर के पंडित नीरज ने बताया कि सेक्टर-75 गोल्डन गेट के नजदीक स्थित हनुमान मंदिर में चार-पांच दिन पहले चोरों ने ताला तोड़कर वहां से गुल्लक चोरी कर ले गए। गुल्लक में करीब 50 से 60 हजार रुपये थे। घटना का पता चलने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बीपीटीपी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। इसके बावजूद अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। पंडित नीरज का आरोप है कि वे खुद कई बार थाने में जाकर शिकायत कर मामला दर्ज करवाने के लिए कह चुके हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही।



## छठ पूजा: उगते सूर्य को जल चढ़ाने में तोड़ दिए नियम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** प्रशासन के द्वारा जहां एक तरफ छठ घाटों पर पूजा करने की मनाही थी। वहीं दूसरी तरफ कालोनी, मोहल्लों में एक बार फिर कोरोना महामारी के सामने आस्था भारी पड़ती नजर आई। शनिवार सुबह उगते सूरज को अर्ध्य देने के लिए लोगों ने एकत्रित होकर कोरोना के सभी नियम-कायदे कानून को ताक पर रख दिया। शनिवार को ऐसा ही जीवन नगर, एयरफोर्स रोड इत्यादी जिले के कई स्थानों पर सुबह के समय देखा गया।

जानकारी के मुताबिक पूरे देशभर में श्रद्धालुओं द्वारा उगते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद छठ पूजा का शनिवार को समापन हो गया। जिला प्रशासन के सख्त आदेशों को देखते हुए वैसे तो शहर के ज्यादातर लोगों ने अपने घरों की छत पर तो कुछ लोगों ने घरों के बाहर कृत्रिम घाट बना कर छठ पूजा का समापन किया, लेकिन



शहर के कुछ हिस्सों में शनिवार की सुबह जिला प्रशासन के आदेशों की जमकर अनदेखी भी की गई।

जहां एकत्रित भीड़ के बीच कोरोना वायरस से बचाव के लिए बनाई गई गाइडलाइंस के नियमों की जमकर अनदेखी भी की गई। तस्वीरों में लोगों की जबरदस्त भीड़ के बीच उन्हें बिना मास्क लगाए और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाते हुए देखा जा सकता है। इस तरह का नजारा जीवन नगर कालोनी में देखने को मिला। हालांकि, इस दौरान कई लोगों ने घर में रहना बेहतर समझा और अस्थाई तौर पर बनाए गए कृत्रिम घाटों से उगते सूर्य को अर्ध्य दिया।

कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लागू प्रतिबंधों के बीच कुछ लोगों ने घरों में छठ पूजा संपन्न की। जिसमें लोगों ने अपनी छतों से ही छठ मनाई। लोग अपने घर की छतों पर खड़े होकर ही सूर्य को अर्ध्य देते नजर आए।



हालांकि सार्वजनिक छठ पूजा के लिए बनाए गए शहर के विभिन्न घाटों पर पुलिस बल तड़के ही तैनात हो गया था। ताकि लोगों की भीड़ वहां न पहुंच पाए। ऐसे में सेक्टर 52 समेत ज्यादा पुराने सार्वजनिक घाटों पर शनिवार सुबह छठ पूजा नहीं हो पाई।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएमएस ने की अनुबंधित कर्मचारी की मांगों को लेकर बैठक



**फरीदाबाद।** भारतीय मजदूर संघ फरीदाबाद के प्रतिनिधि मंडल ने बिजली विभाग के एसई के साथ बैठक में अनुबंधित कर्मचारियों संबंधित मांगों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। एसई अनिल यादव के सेक्टर-18 स्थित हरियाणा विधुत प्रसारण निगम लिमिटेड कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में महत्वपूर्ण विषयों को लेकर संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ और हरियाणा विधुत प्रसारण निगम लिमिटेड के मध्य हुई बैठक में मुख्यरूप से आउटसोर्स स्टॉफ संबंधित शिकायतों का निराकरण किया गया। इस मीटिंग में आउटसोर्स स्टाफ के भुगतान में होने वाली देरी, सेलरी स्लिप एवं पीएफ स्लिप नियमित रूप से उपलब्ध कराने, कर्मचारियों के पहचान पत्र जारी कराने, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, ईएसआई चिकित्सा सुविधा एवं चिकित्सा भत्ते की सुविधा, सरप्लस स्टॉफ के ट्रांसफर प्रणाली में गुणात्मक सुधार और सुरक्षा उपकरण एवं टूल्स किट्स उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख मांगों पर क्रमवार चर्चा हुई। उपरोक्त सभी मांगों को एसई अनिल यादव ने ध्यान से सुनने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को इनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए।

### आदेश के बाद भी खुले स्कूल

**फरीदाबाद।** सारन इलाके में सरकार के स्कूल बंद करने के आदेशों का उल्लंघन होता नजर आया। यहां स्कूल बंद करने के आदेशों के बावजूद कुछ स्कूल शनिवार को खुले रहे। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने 16 नवंबर के बाद स्कूल खोलने का निर्णय लिया था। महज 4-5 दिनों में ही राज्य के कई जिलों में लगभग 200 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों में कोरोना का संक्रमण पाया गया। इसलिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने 19 नवंबर को ही आदेश जारी किया कि निजी और सरकारी स्कूल 30 नवंबर तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। इसके बावजूद जवाहर कॉलोनी में सारन स्कूल रोड की गली नंबर 6 में शनिवार को एक स्कूल खुला पाया गया, जहां बच्चे भी पढ़ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इस इलाके में कई स्कूल खुले हैं। सरकारी आदेशों की अवहेलना करना निजी स्कूलों की पुरानी आदत हो गई। ऐसा इसलिए होता है कि स्कूल प्रबंधकों की शिक्षा विभाग के अधिकारियों से गहरी सांठगांठ होती है।

### किसानों के मुकदमे मुफ्त में लड़ेगी कांग्रेस की लीगल सेल

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित अधिवक्ता चेंबर इमारत में अधिवक्ताओं के एक समूह और जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें हरियाणा कांग्रेस की लीगल सेल के चेयरमैन अधिवक्ता लाल बहादुर खोवल मुख्य अतिथि थे। उनका फरीदाबाद पहुंचने पर अधिवक्ता विनोद यादव, विपिन यादव, बिजेंद्र यादव, कंवरभान यादव, महेश यादव, हरीश कुमार, अरुण नागर, राजेंद्र सिंह यादव, राजकुमार यादव, अनुज शर्मा, सर्वेश कौशिक, पराग शर्मा, वंदना, सिकंदर शर्मा, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विवेक उर्फ बॉबी रावत और पूर्व प्रधान संजीव चौधरी सहित कई सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में लीगल सेल चेयरमैन ने भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसान विरोधी कानून बनाए हैं। इन कानूनों से किसान दुखी हैं। विरोध करने पर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ मुकदमें दर्ज करवाए जा रहे हैं।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास

**फरीदाबाद।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर-11 स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 26 नवंबर को होने वाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। अत्तर सिंह जिला प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला सचिव गांधी सहरावत ने किया इस मौके पर यूनियन के पूर्व राज्य प्रधान एवं सीटू जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल और यूनियन के महासचिव कंवर लाल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में दोनों नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर जन विरोधी नीतियों को अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई से निर्मित सरकारी विभागों का धीरे धीरे निजीकरण किया जा रहा है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल वितरण के कार्यों को पंचायतों और नए जल घरों को 5 साल के लिए ठेकेदारों को मेंटेनेंस के नाम पर सौंपा जा रहा है। वर्ष 2005 तक विभाग में 22 हजार कर्मचारी था। अब सेवानिवृत्ति और अन्य कारणों से कर्मचारी की संख्या घटकर मात्र 12 हजार रह गई है। जबकि जल घरों का विस्तार हो रहा है नई पाइप लाइन डाली जा रही हैं ।

# कोरोना महामारी को बढ़ावा दे रही नगर निगम की लापरवाही

## स्मार्ट सिटी के बाटा पुल पार भरा हुआ है गंदा पानी

**कविता।** फरीदाबाद



कोरोना महामारी में जहां स्वच्छता को बढ़ावा देने का पाठ स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और नगर निगम के द्वारा लोगों को पढ़ाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम की लापरवाही से बाटा फ्लाईओवर के नीचे नर्क में जीवन जीने को मजबूर हो रहे है लोग। यहां पिछले करीब एक महीने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे यहां दुकानदार और आसपास के निवासियों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

जानकारी के मुताबिक बाटा फ्लाईओवर के नीचे राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर जाने वाली सड़क पर करीब एक महीने से नाले का पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर आ रहा है। पानी अब फ्लाईओवर के सामने मथुरा रोड तक पहुंच गया है। लेकिन इस ओर निगम के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियां हो रही है। कई बार इस पानी में लोग गिर चुके हैं, जिससे उन्हें चोटे भी लगी है।

**होगी परेशानी**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर भरा पानी धीरे-धीरे मथुरा रोड पर पहुंच रहा है। अगर अभी भी नगर निगम के कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया तो मथुरा रोड पर सीवरेज का यह पानी भरने से आने वाले समय में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आपस की लड़ाई



भारतीय प्रवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने आपस की लड़ाई में काम को अनदेखा करना शुरू कर दिया है। बाटा फ्लाईओवर के पास ही गंदा पानी भरा पड़ा है। लेकिन जनता ने अपनी परेशानियों को दूर करने के लिए जिन नेताओं को चुनाव जिताया है, वहीं नेता उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे है।

### नहीं है निकासी

वहां के निवासियों ने कहा कि यहां पैदल निकला मुश्किल है। यहां बनी दुकानों तक पहुंचने के लिए वाहनों का सहयोग लेना पड़ता है। ऐसे में यहां दुकानें चलाना भी मुश्किल हो गया है। पूरे दिन गंदे पानी की बदबू का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### महामारी को बढ़ावा


फ्लाईओवर के नीचे बह रहा गंदा पानी कोरोना और अन्य बीमारियों को बढ़ावा दे रही है। आसपास रहने वाले लोगों में कोरोना की पुष्टि अधिक हो रही है। इसका खुलासा स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से हुआ है।

## अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 ने आरोपी राकेश उर्फ चिक्कू निवासी जवाहर कालोनी फरीदाबाद को दौरान गश्त सेक्टर-29 मास्टर रोड गांव टीकावली से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 ने बताया कि पुलिस टीम मास्टर रोड पर गस्त कर रही थी आरोपी राकेश उर्फ चिक्कू पुलिस की गाडी को देख कर भाग ने लगा पुलिस टीम ने आरोपी को मौका से काबू कर लिया। आरोपी राकेश उर्फ चिक्कू की तलाशी में एक देसी कट्टा बरामद हुआ। जो आरोपी शौकिया तौर पर अपने पास रखता था। पूछताछ मे आरोपी राकेश उर्फ चिक्कू ने बताया की यह कट्टा उसको अलीगढ़ में एक शादी में लड़ाई झगड़े के दौरान किसी अनजान व्यक्ति का यह कट्टा उठा लिया था।

# प्रदर्शन मूल्याकंन के लिए धक्के खा रहे अध्यापक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**प्रिंसपल,** हेड टीचर या इंचार्जो के कारण अध्यापक वार्षिक प्रदर्शन मूल्याकंन रिपोर्ट तैयार कराने यानि अपार भरवाने के लिए धक्के खा रहे हैं। इसके लिए महिला अध्यापकों को बेहद परेशान किया जा रहा है। अध्यापकों ने इस बारे में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी को शिकायत की है।

**यह है कारण**

पहले अध्यापकों की एसीआर लिखी जाती थी, लेकिन अब अपार भरी जाती है। इसमें अध्यापकों के पूरे साल के प्रदर्शन की रिपोर्ट तैयार करनी होती है, लेकिन कुछ प्रिंसीपल या इंचार्ज अपने चेहते अध्यापकों की घर बैठे ही अपार भरते हैं। यहां तक बिना बताए छुट्टी कर लेने वाले अध्यापकों की भी अपार दी जाती है, जो अध्यापक पूरे साल पढाई करवाते, बीएलओ व अन्य कार्यो को करते हैं, उन्हें परेशान होना पड़ता है। खास तौर पर महिला अध्यापकों को परेशान किया जाता है। प्रिंसीपल या हेड टीचर्स महिला अध्यापकों को अपने इशारों पर नचाना चाहते हैं। जब अध्यापक विरोध करते हैं तो उन्हें परेशान किया जाता है।

**इन्होंने की शिकायत**

इसमें जेबीटी अध्यापकों के साथ-साथ 12वीं कक्षा तक के प्राध्यापक भी शामिल हैं। गांव लकड़पुर, सेहतपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल समेत अन्य स्कूलों की कई महिला अध्यापकों को भी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। जो अध्यापक 2017 में नौकरी लगे थे, उनकी भी अपार नहीं भरी गई है।

ऐसे में उनकी प्रमोशन या अन्य लाभ नहीं मिल पाता। ये अध्यापक अपने इंचार्ज या हेड टीचर के सामने गिड़गड़ाती रहीं, पर इनका काम नहीं हुआ। परेशान होकर इन अध्यापकों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी से शिकायत की। मौलिक अधिकारी ने संबंधी हेड टीचर या पूर्व में इंचार्ज रहे अध्यापक से बात की तो उसने एसडीएम ऑफिस से शिकायतकर्ता महिला अध्यापक की बीएलओ की डयूटी लगवा दी। ऐसे अध्यापकों को परेशान किया जाता है। इन अध्यापकों की पीड़ा को जिला शिक्षा अधिकारी या कोई अन्य अधिकारी सुनने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्हें प्रिंसीपल के ट्रांसफर होने या रिटायर्ड होने के बाद अपार भरने में सबसे अधिक परेशानी होती है। वहीं रिटायर्ड प्रिंसीपलों को ढूंढना मुश्किल हो जाता है।

**मिली हैं शिकायतें**

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने कहा कि उनके पास अध्यापकों की शिकायतें आई है जिसमें उन्होंने कहा कि है कि उनकी अपार नहीं भरी जा रही हैं। ऐसे हेड टीचर्स को सही ढंग से काम करने की सलाह दी गई है और प्रशासनिक कार्यालयों में बैठे अध्यापकों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी।

# कोरोना: पांच मौतें, 630 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 36243

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। शनिवार को 630 मरीज बढ़ने से कोविड-19 का आंकड़ा 36243 पर पहुंच गया। वहीं कोरोना वायरस से पीड़ित 5 मरीजों ने पिछले 24 घंटे में दम तोड़ दिया। जिससे जिले में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 298 पर पहुंच गया। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 545 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 86.4 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

**मृतक और पॉजिटिव**

मृतकों में तीन महिलाए और दो पुरूष शामिल है। जिसमें सेक्टर-3 निवासी 52 वर्षीय और सेहतपुर निवासी 63 वर्षीय और एनआईटी कल्याण सिंह चौक निवासी 65 वर्षीय महिलाएं शामिल थी। वहीं सेक्टर-59 से 60 वर्षीय और एनएच-5 निवासी 91 वर्षीय दो पुरूष शामिल है। यह पांचों कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त थे। वहीं 630 में सेक्टर-76, 32, 7, 3, 75, 88, 49, 25, 10, 18, 16, 28, 31, 55, 22, 50, 87, 81, 82, 75, 29, 25, 16, 62, 15, 20, 60, 89, 20, 52, 18, 92, तिगांव, भूपानी, सेक्टर-11, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, पर्वतीया कालोनी, प्रेम नगर, भगत सिंह कालोनी, भूड कालोनी, डबुआ, नेहरू कालोनी, जवाहर कालोनी, टिकावली, जीवन नगर, गाजीपुर, एनएच-5, यादव कालोनी, पल्ला, आदर्श कालोनी, बसेलवा कालोनी, नरहावली, ग्रीनफिल्ड कालोनी, छायंसा, शिव कालोनी, अमर नगर, जनता कालोनी, बड़ौली, खेड़ी कला, पुरी प्रणायाम, प्रिंसेस पार्क के अलावा अन्य कई इलाकों से मरीज शामिल है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक जांच | 294381 |
| अब तक पॉजिटिव | 36243 |
| अब तक नेगेटिव | 257737 |
| रिपोर्ट बॉकी | 401 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 82 |
| वेंटिलेटर पर भर्ती | 15 |
| अब तक मौते | 298 |
| अब तक ठीक | 31305 |

## टैक्स के विरोध में मंड़ियों में हो सकती है हड़ताल



**फरीदाबाद।** हरियाणा की सभी सब्जी मंडियों में हड़ताल हो सकती है। आढ़तियों ने इस आशय का हरियाणा सरकार को अल्टीमेटम दिया है। इसे लेकर फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में शनिवार को हरियाणा सब्जी मंडी एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष नितिन जागू और उपाध्यक्ष आशीष पुरुथी शामिल हुए। बैठक में सभी आढ़तियों ने समवेत स्वर में राज्य सरकार से मांग की कि या तो सरकार उन पर लगाया गया 2 प्रतिशत टैक्स वापस ले, नहीं तो वे पूरे राज्य की मंडियों में हड़ताल करने पर विवश हो जाएंगे। अध्यक्ष नितिन जागू ने बताया कि सब्जी मंडी के बाहर यदि कोई सब्जी बेचता है, तो उस पर कोई टैक्स नहीं लगता है। यदि कोई सब्जी मंडी के अंदर सब्जी बेचता है, तो उस पर 2 प्रतिशत कर लगता है। यह हमारे साथ भेदभाव है। अध्यक्ष जागू ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से 29 अक्टूबर को सरकार को ज्ञापन देकर सीएम मनोहर लाल से मिलने का समय मांगा गया था। अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। इसलिए हम अब सभी जिलों में बात करके हड़ताल करेंगे। उपाध्यक्ष आशीष पुरुथी ने कहा कि उनकी एसोसिएशन 40 वर्षों से काम कर रही है। अब एसोसिएशन के पदाधिकारी सभी जिलों में संपर्क कर रहे हैं। ताकि हड़ताल को कामयाब बनाया जा सके। पुरुथी ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सरकार उनसे बात करे और उनकी मांग माने, नहीं तो वे हड़ताल को मजबूर हो जाएंगे।

## तलाशी के दौरान संदिग्ध से मिला अवैध कट्टा

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-85 ने आरोपी राजिव उर्फ भोला निवासी पहाडी नम्बर-3 डबुआ फरीदाबाद को दौरान गस्त भारत कालोनी कच्चा रोड से गिरफ्तार किया है। क्राईम ब्रांच सेक्टर-85 ने बताया कि पुलिस टीम भारत कालोनी कच्चा रोड पर गस्त कर रही थी आरोपी राजीव उर्फ भोला वहां से गुजर रहा था पुलिस को संदिग्ध होने पर पुलिस ने जब उसको रूकने को कहा तो वह भागने लगा पुलिस ने दबोच कर तलाशी ली तो आरोपी से कट्टा बरामद हुआ। जिस पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने थाना खेड़ी पुल में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया है। आरोपी ने बताया कि आरोपी शौकिया तौर पर अपने पास रखता था। पूछताछ में आरोपी उपरोक्त ने बताया कि आरोपी यह देसी कट्टा उत्तर प्रदेश से खरीद कर लाया है। उपरोक्त आरोपी अपने दोस्त इस्लाम निवासी हरी नगर फरीदाबद से मिलने आया था। क्राईम ब्रांच सेक्टर 85 ने हरीनगर मे इस्लाम नाम के व्यक्ति को तलाशा पर इस नाम का कोई व्यक्ति हरीनगर मे रहना नही पाया गया।

## मास्क व यातायात नियम तोड़ने पर 1.93 करोड जुर्माना वसूला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** कोरोना वायरस के चलते एक तरफ लापरवाह लोगों के चालान काट कर सबक सिखा रही है तो दूसरी तरफ लोगों को मास्क बांटकर जागरूक भी कर रही हैं। फरीदाबाद पुलिस ने बीते एक दिन में मास्क ना पहनने वाले 819 लोगों के चालान किए हैं। इसके अलावा बीते एक दिन में ही 10715 लोगों को जागरूक भी किया है।

इसके अलावा पुलिस ने कोरोना वायरस के दौरान अभी तक 38626 लोगों के चालान किए हैं और साथ ही नुक्कड़ सभाएं करके 1,70,000 लोगों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक भी किया है।

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, डॉक्टर अर्पित जैन ने कहा कि सभी जानते हैं कि कोरोना वायरस तेजी से फैल रहा है जैसे ही सर्दी शुरू हुई है तो इसके मामले ज्यादा आने शुरू हो गए हैं। सर्दी और बढ़ते हुए प्रदूषण के चलते कोरोनावायरस पहले से ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। फरीदाबाद वासियों से अपील की जाती है कि घर से बाहर निकलते ही मास्क का इस्तेमाल करें।

अपने आसपास रहने वाले लोगों और रिश्तेदारों को इस संबंध में जागरूक करें। फरीदाबाद पुलिस प्रतिदिन चालान कर रही है और लोगों को जागरूक भी कर रही है। थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस हर रोज बाजार, दुकान ,गली , मोहल्ले, चोराहे, सड़क और पार्क इत्यादि जगहों पर पर मास्क बांट रही है।

### बैंक रहा बंद

**फरीदाबाद।** सारन चौक के निकट स्थित कैनारा बैंक में कार्यरत कुछ कर्मचारियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई। जिससे शनिवार को बैंक बंद रहा। इसका पता तब लगा, जब बैंक के उपभोक्ता ट्रांजेक्शन के लिए शाखा में पहुंचे, तो बैंक बंद मिला। उपभोक्ताओं ने पड़ताल की, तो उन्हें बताया कि बैंक के कुछ कर्मचारियों को कोरोना हो गया है। इसलिए बैंक को बंद कर दिया गया है।

## खरीफ फसल के खरीद कार्य को सरकारी हिदायतें की जारी : एसडीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एसडीएम** अपराजिता ने कहा कि स्थानीय अनाज मण्डी बल्लभगढ़ और मोहना अनाज मण्डी में खरीफ फसल खरीद का कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार चल रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों अनाज मण्डियों में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार बाजरा की सरकारी खरीद एक अक्टूबर से और पीआर किस्म धान की खरीद 5 अक्टूबर से शुरू की गई थी। उपमंडल में आज शनिवार को अब तक धान की कुल 5 लाख 99 हज़ार 857 क्विंटल, बाजरा 29 हजार 993 क्विंटल और कपास की 18 हजार 774 क्विंटल खरीद की गई है। खरीद का कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार और दोनों अनाज मण्डियों में कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नियमों की सही पालना के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कृषि विपणन बोर्ड तथा सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं।

# चलो एक नई शुरुआत करें, बाल विवाह का नाश करें

### बाल मजदूरी है अपराध, आओ इसे रोकने का करें प्रयास : हिमांशु भट्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**बच्चे** डरें नहीं बल्कि हमारे बीच सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें। हर बच्चे को उसका अधिकार मिले, उसका संरक्षण हो। बाल संरक्षण के लिए 'महफूज़' शीर्षक से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाल अधिकार सप्ताह (16 नवंबर से 22 नवंबर) मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बाल अधिकार सप्ताह महफूज के छठे दिन सेक्टर 25 में जज्बा फाउंडेशन के द्वारा जन बाल कल्याण समिति के सहयोग से लगभग 150 लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने लोगों को सम्भोदित करते हुए बताया की शिक्षा के आभाव के कारण लोगों को अपने अधिकारों की जानकारी न होने की वजह से लोग अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर पा रहे है। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाल अधिकार (7 दिन 7 मुद्दे) सप्ताह बनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जज्बा फाउंडेशन के स्वमं सेवकों के द्वारा शहर के अलग अलग स्थानों पर जाकर बाल अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। जिसके अन्तर्गत बाल विवाह, बाल मजदूरी, पॉस्को कानून, लैंगिक शोषण, भीख मंगवाना, जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागिता का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, थाने में बच्चों से जुड़े मामले का अधिकार, पुलिस हेल्पलाइन: 100, महिला हेल्पलाइन: 1091, एवम चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अदि की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। ताकि लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे और उनका फायदा उठा सके। आज छटे दिन लोगों को बाल विवाह के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया गया कि और नारा दिया गया। 'चलो नई शुरुआत करें बाल विवाह का नाश करें', 'होने दो उसका विकास, शादी करके न तोड़ो उसकी आस' इसके अलावा लोगों को जानकारी देते हुए बताया गया कि आज देश व प्रदेश में 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम करवाना और भीख मंगवाना कानूनन अपराध है। इस अवसर पर जिला समन्वयक अधिकारी (खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग) श्रीमती सुनीता ने भी लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि हमारे विभाग के द्वारा भी महिलाओं के विकास के लिए कई प्रकार की साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहता है।

जिसके अंतर्गत युवाओं के लिए कई अड्वेंटर कैम्प्स के माध्यम से ट्रैकिंग, वाटर स्पोर्ट्स, एवम सांस्कृतिक कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। ताकि युवाओं का अलग अलग क्षेत्र में विकास हो सके।

इस अवसर पर जन बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश टोंगर ने बताया की यदि देश के प्रत्येक नागरिक को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी हो इसके लिए देश के युवाओं को इस अभियान का हिस्सा बनाना होगा और बाल अधिकारों की सुनिश्चिति में एक कदम बढ़ाना होगा। इस अवसर पर राहुल वर्मा, प्रवेश, शेफली, गौरव, अभिषेक देशवाल अदि मौजूद रहे।

## व्यापारी से दस लाख ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**आपको** बताते चले की पकड़ा गया आरोपी प्रेमचन्द निवासी गढ़मुक्तेश्वर हापुड उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जिसका साला व मुख्य आरोपी नरेश ऑटो चलाने का काम करता है। बीकानेर राजस्थान के खोवा व्यापारी अक्सर उसी का ही ऑटो किराए पर लेकर जाते थे। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि अपने साले नरेश के साथ मिलकर योजना बनाई थी कि

बिकानेर, राजस्थान से, बीकानेर मिष्ठान भंडारों पर कुछ व्यापारी खोवा सप्लाई करने के लिए आते हैं। व्यापारी बाद मे अपने खोवा की पेमेंट मिष्ठान भंडारों से इकट्ठा करते है। जिसके लिए वो मुख्य आरोपी नरेश का ऑटो किराए पर लेते है। जैसे ही वे दुकानों से रुपये इकट्ठा करेंगे मुख्य आरोपी ऑटो लेकर फरार हो जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक योजना के अनुसार मुख्य आरोपी नरेश दिनांक 16 नवंबर को व्यापारियों ने जब अपनी सभी पेमेंट इकट्ठी कर ली तब थाना कोतवाली एरिया से आरोपी ने व्यापारियों को धोखा देते हुए, ऑटो में रखे 10 लाख रुपये लेकर ऑटो सहित फरार हो गया था। आरोपी ने यह रुपए गढ़मुक्तेश्वर जाकर अपने जीजा प्रेमचन्द को दे दिए। योजना के अनुसार प्रेमचन्द घटना वाले दिन पहले ही नरेश के बच्चों को मानेसर गुडगांव से किराए का मकान खाली करके हापुड उत्तर प्रदेश लेकर चला गया।

# यहां कोरोना पॉजिटिव केस बढ़ने के साथ मौतों का भी बढ़ रहा ग्राफ

## गुरुग्राम में नवंबर माह में अब तक कोरोना के 11209 केस आए

## नवंबर माह में अब तक कोरोना से 40 लोगों की हुई है मौत

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में जिस तरह से कोरोना के पॉजिटिव केस बढ़ने के साथ मौतों का भी ग्राफ बढ़ रहा है, इससे यहां भयावह स्थिति पैदा होती जा रही है। लोगों को देखकर लगता है कि उन्हें कोरोना का कोई डर, भय नहीं रहा। वे खुलेआम एक-दूसरे से सटकर बाजारों, सड़कों, गलियों में चलते हैं। लोगों की यही लापरवाही कोरोना के इन आंकड़ों में इजाफा कर रही है। इस तरह से तो कोरोना का सामुदायिक फैलाव हो जाएगा।

मार्च माह में मात्र एक कोरोना के पॉजिटिव केस के बाद जिस तरह से यहां पर लगातार कोरोना केस बढ़ते गए, उसी के साथ प्रदेश में चिंता भी बढ़ती गई। अपने चिर-परिचित अंदाज में हरियाणवियों ने कोरोना को लेकर चुटकुले भी खूब बनाए। गीत भी खूब गाए गए, लेकिन कोरोना से बचाव को सरकार, प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस की कहीं न कहीं हमने अनदेखी की है।

नियमित रूप से हाथ धोने के नियम को तो हम लगभग भूल ही चुके हैं। लॉकडाउन में भले ही इस परम्परा का निर्वहन किया हो, लेकिन जब से अनलॉक हुआ है, तब से लोग हाथ धोने में आलस्य करने लगे हैं। इसे लापरवाही भी कहा जा सकता है। वैसे तो मास्क लगाने में भी लापरवाही हो रही है, लेकिन मास्क नहीं पहनने पर 500 रुपये का चालान कटने के भय से लोग मास्क लगाने में रुचि दिखा रहे हैं।

हालांकि बहुतेरे तो अभी भी मास्क लगाने में भी लापरवाही बरत रहे हैं। इसीलिए तो पुलिस हर माह लाखों रुपये के चालान मात्र मास्क नहीं लगाने वालों के काट रही है। वाहन चालकों पर तो अब पुलिस की नजर सीट बेल्ट और हेलमेट से अधिक मास्क पर नजर रख रही है। हालांकि यातायात के अन्य नियमों के भी चालान कट रहे हैं।


गुरुग्राम के सदर बाजार में दीपावली पर इस तरह से कोरोना से बेखौफ रहे लोग।

### त्योहारी, शादियों के सीजन में हो रही लापरवाही

**जनता** की लापरवाहियों की वजह से ही कोरोना ने अब सामुदायिक फैलाव का एक तरह से रूप ले लिया है। त्योहारी व शादियों के सीजन में लोगों ने बाजारों में खूब लापरवाही की। हर कोई एक-दूसरे से सटकर चला। दुकानदारों ने भी लोगों को सामाजिक दूरी बनाए रखने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। गुरुग्राम के प्रमुख एवं सबसे अधिक व्यवस्तम रहने वाले सदर बाजार की हालत तो छठ पूजा व इससे पूर्व दीपावली एवं अन्य त्योहारों पर बुरी ही रही। यही कारण है कि कोरोना के एकाएक केस बढ़ने लगे। एक दिन में 100 से भी नीचे आ रहे कोरोना पॉजिटिव केस एकाएक 1000 के करीब पहुंच गए। पहले से चेताया भी गया था कि सर्दियां शुरू होने के साथ कोरोना के केस बढ़ सकते हैं।

### कोरोना केसों की इस माह की स्थिति

| तारीख | पॉजिटिव केस | मौतें | ठीक हुए |
|---|---|---|---|
| 20 नवंबर | 793 | 03 | 848 |
| 19 नवंबर | 645 | 03 | 543 |
| 18 नवंबर | 659 | 03 | 657 |
| 17 नवंबर | 588 | 03 | 889 |
| 16 नवंबर | 546 | 03 | 784 |
| 15 नवंबर | 515 | 01 | 667 |
| 14 नवंबर | 504 | 01 | 579 |
| 13 नवंबर | 797 | 03 | 685 |
| 12 नवंबर | 692 | 03 | 459 |
| 11 नवंबर | 726 | 02 | 411 |
| 08 नवंबर | 964 | 02 | 412 |
| 07 नवंबर | 523 | 01 | 451 |
| 06 नवंबर | 704 | 02 | 395 |
| 05 नवंबर | 555 | 03 | 405 |
| 04 नवंबर | 611 | 03 | 342 |
| 03 नवंबर | 460 | 01 | 416 |
| 02 नवंबर | 398 | 01 | 305 |
| 01 नवंबर | 529 | 02 | 342 |
| **कुल योग** | **11209** | **40** | **9590** |

# हरियाणा को मछली पालन में नंबर वन बनाना है : दलाल

## मछली पालन के क्षेत्र में अच्छा उत्पादन करने वाले करीब 22 किसानों को सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**हरियाणा** के कृषि एवं मतस्य विभाग के मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि अगले एक साल में प्रदेश को मछली पालन के क्षेत्र में नबंर एक बनाना होगा। प्रदेश में मछली पालन में सर्वश्रेष्ठ कार्य उत्पादन करने वाले किसानों को मतस्य विभाग में सलाहाकार नियुक्त किया जाएगा। ताकि मछली का उत्पादन बढ़ाने में उनकी योग्यता को लाभ उठाया जा सके।

शनिवार को सोहना के स्मार्ट ब्यू रिसोर्ट में विश्व मछली पालन दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तर का किसानों के साथ सम्मेलन का आयोजन किया। आयोजन में प्रदेश के सभी जिलों से आए किसान, प्रदेश के मतस्य विभाग और कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल समेत मतस्य विभाग के निदेशक पीएस मलिक भी मौजूद थे।

मंत्री जयप्रकाश ने मछली पालन के क्षेत्र में अच्छा उत्पादन करने वाले करीब 22 किसानों को सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मछली पालन रोजगार के क्षेत्र में सबसे अच्छा व्यवसाय है। किसानों को इसे करने में थोड़ा जोखिम तो लेना होगा, इसमें 50 से 60 फीसदी तक की कमाई है। उन्होंने कहा कि मछली पालन में किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए जो परेशानियां आ रही हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। चाहे वह बिजली, पानी, खारा पानी, मछली बिक्री के लिए मंडी की सुविधा, किसानों को कम खर्चे पर वाहन सुविधा आदि सुविधाओं को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा।



मछली पालन में सर्वश्रेष्ठ उत्पादक किसानों को सम्मानित करते हरियाणा सरकार के कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल।

### 10 हजार युवाओं को मछली पालन के क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य

**हर** वर्ष प्रदेश में 10 हजार युवाओं को मछली पालन के क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य हरियाणा सरकार ने रखा है। ताकि किसान की आय के साथ-साथ उसका परिवार तरक्की कर सके। किसानों की आय को दोगुणा किया जाएगा। अच्छे किसानों को विभाग का सहयोग करने के लिए सहलाकार के पद नियुक्त किया जाएगा। जिसके लिए बहुत ही जल्द समिति बनाकर तैयार की जाएगी। ताकि जिन किसानों का मछली पालन में हानि हो रही है। उन्हे लाभ हो और उसका उत्साह बढ़ सके। केन्द्र सरकार के साथ मिलकर मछली पालन के क्षेत्र में अच्छी योजनाओं को लाया जाएगा। किसानों को अनउपयोगी जमीन को मछली पालन में बदलने का तरीके और खारा पानी में मछली पालन करके तरक्की के रास्ते बताए जाएंगे। हरियाणा में ऐसे किसान भी है। जिन्होंने मछली पालन के क्षेत्र में पदश्री के पुरस्कार प्राप्त किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को संसाधन उपलब्ध करने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री की योजना को अमल लाते हुए हरियाणा आज जो विदेशों में मछली पालन के मामले में दूसरे स्थान पर है। आने वाले साल में हरियाणा प्रथम स्थान प्राप्त कर सके।

## प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने पर सीलिंग के साथ सीवर-पानी के कनेक्शन भी काटे

**गुरुग्राम।** प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी नहीं करने वालों के खिलाफ नगर निगम गुरुग्राम सख्त हो गया है। इसके तहत एक ओर जहां डिफाल्टरों के सीवर-पानी कनेक्शन काटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बिल्डिंगों को सील भी किया जा रहा है।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 4 प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों के सीवर-पानी कनेक्शन काटे गए। इनके अलावा जोन-4 क्षेत्र में एक बिल्डिंग को सील भी किया गया। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह द्वारा टैक्स ब्रांच के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे डिफाल्टरों पर लगातार कार्रवाई करें। सीलिंग तथा सीवर-पानी कनेक्शन काटने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह के अनुसार सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जो प्रॉपर्टी मालिक अपना संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स 31 दिसम्बर तक जमा करवाएंगे, उन्हें वर्ष 2010-11 से लेकर वर्ष 2016-17 तक के प्रॉपर्टी टैक्स पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्रॉपर्टी टैक्स में लगने वाले ब्याज में भी सरकार द्वारा एकमुश्त छूट दी गई है। जिन संपत्ति मालिकों ने विगत तीन वर्षों में अपना प्रॉपर्टी टैक्स 31 जुलाई तक जमा करवाया है, उन्हें नियमित 10 प्रतिशत छूट के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी। ऑटो डेबिट तरीके से भुगतान करने वालों को 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा।

## रामराज भारत मैं आग्या, इब कती अंधेर रहे कोन्या...



हरियाणा कला परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में रागनी पेश करते कलाकार।

**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी के कारण लोक कलाकारों को मंच नहीं मिल रहा था। ऐसे में हरियाणा कला परिषद द्वारा प्रारम्भ किए गए आनलाईन कार्यक्रमों में प्रत्येक सप्ताह स्थानीय कलाकार अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए हरियाणा की संस्कृति को विस्तार दे रहे हैं। इसी कड़ी में कलाकारों ने हरियाणवी रागनियों, लोकगीतों के माध्यम से जहां सरकार के कार्यों को सराहा, वहीं अपनी संस्कृति से भी रूबरू कराया।

भजन, हरियाणवी हास्य, रागणी, काव्य संध्या के बाद साप्ताहिक कार्यक्रमों में हरियाणवी लोकगीत और भजनों के कार्यक्रम को स्थान मिला। जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों के लोक कलाकारों ने हरियाणवी लोकगीतों और भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति लोकगायक कृष्णलाल कापड़ो की रही। जिन्होंने भजन-होगा पार जो ना हरि का रटग्या सुनाया। हिसार से कृष्ण लाल शास्त्री ने गीता उपदेश पर आधारित हरियाणवी गीत-श्री कृष्ण बोले अर्जुन से, तू सुण गीता ज्ञान, शरीर मरा है अमर आत्मा, जाणे सकल जहान सुणाकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अन्य कलाकारों में वेदप्रकाश अत्री ने रामराज भारत मैं आग्या, इब कती अंधेर रहे कोन्या, समुंद्र सिंह ने परदेसी जाणा प्रदेशां ने चा सै और राजा ने ओ ए सखी राम के भजन में लाग्यो, श्रीकृष्ण के भजन में लाग्यो बेड़ा पार होजेगा सुनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कराया।

हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन कहा कि हरियाणा की संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना ही हरियाणा कला परिषद का दायित्व है, जिसे पूरा करने के लिए कला परिषद निरंतर प्रयासरत है। आनलाइन कार्यक्रमों की सफलता के बारे में बताते हुए संजय भसीन ने कहा कि कोरोना के कहर के कारण कलाकारों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी तथा केंद्र सरकार के निर्देशानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर भी प्रतिबंध था। ऐसे में हरियाणा कला परिषद द्वारा आनलाइन कार्यक्रमों का विचार कर कलाकारों को मंच देने का निर्णय लिया गया। जिसके चलते अक्टूबर माह से आनलाइन कार्यक्रम प्रारम्भ हुए तथा प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को दर्शकों का भरपूर स्नेह मिल रहा है।

# तावडू में जल्द लघु सचिवालय, कोर्ट व सेक्टर्स का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**विधायक** संजय सिंह ने कहा कि तावडू में जल्द लघु सचिवालय, सिविल कोर्ट व सेक्टर निर्माण होगा। अभी हाल ही में हुए विधानसभा सत्र में उन्होंने पुरजोर तरीके से यह आवाज उठाई है। जिसका मुख्यमंत्री की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिला है। तावडू में नपा चेयरपर्सन मनीता गर्ग के आवास पर पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह बात कही।

इसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने विधायक से लघु सचिवालय निर्माण विषय को प्रमुखता से रखा। विधायक ने कहा कि गत शुक्रवार को उनकी जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से इस विषय पर बात हुई है।

## चेयरपर्सन के आवास पर विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

विधायक ने कहा कि वह दो टूक कहते हैं कि लघु सचिवालय तावडू-बिलासपुर रोड पर स्थित गुढ़ा पंचायत की जमीन पर ही बनेगा। उन्होंने कहा कि 3-5 लोगों की एक टोली है, जो पूरे दिन इसकी शिफ्टिंग को लेकर इधर-उधर चक्कर काटती देखी जा सकती है। ये टोली कई बार उनसे भी आकर मिली है लेकिन उन्होंने इस टोली से स्पष्ट कह दिया है कि वह इस विषय पर चक्कर ना काटे। तभी वहां मौजूद लोगों ने विधायक से कहा कि इस टोली को तावडू के लोग बखूबी जानते हैं।

लघु सचिवालय को तहसील के पीछे बनवाने में इस टोली के निजी स्वार्थ हैं। वहीं विधायक ने कहा कि जल्द ही सीएचसी तावडू की नवनिर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन कराया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन नरेश यादव, पूर्व जिला पार्षद राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, लालाजी कलवाड़ी, सुशील भारद्वाज, रामबीर ठेकेदार, नपा उपाध्यक्ष कल्लू उर्फ कर्म सिंह, पार्षद पोप सिंह, जोगिंद्र, नरेश ढ़ल, विजयपाल, अश्वनी नासा, मास्टर छतर सिंह, विनोद गोयल उपस्थित थे।


नपा चेयरपर्सन के आवास पर लोगों की समस्याओं को सुनते विधायक संजय सिंह।

## मंडल अध्यक्ष की कार्यशैली से असंतुष्ट दिखे विधायक

**विधायक** संजय सिंह ने नपा चेयरपर्सन के आवास पर जहां लोगों की समस्याओं का निवारण किया वहीं पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा को फटकार भी लगाई। विधायक मंडलाध्यक्ष की कार्यशैली से असंतुष्ट दिखे। विधायक ने कहा कि 20 नवंबर को तावडू में पार्टी का तय कार्यक्रम कैंसिल कर दिया व मुझे सूचना देना भी मुनासिब नहीं समझा। विधायक ने तैश में आकर यहां तक कह दिया कि आगे से तुम स्वयं ही कार्यक्रम कर लिया करो, मुझे बुलाने की आवश्यकता नहीं है।

## हवाई फायार करने पर दो नामजद

**पलवल।** बाइक सवार युवक को रोककर दहशत फैलाने की नीयत से हवाई फायर किया गया व जान से मारने की धमकी दी गई। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी सुरेंद्र के अनुसार इस्लामाबाद निवासी हारुण खान ने शिकायत दी है कि गत 15 नवम्बर को किठवाड़ी से बाइक पर सवार होकर घर आ रहा था। जब आगरा कैनाल नहर पर पहुंचा तो भतीजा इमरान व उसका साथी रुपतम निवासी पर्वतीय कालोनी (फरीदाबाद) बाइक पर आए और रास्ता रोक लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वित्तीय साक्षरता केंद्र की लोकल मॉनिटरिंग कमेटी का आयोजन



**नूंह।** शहर की नई अनाजमंडी स्थित केनरा बैंक द्वारा प्रायोजित अमूल्य वित्तीय साक्षरता केंद्र नूंह द्वारा जिला अग्रणी कार्यालय नूंह में लोकल मॉनिटिंग कमेटी की दूसरी मीटिंग का आयोजन नूंह अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) आलोक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एफएलसी की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई। एलडीएम आलोक कुमार ने सुझाव दिया कि बैंक शाखाओं में जाकर कैंप का आयोजन किया जाए। अधिक से अधिक ग्रामीण लोगों को वित्तीय साक्षरता से संबंधित स्कीमों के बारे में अवगत कराएं। नाबार्ड के डीडीएम विजय कुमार नागरा ने कहा कि गरीब लोगों को सरकार द्वारा प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि उन्हें इन स्कीमों को फायदा मिल सके। उन्होंने अमूल्य वित्तीय साक्षरता केंद्र को सुझाव दिया कि असंगठित क्षेत्र के लोगों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा जाए। एचएसआरएलएम के डीपीएम अब्दुल रब असरी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह को बैंकों से ऋण दिलाने में अधिक से अधिक मदद की जाए। आरसेटी के निदेशक बीरी सिंह ने कहा कि जिले के बेरोजगार युवा-युवतियां ग्रामीण प्रशिक्षण केंद से प्रशिक्षण प्राप्त करके बारे अपना स्वरोजगार स्थापित करें। मीटिंग में कमेटी के सदस्य एसआरएफ फाउंडेशन की प्रोग्राम ऑफिसर निशा जुनेजा, अध्यापिका नाजरीन, किसान अली मोहम्मद, वित्तीय साक्षरता केंद्र के ऑफिस असिस्टेंट दीपक कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### रिहायशी व जाति प्रमाण-पत्र के फार्म के लिए छात्र परेशान

**सोहना।** सोहना तहसील में पिछले दो माह से रिहायशी व जाति प्रमाण-पत्र के फार्म नहीं मिल रहे हैं। जिससे स्कूल व कॉलेजों में दाखिला लेने वाले छात्रों के रिहायशी व जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनने से परेशारी हो रही है। सोहना तहसील में पिछले दो माह से रिहायशी व जातिगत प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। जिसका कारण दो माह से तहसील कार्यालय में प्रमाण पत्र बनवाने वाले चक्कर लगाते-लगाते थक गए हैं। सोहना निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसके बेटे को रोहतक मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेना है। पिछले 10 दिन से वह तहसील कार्यालय में फार्म लेने के लिए चक्कर लगा रहा हैं। हर बार उसे फार्म क्लर्क से जल्द ही फार्म आने का आश्वासन मिलता है। रणबीर ने बताया कि उसे अपने बेटे का दाखिला नवोदय स्कूल में कराना है। वह एक माह से तहसील में चक्कर काट रहा है। लेकिन उसके बेटे का आज तक रिहायशी और जाति प्रमाण पत्र नहीं बन सके। तहसील कार्यालय में रिहायशी व जाति प्रमाण पत्र के लिए फार्म देने वाले क्लर्क गिर्राज शर्मा ने बताया कि 26 सितंबर से फार्म समाप्त हो गए हैं। दो नवंबर से फार्म की मांग करने वालों के नाम व मोबाइल फोन नंबर दर्ज किए जा रहे हैं। जिनकी संख्या करीब 125 तक पहुंच गई है। तहसलीदार बिजेन्द्र राणा ने बताया कि जल्द ही फार्म आ जाएंगे। जिनकी मांग उच्चाधिकारियों से की जा चुकी है। सोमवार व मंगलवार तक उपभोक्ताओं को फार्म मिलने शुरू हो जाएंगे।

### हरियाणा की राजनीति में नया इतिहास रचेगी किसान रैली



**नूंह।** हरियाणा प्रदेश के पिछड़े जिलों में सुमार मेवात इलाके के बड़कली चौक पर आज होने जा रही किसान रैली राजनीति में नया इतिहास रचेगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शिरकत करेंगे। रैली सफल बनाने के लिए मेवात क्षेत्र में लगातार मेहनत की गई। यह बात जजपा के जिला प्रभारी व पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद ने लोगों को रैली का न्योता देते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गठबंधन कर सरकार बनने के बाद यह उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का पहला ऐसा दौरा है, जिसमें वे मेवात के साथ-साथ प्रदेश की बड़ी सुमार होने वाली किसान रैली को संबोधित करेंगे। मेवात के हजारों किसान अपने साधनों से बड़कली चौक रैली में शामिल होंगे और अपनी आस्था जजपा में दिखाएंगे। रैली में प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह सहित कई वरिष्ठ जजपा नेता शिरकत करेंगे। जिला प्रभारी ने कहा कि आज जजपा का जादू मेवात के हर व्यक्ति पर चढ़ा हुआ है। हर चौराहे, चौपाल और हर जगह सिर्फ उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की बडकली चौक पर होने वाली रैली को लेकर चर्चा कर रहे हैं। लोगों में रैली को लेकर जबरदस्त उत्साह और जुनून है। जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि किसान रैली के आयोजक जजपा जिला प्रभारी व पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद रहेंगे। यह रैली भीड़ के मामले में पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी।

### सिविल डिफेंस गुरुग्राम का दो दिवसीय ट्रेनिंग सत्र शुरू



**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी के दौरान अपनी जनसेवा के द्वारा सबका दिल जीतने वाली टीम सिविल डिफेंस गुरुग्राम का दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम राजकीय उच्चतर विद्यालय (बाल), गुरुग्राम में शनिवार से शुरू हुआ। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में सदस्यों को सिविल डिफेंस की अवधारणा, इसके वैश्विक व राष्ट्रीय स्तर पर किये गए कार्यों, योगदान व भूमिका, सम्बन्धित विधिक व संस्थागत फ्रेमवर्क के सैद्धान्तिक पक्षों से टीम को अवगत कराया जाएगा। वहीं सिविल डिफेंस के आपदा प्रबंधन में दी गयी भूमिका से सम्बंधित तकनीकी व व्यवहारिक पक्ष से सम्बंधित ट्रेनिंग दी जाएगी। बता दें कि पूरे हरियाणा में सिविल डिफेंस, गुरुग्राम एकमात्र ऐसी टीम है जिसने कोरोना महामारी के दौरान अदम्य साहस व सेवाभाव का परिचय देते हुए गुरुग्राम में राशन वितरण, प्रवासी मजदूरों की घर वापसी, अस्पतालों व क्वारन्टीन में रह रहे लोगो तक आवश्यक सामग्री पहुचाने, कन्टेनमेंट जोन में आवश्यक व्यवस्था में प्रशासन को सहयोग करने, मास्क वितरण, कोरोना के प्रति जागरुकता जैसी अनेक गतिविधियों को संपादित किया था। साथ ही आगजनी, मानसून में यातायात प्रबंधन, खोज व बचाव व खतरनाक बिल्डिंग्स के निस्तारण में सहयोग किया। यह टीम वर्तमान में नगर निगम गुरुग्राम को जीआरएपी का पालन के लिए सुनिश्चित करने के लिए फील्ड से रिपोर्टिंग का काम कर रही है।

# हरियाणा में राशन डिपो में महिलाओं को हिस्सेदारी देने की जरूरत: दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**उप-मुख्यमंत्री** दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में राशन डिपो में महिलाओं को हिस्सेदारी देने की जरूरत है और इसके लिए अगले साल नियमों में बदलाव करके प्रावधान किया जाएगा, जिससे महिलाएं और सशक्त होंगी। वे शनिवार को गुरुग्राम के सेक्टर-10ए में जननायक जनता पार्टी (जजपा) के जिला कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

जजपा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह के साथ पार्टी कार्यालय का रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया। पार्टी कार्यालय उद्घाटन अवसर पर जुटी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए उप-

## अगले साल नियमों में बदलाव करके किया जाएगा प्रावधान महिलाएं बनेंगी और सशक्त

मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गुरुग्राम में खोले के पार्टी कार्यालय का साप्ताहिक शेड्यूल बनाया जाएगा। कार्यालय के माध्यम से आम जनता की छोटी-छोटी समस्याओं जैसे आधार कार्ड बनवाना, राशन कार्ड बनवाना या डोमिसाइल अथवा जाति प्रमाण पत्र आदि बनवाने में आने वाली सरकारी प्रक्रिया की बाधाओं को समाप्त करके लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने आशा जताई कि गुरुग्राम जिला के पार्टी पदाधिकारी इस कार्यालय को सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से संचालित करेंगे और यह कार्यालय आम जनता की सरकारी प्रक्रिया से जुड़ी दुख तकलीफों को दूर करने में सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि हमने चुनाव घोषणा पत्र में जो वायदे किए थे, उनको कानूनी रूप देकर पूरा किया जा रहा है। प्रदेश के युवाओं के लिए प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर दिया गया है। इसका मतलब यह नहीं है कि पहले से लगे दूसरे प्रदेशों के लोगों को हटाया जाएगा, बल्कि आरक्षण का प्रावधान होने के बाद जितने रोजगार सृजित होंगे उनमें प्रदेश के युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में राइट-टू रिकॉल का प्रावधान कर दिया गया है जो कि पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल का एक सपना था। वे कहा करते थे कि जिस पंचायत सदस्य को आप चुनकर भेजते हैं, यदि वह सही ढंग से गांव के विकास के लिये काम नहीं कर रहा है तो उसे वापस बुलाने का अधिकार भी होना होना चाहिए। अब अगर पंचायत चुनाव के एक साल बाद गांव के 50 प्रतिशत या इससे अधिक मतदाता लिखित में देंगे कि हम राइट टू रिकॉल का प्रयोग करना चाहते हैं तो दोबारा से मतदान कराया जाएगा। उसमें दो तिहाई मतदाता किसी सदस्य के खिलाफ मतदान करके उसे वापस बुला सकते हैं अर्थात उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी।


गुरुग्राम में जजपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते उप-मुख्यमंत्री दुश्यंत चौटाला व जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला।

### फिर से घूमना शुरू हुआ विकास का पहिया: अजय चौटाला

**जजपा** राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने कहा कि कोरोना महामारी की वजह से विकास का जो पहिया रुक गया था, वह अब धीरे-धीरे फिर से घूमना शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय घोषणा पत्र के जरिए जो वायदे हमने किए थे उनको विधिवत कानून बनाकर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम वर्तमान में प्रदेश में भाजपा के सहयोगी के तौर पर सरकार चला रहे हैं। अपने दादा पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवी लाल का स्मरण करते हुए अजय सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल कहा करते थे कि जो वायदा किया है उसे पूरा अवश्य करें, थोथी घोषणाएं नहीं होनी चाहिए।

# सीवर डालने में देरी के लिए सांसद ने लगाई ठेकेदार को फटकार

## सांसद ने ली जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की बैठक

रणबीर सिंह। सोनीपत



लघु सचिवालय में मूल्यांकन समिति की बैठक में मौजूद सांसद।

**नगर** में विभिन्न क्षेत्रों में सीवर डालने का टेंडर लेने वाले ठेकेदार को कार्य में देरी के लिए सांसद रमेश कौशिक ने फटकार लगाई। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि मुरथल रोड पर 31 दिसंबर तक सीवर डालने का कार्य पूरा किया जाए। साथ ही सेक्टर-3 व अन्य क्षेत्रों में भी यह काम समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। सांसद कौशिक शनिवार को लघु सचिवालय में जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एजेंडा पर चर्चा करने से पहले सोनीपत शहर में सीवर लाइन डालने के काम की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर यह कार्य धीमी गति से किया जा रहा है, जिससे लोगों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश दिए कि यदि शीघ्रातिशीघ्र यह कार्य पूरा नहीं किया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सांसद ने बीसवांमील रोड पर पानी के जमावड़े, बड़वासनी से ट्रक यूनियन तक सड़क निर्माण, ककरोई के एसटीपी और गन्नौर में रेलवे पार्क के निर्माण कार्य को लेकर भी कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत 17 करोड़ रुपये की राशि के विकास कार्य करवाये जा चुके हैं। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते तुरंत प्रभाव से खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सात करोड़ रुपये की राशि लाभार्थियों को आवंटित की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण का ज्यादा से ज्यादा लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन आवासीय सोसायटियों में कमियां हैं उनके बिल्डरों, डेवल्परों को नोटिस दें। आम जनमानस को परेशानी नहीं होनी चाहिए। आवासीय सोसायटियों में बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए तीव्रता से प्रयास करें। साथ ही उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि लघु सचिवालय सोनीपत, गन्नौर, खरखौदा व गोहाना में बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में पेयजल की सर्वाधिक जरूरत है वहां योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर पानी उपलब्ध करवाया जाए।

### गोहाना ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान पर मांगे सुझाव

**बैठक** के दौरान गोहाना ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान 2041 पर भी विस्तार से चर्चा की। जिला नगर योजनाकार ने सांसद रमेश कौशिक व उपायुक्त श्याम लाल पूनिया की विशेष मौजूदगी में प्लान की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों से सुझाव भी मांगे, जिसके लिए अधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया गया है।

# राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हुए मजीठिया : अजराना




शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना व बीबी रविंदर कौर।

**कुरुक्षेत्र।** शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने पार्टी के पंजाब से पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को मिली जेड श्रेणी सुरक्षा वापस लेने के लिए किए जा रहे प्रयासों की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने बताया कि शिरोमणि अकाली दल द्वारा भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोड़ने के करीब 2 महीने बाद केंद्र सरकार ने पार्टी के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की जेड श्रेणी सुरक्षा वापस लेने के प्रयास शुरू कर दिए है।

केंद्र की तरफ से भेजे गए पत्र के बाद पंजाब सरकार ने अब मजीठिया की सुरक्षा की समीक्षा करने का फैसला लिया है, ताकि यह तय किया जा सके कि उन्हें किस प्रकार की सुरक्षा प्रदान की जा सकती है। अजराना ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मजीठिया राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हुए हैं, लेकिन अकाली दल इस तरह के हथकंडों से पीछे नहीं हटेगा और केंद्रीय कानूनों के विरोध में किसानों और पंजाबियों के साथ खड़ा रहेगा। यदि कोई भी अन्य मुद्दा है, जो संघीय ढांचा को कमजोर करेगा या पंजाब विरोधी होगा, अकाली दल उसका भी विरोध करेगा। शिरोमणि अकाली दल हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष बीबी रविन्द्र कौर ने एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए एसएडी पूर्व मंत्री और वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के जेड प्लस श्रेणी सुरक्षा कवर को वापस लेने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के मनमाने, तानाशाही और राजनीति से प्रेरित फैसले की निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजीठिया की सुरक्षा को वापस इसलिए लिया गया, क्योंकि उनकी पार्टी ने केंद्र के कृषि कानून का विरोध किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम चुनाव टालने में लगी गठबंधन सरकार : अशोक छाबड़ा



**सोनीपत।** नगर निगम क्षेत्र के गांव राठधाना में ग्रामीणों की समस्या सुनने पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा ने गठबंधन सरकार को आड़े हाथों लिया। पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा ने गठबंधन सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार नगर निगम के चुनाव को होने नहीं देना चाह रही है। कैसे न कैसे इसे लटकाने में लगी रही है। ऐसे में शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी विभिन्न समस्याओं का बोलबाला है। क्षेत्र के गांव राठधाना में पहुंचने पर पूर्व चेयरमैन का ग्रामीणों की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के बाद गांव में कई जगह पर अशोक छाबड़ा के लिए जलपान किया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने गांव के हालात दिखाते हुए कहा कि गांव में नगर निगम की तरफ से कोई ऐसे काम नहीं किए जा रहे, जिनसे उन्हें किसी प्रकार की कोई सुविधा मिल सके। इस पर अशोक छाबड़ा ने कहा कि नगर निगम प्रशासन की तरफ से कोई काम नहीं हो रहे हैं। हाल ऐसे हो गए हैं कि अधिकारियों को कई बार समस्या की शिकायत देने के बाद भी समाधान नहीं होते। बरोदा उपचुनाव में मिली जीत पर अशोक छाबड़ा ने कहा कि गठबंधन सरकार को पहले ग्रामीणों ने जहां नकारा है तो वहीं शहरवासी भी इस सरकार को नकारने के लिए मौके के इंतजार में हैं। इस अवसर पर दलबीर दहिया, हरीराम, रमेश, हरिओम, रामकिशन, अजीत, ओम नम्बरदार, मास्टर रामबीर व देवेन्द्र आदि मौजूद थे।

### हवाई फायर करने के आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना राई की पुलिस ने हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने की घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने बताया कि गत 19 नवम्बर को राहुल निवासी सेवली ने थाना राई में शिकायत दी थी कि उसके गांव के ही दीपक उर्फ मोनू व कपिल निवासी सेवली ने कार के स्पीकरों को उच्ची आवाज में बजाकर हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस टीम ने घटना में शामिल आरोपियों दीपक उर्फ मोनू व कपिल निवासी सेवली को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ करने पर बताया कि आपसी कहासुनी की रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के बताये अनुसार घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार, कारतूस, खाली खोल व कार बरामद की है। आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया है।

### पॉलीथिन चालान पीड़ित व्यापारी डीसी से मिले

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के उड़नदस्ता और नगर निगम द्वारा लगाए गए जुर्माने से नाराज पॉलीथिन दुकानदार जिला व्यापार मंडल के बैनर तले शनिवार को उपायुक्त श्यामलाल पूनिया से मिले। व्यापारियों ने जुर्माने के साथ सामान भी जब्त किए जाने का विरोध किया। विरोध स्वरूप दुकानदारों ने दोपहर 12 बजे तक अपनी दुकानें बन्द रखी। जिला प्रधान संजय सिंगला व पवन तनेजा ने कहा कि दुकानदारों पर जब जुर्माना लगा दिया गया तो फिर माल जब्त करने की क्या जरूरत थी। निगम कर्मियों ने जब्त किए सामान की रसीद भी नहीं दी। मोहर लगी थैलियों व डिस्पोसल पर कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इसी पॉलीथिन के कारण लाखों लोगों को भोजन उपलब्ध हो पाया। संजय सिंगला ने उपायुक्त से कहा कि एक तरफ तो सरकार होटलों पर इसलिए चालान काट रही है कि वो डिस्पोजल क्रॉकरी क्यों नहीं लगा रहे। दूसरी तरफ यही क्रोकरी बेचने वालों का चालान यह दोहरी नीति है। पॉलीथिन रोकनी है तो इसका आयात और मैन्यूफैक्चरिंग बन्द करनी चाहिए ना कि छोटे-छोटे दुकानदारों को परेशान करना चाहिए। उपायुक्त ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर हिमांशु कुकड़ेजा, रविन्द्र सरोहा, कमल हसीजा, राम प्रकाश हुड्डा, सुनील, पुष्कर, राज कुमार, सुभाष नारंग, हरीश कुमार, अमित, अनिल, दीपक आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### बाढडा में बनेगा फायर स्टेशन, लोगों के जान-माल की होगी सुरक्षा

**भिवानी।** उपमंडल बाढडा में जल्द फायर स्टेशन का निर्माण करवाया जाएगा। बाढडा में फायर स्टेशन निर्माण की वर्षों पुरानी लंबित घोषणा पूरी कराने को लेकर बाढडा विधायक नैना चौटाला ने प्रयास तेज कर दिए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा घोषित बाढड़ा फायर स्टेशन की घोषणा पूरा करने में आए अवरोध हटाने के लिए दादरी उपायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्राचार किया है। विधायक नैना चौटाला ने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को जल्द सभी अवरोधों को हटाकर फायर स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति देने के लिए कहा है। नैना चौटाला की मांग पर मुख्यमंत्री कार्यालय के उच्च अधिकारी ने फायर स्टेशन निर्माण के कार्य में तेजी ला दी है। जल्द ही बाढडा में फायर स्टेशन निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। जजपा जिलाध्यक्ष नरेश द्वारका ने बताया कि बाढडा में फायर स्टेशन नहीं होने के कारण किसी भी अनहोनी होने की स्थिति में दादरी या भिवानी स्थित फायर स्टेशनों से सहायता ली जाती है। परंतु लंबी दूरी होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के पहुंचने में बहुत समय लगता था, इतने समय में आग द्वारा जान व माल का काफी नुकसान हो जाता था। फसल पकाई के समय में तो किसानों को बहुत नुकसान हो जाता हैं। फसल में लगी आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचने तक किसान की फसल जल कर राख हो जाती हैं।

# वैश्य समाज 12वां स्थापना दिवस सामाजिक कार्यों के साथ मनाएगा

**भिवानी।** अग्रवाल वैश्य समाज अपना 12वां स्थापना दिवस सामाजिक कार्यों के साथ मनायेगा। ये जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश प्रदेश सचिव मुकेश बंसल ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज 22 नवम्बर को अपनी स्थापना के 11वां वर्ष पूरे कर रहा है।

अग्रवाल वैश्य समाज आज वैश्य समाज का प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है जिसका उद्देश्य वैश्य समाज को संगठित कर राजनीति में समुचित भागीदारी करना है। उन्होंने कहा कि संगठन ने वैश्यजनों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर प्रदेशभर में अनेक कार्यशालाओं एवं बैठकों का आयोजन किया। संगठन द्वारा वैश्य समाज के स्वाभिमान को जगाने, अनिवार्य मतदान एवं राजनीतिक भागीदारी के संकल्प के साथ नवजागरण संदेश यात्राओं, समाज आपके द्वार कार्यक्रम, स्थापना दिवस समारोह, संकल्प सम्मेलन, संघर्ष सम्मेलन, संग्राम महासम्मेलन, महिला सशक्तिकरण के लिए शक्ति सम्मेलन, युवा पौध तैयार करने के लिए युवा सम्मेलनों जैसे न जाने कितने आयोजनों ने हमें नई पहचान दी और समाज के लिए अपने दायित्व निभाने का वजूद पैदा किया। मुकेश बंसल ने बताया कि समाज अपने स्थापना दिवस अवसर पर इस बार पौधा रोपण, रक्तदान या जरूरतमंदों को खाद्य एवं आवश्यक वस्तु वितरण जैसे सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम प्रदेशभर में विधानसभा, लोकसभा स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

# पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



आयोजक परिवार को सिरोपा भेंट करते कवलजीत सिंह अजराना व अन्य पदाधिकारी।

**श्री गुरु** नानक देव महाराज ने विश्व को बाहरी आडम्बरों व दिखावा त्याग कर सच्चे मन से ईश्वर भक्ति का संदेश दिया है। यही नहीं, गुरु साहिब ने दीन-दुखियों की सेवा और सहायता करने की शिक्षा भी दी, जिसका पालन हमें अवश्य करना चाहिए। यह बात गुरुद्वारा श्रीबैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट के संरक्षक कवलजीत सिंह अजराना ने कही।

श्री गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश उत्सव पर निकाली गई प्रभातफेरी में अजराना संगत को गुरु साहिब की शिक्षाओं के महत्व से अवगत करा रहे थे। इससे पहले प्रभातफेरी का पुष्पवर्षा के साथ आयोजक परिवार ने स्वागत किया। इस दौरान अजराना ने सभी को कोविड-19 की हिदायतों का अनुपालन करने के लिए भी संगत को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव महाराज हमेशा साधा जीवन जीते रहे और लोक दिखावे से दू रहे। इसलिए सिखों को लोक दिखावों से दूरी बना कर सच्चे मन से समाज सेवा और प्रभु सिमरन करना चाहिए। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी भाई गुलजार सिंह ने सरबत के भले की गुरु चरणों में अरदास की।

प्रभातफेरी में बीबी सविंदर कौर, कुलजिंदर कौर, गोल्डी, प्रितपाल सिंह व मास्टर सुखदेव सिंह के शब्दी जत्थे ने रसमयी गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में शिरोमणि अकाली दल हरियाणा महिला विंग की प्रदेशाध्यक्षा बीबी रविंदर कौर, गुरुद्वारा बैकुंठ धाम सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन लखविंदर सिंह संधू व प्रधान जसबीर सिंह वड़ैच ने आयोजक कैलाश नगर निवासी सुखविंदर सिंह को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

लखविंदर सिंह संधू ने बताया कि 22 नवंबर को मास्टर सुखदेव सिंह के घर सेक्टर-13 में और 23 नवंबर की प्रभातफेरी कुलबीर सिंह ढिल्लो के निवासी अंसुल सिटी में पहुंचेगी। इस दौरान कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सिद्धू, हरपिंदर सिंह विर्क, गुरबचन सिंह विर्क, अरविंदर सिंह चीमा, हरचरण सिंह चन्नी, हरविंदर सिंह चीमा, मोहिंदर सिंह सरां, सोहन सिंह नागी, विक्रम सिंह विर्क सहित संगत मौजूद रही। आयोजक परिवार द्वारा आई हुई संगत के लिए जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई।

# गांवों में बिना विकास करे हॉउस टैक्स की मांग गलत : मदान

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



फाजिलपुर गांव में लोगों से मिलते समाजसेवी निखिल मदान।

**शनिवार** को फाजिलपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने निखिल मदान के आगे बिजली, पानी, सीवरेज की समस्याओं को उठाया। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि आज गांववासियों की छोटी-छोटी समस्याओं को भी निगम प्रसाशन द्वारा हल नहीं किया जा रहा।

स्ट्रीट लाइट की समस्या हो या बिजली की जर्जर तारों को बदलवाने का कार्य हो, उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही। स्थानीय जनप्रतिनिधि न होने के चलते उन्हें बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे है। लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद निखिल मदान ने बताया कि जल्द ही नगर निगम के लंबित चुनाव होंगे। उसके बाद लोगों की जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। निखिल मदान ने बताया कि निगम कार्यालय में गांव वासियों द्वारा हर साल किसी न किसी रूप में टैक्स जमा कराया जाता है, जो अगर सही तरीके से आम जनता के लिए खर्च किया जाए तो गांव की सभी मुख्य समस्याओं को हल किया जा सकता है। बिंदर राणा, जीत राणा, राजू राणा, अक्षय राणा, प्रिंस राणा, छतर सिंह राणा, संदीप मलिक मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र में कोरोना संक्रमित 41 नए मामले आए सामने

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में कोरोना संक्रमित 41 नए केस सामने आए हैं। इसके अलावा ठीक होने पर 28 मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

यह जानकारी जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने दी। उन्होंने शनिवार को देर सायं जारी एक हेल्थ बुलेटिन में कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना वायरस संक्रमित 41 नए केस सामने आएं है और कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से 28 मरीजों की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस की जांच के लिए इस जिले से अब तक 129207 में से 120830 सैम्पल की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है।

# सरकार रेलवे का लाभ निजी कंपनियों को देना चाहती है



**कुरुक्षेत्र।** ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के चेयरमैन एवं राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा एडवोकेट ने कहा कि देश की सरकार कोरोना की आड़ में रेलवे को लेकर बहुत बड़ी साजिश कर रही है।

इसका खुलासा खुद रेलवे कर्मचारी संगठन ही कर रहे हैं। बवेजा ने कहा कि सरकार पहले ही अडानी को 50 प्राइवेट रेल गाड़ियां दे चुकी है। अब 150 प्राइवेट रेल गाड़ियों को चलाने के लिए योजनाबद्ध तरीके के कार्य कर रही है। इस बात का खुलासा भी रेलवे कर्मचारी संगठनों ने ही किया है कि रेलवे ने एक नया रेलवे टाइम टेबल की जिम्मेदारी आईआईटी मुंबई को सौंपी है, जिसमें 150 प्राइवेट रेल गाड़ियों को शामिल किया जाए। इससे प्राइवेट कंपनियों को रेलवे से अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की मंशा है। बवेजा ने कहा कि पूरे देश में करीब साढ़े सात हजार रेलवे स्टेशन हैं। उनका लाभ भी प्राइवेट कंपनियों को लाभ देने की साजिश हो रही है। बवेजा ने कहा कि सरकार की मंशा इसी से स्पष्ट हो रही है कि जब पूरे देश के विभिन्न राज्यों में सभी ट्रांसपोर्ट चालू हो चुकी हैं, तो सरकार रेल गाड़ियों को पूरी तरह क्यों नहीं चला रही है। इससे साफ है कि सरकार हर हाल में प्राइवेट घरानों को ही लाभ पहुंचाना चाहती है। सरकार को आम जनता की तकलीफों से कुछ लेना देना नहीं है।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



## नज़रिया

दिनेश रघुवंशी, कवि

**भला क्या प्यास है आख़िर भला कैसी ख़ुमारी है**
**भला क्या चीज़ है आख़िर ये जो जीवन पे भारी है**
**कोई ज्ञानी, कोई ध्यानी, कभी समझाये तो आख़िर**
**बड़ी है ज़िंदगी या फिर नशा उस पर भी भारी है**

# बिग मैजिक लेकर आया है एक नया शो 'कसम है तुझे आ भी जा'

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शो का प्रसारण बिग मैजिक पर 22 नवंबर से हर सोमवार से रविवार रात 9.30 बजे किया जाएगा**

**जब** दर्शकों का मनोरंजन करने और उनके लिए मनोरंजक कार्यक्रम का प्रसारण करने की बात आती है तो बिग मैजिक ने हमेशा दर्शकों के साथ अपने रिश्ते को सबसे ऊपर रखा है। एक संपूर्ण फैमिली एंटरटेनमेंट चैनल होने के नाते बिग मैजिक ने बार-बार अलग-अलग श्रेणियों के विविध मनोरंजक कार्यक्रमों को दर्शकों के सामने पेश किया है, जो पूरे परिवार को एक साथ लाता है।

पूरे परिवार के लोगों के एक साथ बैठकर टीवी देखने के अनुभव को और शानदार बनाने के लिए बिग मैजिक ने अपने मजेदार कार्यक्रमों की सूची में एक नया कार्यक्रम जोड़ा है। अब बिग मैजिक अपने दर्शकों के लिए एक नया दिलचस्प शो कसम है तुझे आ भी जा लेकर सामने आ रहा है। इस रोमांटिक फैमिली ड्रामा का प्रसारण 22 नवंबर से टीवी स्क्रीन पर किया जाएगा। हर सोमवार से रविवार रात 9.30 से 10.30 बजे के टाइम स्लॉट में इस शो का प्रसारण किया जाएगा।

यह शो पुनर्जन्म की थीम पर आधारित है जो कि दर्शकों को मनोरंजन के नए सफर पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस शो में दो अलग-अलग दौर की कहानियां पेश की जाएंगी । इस शो की स्टोरी दो मुख्य किरदारों, युवराज माधव, क्रिश और मनस्विनी, राधिका के इर्द-गिर्द घूमती है। इन किरदारों को लक्ष्य ललवानी और महिमा मकवाना ने निभाया है। शो की नायिका एक युवा लड़की मनस्विनी उर्फ मनु है, जिसे उसकी पिछली जिंदगी में माया नामक इच्छाधारी नागिन मार डालती है। माया मनु की ओर युवराज के बहुत ज्यादा आकर्षित होने से पूरी तरह ईर्ष्या से जल जाती है और माधव की जिंदगी में मनु की जगह लेने के लिए उसे मार डालती हैं। सालों बाद, मनस्विनी का राधिका के रूप में पुर्नजन्म होता है, जो एक फिल्म निर्माण से जुड़ी छात्रा होती है। राधिका नारायणपुरी जाती है, जहां प्राचीन गरुड़ का मंदिर स्थित है। इस यात्रा के दौरान राधिका को मनस्विनी के रूप में अपने पिछले जन्म के बारे में पता चलता है।

# टाटा मोटर्स ने शुरू किया इंडिया की दूसरी दिवाली अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/ गुरुग्राम

**त्योहारों** के दौरान अपने ग्राहकों की खुशियों को दोगुना करते हुए, भारत की सबसे बड़ी कॉमर्शियल वाहन निर्माता टाटा मोटर्स ने 'इंडिया की दूसरी दिवाली' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। पिछले साल के सफल संचालन के बाद, टाटा मोटर्स ने दिवाली के बाद भी उत्सव का सेलिब्रेशन जारी रखने के लिए यह अभियान शुरू किया है।

इसके तहत, स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एससीवी) और पिक-अप रेंज के ग्राहकों को लकी ड्रा के माध्यम से एक सुनिश्चित उपहार मिलेगा। पिक अप रेंज में टाटा एस, टाटा योद्धा और टटा इंट्रा शामिल हैं। इसके साथ ही कई आकर्षक कंज्यूमर ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। बम्पर ऑफर में 5 लाख रुपये तक के गोल्ड वाउचर से लेकर एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन और फ्यूल वाउचर आदि शामिल हैं। यह ऑफर 30 नवंबर तक मान्य हैं।

इस अभियान की घोषणा प्रतिष्ठित टाटा ऐस के 15 साल पूरे होने पर की गई है। टाटा ऐस 22 लाख से अधिक खुशहाल ग्राहकों के साथ अपनी पूरी यात्रा में एससीवी का नंबर 1 ब्रांड है। टाटा मोटर्स के बीएस 6 वाहनों को ग्राहकों द्वारा शानदार प्रतिसाद मिला है। राजेश कौल, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड मार्केटिंग, कमर्शियल व्हीकल बिज़नेस यूनिट, टाटा मोटर्स ने कहा, टाटा मोटर्स ने अपने ग्राहकों को हर चीज के मूल हितों में स्थान देकर अपनी विरासत का निर्माण किया है। अद्वितीय पावर ऑफ 6 प्रस्ताव के साथ उच्च मूल्य का लाभ हमारे ग्राहकों के लिए हमारे वादे का एक प्रमाण है। टाटा मोटर्स में प्राथमिकता उद्योग में सर्वश्रेष्ठ उत्पादों और सेवा के अनुभव को वितरित करना है।

## पायनियर क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं, सुनील कुमार पुत्र श्री किशन चन्द मकान न. 1889, सेक्टर-13, अर्बन एस्टेट करनाल बयान करता हूं कि सुनील कुमार उर्फ सुनील कुमार ग्रोवर और सुनील ग्रोवर नाम एक ही व्यक्ति के है यानि मेरे है। सम्बन्धित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

I, Khushboo Sachdeva D/o Madan Lal Sachdeva R/o 479, Sector-3, Ballabgarh, Faridabad have changed my name to Khushboo.

**बेदखली सूचना**

मैं श्रीमति राजबाला पत्नी श्री हंसराज निवासी मकान स. 1100/27, सुरी पेट्रोल पंप वाली गली वेस्ट राम नगर जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा सगा पुत्र रोहित व उसकी पत्नी श्रेया मेरे कहने-सुनने से बाहर है को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य मे इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मैं व मेरा परिवार नहीं।

**बेदखली सूचना**

मैं, बीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री भरत सिंह निवासी मकान न. Dx-5211, वार्ड न. 35, गली न. 4, नियर शिवा कान्वेंट स्कूल, मन्दिर वाली गली, सुभाष कालोनी, तह. बल्लबगढ, जिला फरीदाबाद हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमति सन्तोष कुमारी व मेरे सगे पुत्र विशाल ठाकुर व गौरव ठाकुर मेरे कहने-सुनने से बाहर है मेरी कोई बात नहीं मानते हैं। जिसके चलते मैं अपनी उपरोक्त धर्मपत्नी सन्तोष कुमारी व अपने उपरोक्त पुत्रान विशाल ठाकुर व गौरव ठाकुर को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद इनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# बेहतर ढंग से निबटना होगा आतंकवाद से

**चूंकि वैश्विक स्तर पर धार्मिक रूप से अभिप्रेरित हमले बढ़ते जा रहे हैं, इस अवधारणा को त्यागना होगा कि एक के लिए आतंकवादी दूसरे के लिए स्वतंत्रता सेनानी हो सकता है।**

**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्रोफेसर हैं।)





विएना में हुई गोलीबारी की घटनाएं धार्मिक अस्मिता के जानबूझकर किए जाने वाले गलत निर्वचन के घृणित परिणाम हैं। इस प्रकार के विमर्श की परिणिति फ्रांस में इतिहास के एक शिक्षक का सिर काटे जाने एवं नाइस में तीन निरपराध लोगों को चाकू मारे जाने आदि हिंसक घटनाओं के रूप में हुई है। इन सभी घटनाओं से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि पश्च-आधुनिक आतंकवाद आमतौर से सारे विश्व तथा खासकर यूरोप में प्रभावी होने की संभावना है। ये हमले उन बहुत से सामाजिक-राजनीतिक एवं वैश्विक मुद्दों की याद दिलाते हैं जिनसे यूरोप का सामना हुआ है। आस्ट्रियाई चांसलर सेबास्टियन कुर्ज ने पहले ही जो हटिंगटन के सभ्यताओं के संघर्ष सिद्धांत की ओर संकेत किया था वह सच होता नजर आ रहा है। उसने एक इस्लामवादी आतंकी द्वारा किए गए आतंकी हमले को हमारी जीवन शैली, हमारे लोकतंत्र के प्रति घृणा भाव से प्रेरित करार दिया।

धार्मिक रूप से प्रेरित ऐसे प्रतिकारी हमलों में बढ़ोतरी आतंकवाद के एक घातक दौर के आरम्भ का सूचक है। यूरोप की सीमाओं पर आब्रजन एवं मानव तस्करी के उठते ज्वार ने फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के समक्ष गंभीर प्रचालन सामग्री संबंधी एवं सुरक्षा चुनौतियां पेश की हैं। निस्संदेह ये यूरोप के नेताओं के लिए निर्धारक पल हैं। अब समय आ गया है कि देशों द्वारा समस्या का सामने से मुकाबला करने के लिए परिष्कृत कार्यतंत्र विकसित करें क्योंकि इसने पहले से ही विविध देशों के बीच तनाव को जन्म दिया है और वैश्विक स्तर पर मानव व्यापार एवं शरणार्थियों की समस्या को पेचीदा बना दिया है। कुछ इलाकों में, प्रवासियों एवं शरणार्थियों की समस्याओं का परिणाम तंग हालत के रूप में सामने आया है। शरणार्थियों का प्रवाह, जो अफगानिस्तान व उजबेकिस्तान में व्याप्त अशांति के कारण भागकर आए हैं, उन्होंने मध्य एशिया गणतंत्रों में विद्यमान हिंसा व अपराध की समस्याओं में नए आयाम जोड़ दिए हैं। वैश्वीकरण के दौर में, दुनिया छोटी व एकीकृत होती जा रही है लेकिन अपने अंदरूनी विरोधाभासों के कारण, यह टुकड़ों में विभाजित होकर अत्यधिक साम्प्रदायिक स्थान का रूप लेती जा रही है।

हालिया घटनाओं को अलग-थलग करके नहीं देखा जा सकता। इतिहास ऐसी विविध त्रासद घटनाओं का गवाह रहा है। चंद वर्ष पूर्व, ओकलाहोमा शहर में नागरिकों पर बमबारी, जिसमें 200 लोग हताहत हुए थे, ने दुनियाभर को हिला दिया था। टोक्यो के उक उपमार्ग पर मुख्य ट्रेन स्टेशन में हुए एक रहस्यात्मक गैस हमले में 12 लोग मारे गए और लगभग 5,000 घायल हुए थे। इससे भी खतरनाक संकेत मिलते हैं। ऐसे सभी कृत्य उन योजनाओं के हिंसक चरम परिणितियां थीं जिन्हें आतंकवादियों द्वारा सावधानीपूर्वक अंजाम दिया गया था। इसी प्रकार, भारत, रूस, स्पेन, यूके, अमेरिका, इटली, इस्राइल, और चीन समेत दुनिया के अधिकतर देश किसी न किसी प्रकार आतंकवादी गतिविधियों के कारण मुसीबतें झेल रहे हैं। यद्यपि हिंसा स्वयं में निंदनीय है, शायद ही कभी कोई आतंकवादी हमला शून्य प्रभाव वाला होता है, जिसका कोई गहन प्रभाव न पड़ता हो। और हिंसा का ढांचा प्राय: समाज तथा सामाजिक दशाओं में स्थित होता है, जो न केवल उन्हें पैदा करती हैं बल्कि पोषित एवं पुनर्स्थापित भी करती हैं। हिंसा की पुनरावृत्ति समाज के राज निकाय का लक्षण होती है, जो विविध खतरों एवं तनावों से परिपूर्ण होती है।

प्राय:, सामाजिक दशाएं जो संघर्षों को जन्म देती हैं उनके बाहरी निर्देशांक होते हैं। बहुत से विशेषज्ञों के लिए धार्मिक रूप से प्रेरित सोच से प्रेरित आतंकवाद से निबटने, उन नई चुनौतियों के कारण है जो पश्च आधुनिक जगत के सामने आ रही हैं और इनका कारण वे अतीत की गलतियां हैं कि काले को तब तक काला नहीं कहा गया जब तक मुसीबत स्वयं उनके पिछवाड़े आकर खड़ी नहीं हो गई। बहुत से समाज विज्ञानियों के लिए एक वैश्वीकृत जगत में आतंकवाद से निबटना, शक्ति की मिति अत्यधिक दृश्य, अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के असमान ढांचे पर निर्भर करता है। विश्व के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक-आर्थिक दशाओं के बीच ऐसे अंतरसंबंध दैनिक रूप से और अधिक स्वाभाविक होते जा रहे हैं। एक अन्य स्तर पर, पश्च शीत युद्ध अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक-आर्थिक व्यवस्था अभी भी शक्ति के खेल की शिकार है जो दुनिया पर तत्कालीन बड़ी ताकतों ने थोपा था। संपूर्ण पश्चिमी एशियाई क्षेत्र में अमेरिका व उसके सहयोगी देशों द्वारा बुने गए शक्ति संजाल ने लगभग प्रत्येक राज्य में विरोधी ताकतों के आक्रोश को भड़काया जहां अमेरिका के

**बदलते परिवेश में, सुरक्षा तंत्र एवं पुलिस को आतंरिक सुरक्षा बनाए रखने के मामले में दशकों के अनुभव पर आधारित तकनीकी एवं पेशेवर विशेषज्ञों को साथ लाकर गतिविधियों का विविधीकरण करना चाहिए। जब तक हम आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार नहीं करते, हमें केवल सतही किस्म की राहत ही मिल पाएगी और आतंकवाद का कुल परिणाम बढ़ता जाएगा।**

स्वार्थ आधारित संबंध थे। इस प्रकार, क्योंकि समाज वैश्वीकृत हुए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी अंतर-समाजीय अंतरक्रियाओं के द्वारा अपारदर्शिता के आवरण हटाए गए, अल्प विकसित देशों में लोग अपनी निम्न सामाजिक-आर्थिक दशा के लिए बड़ी ताकतों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। सारी दुनिया में चंद देशों द्वारा समर्थित आतंकवादी संगठनों के बीच एक सुगम सहयोग का अंतरराष्ट्रीय संजाल रहा है। उदाहरण के लिए, कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में पाकिस्तान की संलिप्तता तथा जापान की रेड आर्मी का इटली की रेड ब्रिगेड के साथ सहयोग को ही ले लीजिए। कभी-कभी यह मीडिया द्वारा की जाने वाली व्यापक कवरेज है जो आतंकवाद के लिए औचित्य मुहैया कराती है और उसके बढ़ावा देकर समस्या को बढ़ाती है। यह शास्त्रीय उदाहरण है कि कैसे कुटिल मीडिया प्रबंधन आतंकवाद का का प्रतिकार करने के नैनिक विरोध के स्तर को क्षीण कर सकता है। ताजा उदाहरण है अल कायदा, आईएसआईएस और लश्करे तैय्यबा के बीच घृणित गठजोड़। उनके घातक संयोजन ने शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

यूरोपीय देशों ने अकेले ही 1990 के बाद से 8,500 आतंकवादी घटनाएं देखी हैं, जो कुल वैश्विक घटनाओं के 29 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2016 के बाद से स्थिति और भी निर्बल हो चुकी है और यूरोपीय देशों में अवैध पलायन के मामले इसके उदाहरण हैं। भयावह प्रभावों के साथ आधुनिक आतंकवाद के उभार की परिणिति राष्ट्रीय कानून-व्यवस्था मशीनरी को मजबूत करने की मांग में परिणित हुई है। पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। लेकिन वर्तमान कानून अभी भी कई समस्याएं प्रस्तुत करते हैं। आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों के इस्तेमाल से ये आशंकाएं पैदा हुई हैं कि इसकी परिणिति आम जनता के दमन के रूप में हो सकती है। आश्चर्यजनक रूप से, आतंकवाद की एक उचित कानूनी परिभाषा अभी भी निश्चित होना बाकी है। आतंकवाद के दमन हेतु एक साझा रणनीति विकसित करने को लेकर विविध सरकारों के बीच बढ़ती खाई को उसमें निहित खतरे की क्षमता के संदर्भ में देखे जाने की आवश्यकता है। आतंकवाद के दमन हेतु यूरोपीय कन्वेंशन भी अनुच्छेद-5 और अनुच्छेद-13 से प्रतिबंधित है, जो कई आधारों पर किसी आतंकवादी के प्रत्यारोपण से इनकार करता है। एक ऐसे माहौल में जहां आतंकी हिंसा अंतरनिहित है और दुनिया निराशाजनक रूप से विविध कानूनों में विभाजित है, सभी देशों को आतंकवाद से निबटने के लिए अपने राष्ट्रीय विशेषाधिकारों को त्याग देना चाहिए।

राज्य प्रायोजित आतंकवाद को नियंत्रित करने के लिए बहुत से प्रयास किए गए हैं, जैसे कि आर्थिक प्रतिबंधों के द्वारा, लेकिन अभी तक वे किसी आम सहमति पर नहीं पहुचे हैं चाहे राष्ट्रीय स्तर पर हो या वैश्विक स्तर पर। पिछले दो दशकों के दौरान, बढ़ती नशीले पदार्थों की तस्करी एवं नशे के तस्करों व आतंकवादियों के बीच कायम खतरनाक अपवित्र गठजोड़ के चलते आंतरिक राज्य सुरक्षा संजालों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा हुईं हैं और विभिन्न देश स्वयं को संगठित कर ऐसे गठजोड़ के विरुद्ध लड़ाई छेड़ने को विवश हो गए हैं। मगर कठोर नशीले पदार्थ विरोधी कानूनों का क्रियान्वयन मात्र प्रभावी नहीं हो सकता जब तक न्यायिक प्रक्रिया को त्वरित कार्यवाही हेतु सुधारा नहीं जाएगा। आतंकवाद से संबंधित अनिश्चितताओं की निरंतरता ने विविध देशों को आतंकवाद के विरुद्ध मनोवैज्ञानिक लड़ाई छेड़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।

नाटो देशों तथा जापान द्वारा कुछ वर्ष पूर्व आयोजित लंदन आर्थिक सम्मेलन आतंकवाद के उन्मूलन के लिए एक और भूचिन्ह साबित हुआ है, जिसमें निर्णय लिया गया था कि जब तक हम आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार नहीं करेंगे, केवल सतही राहत मिल सकती है लेकिन हिंसा बढ़ती रहेगी। सामान्य जागरूकता एवं आतंकवादी कृत्यों के खिलाफ जन समर्थन संगठित करना काफी उपयोगी हो सकता है। यद्यपि पुलिस तथा सशस्त्र बलों को स्थानीय समस्याओं के लिए बेहतर सूचित निर्णय लागू करना वांछनीय है, मगर एक खतरा निश्चित रूप से है कि सरकार का यह प्रयास उनको मिलने वाले लाभों को क्षीण कर सकता है जो इसके योग्य हैं और इस प्रकार शांति तथा मोलभाव की संभावना भी क्षीण हो सकती है।


चूंकि वैश्विक स्तर पर धार्मिक रूप से अभिप्रेरित आतंकवादी हमले बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे में इस अवधारणा को त्यागना होगा कि एक के लिए आतंकवादी दूसरे के लिए स्वतंत्रता सेनानी हो सकता है। स्थानीय जनता को निजी समस्या की कीमत पर भी कानून क्रियान्वयन मशीनरी के साथ सहयोग करना चाहिए तथा विविध देशों द्वारा आतंकी मनोवृत्ति पर नियंत्रण हेतु त्वरित एवं कठोर निर्णय लेने चाहिए। बदलते परिवेश में, सुरक्षा तंत्र एवं पुलिस को आतंरिक सुरक्षा बनाए रखने के मामले में दशकों के अनुभव पर आधारित तकनीकी एवं पेशेवर विशेषज्ञों को साथ लाकर गतिविधियों का विविधीकरण करना चाहिए। इस बाबत सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू है सुरक्षा आवश्यताओं की प्रत्याशा की क्षमता विकसित किया जाना। इसके लिए सुरक्षा स्थितियों की निगरानी हेतु विशेषीकृत पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की आवश्यकता है। जब तक हम आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार नहीं करते, हमें केवल सतही किस्म की राहत ही मिल पाएगी और आतंकवाद का कुल परिणाम बढ़ता जाएगा।

# भारतीय बीज उद्योग का विकास

**कृषि-निवेश उद्योग के एक क्षेत्र के रूप में भारतीय बीज उद्योग का तेजी से विकास हो रहा है। पिछले चार दशकों में यहां खोज व विकास जीवन्त रूप से आगे बढ़ा है।**

**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ के निदेशक हैं।)





पिछले 50 साल में भारतीय बीज उद्योग ने तेजी से विकास किया है। उसने हजारों पुरुषों व महिलाओं की लगातार विशेषज्ञता बढ़ाई है तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत शोध एवं विकास-आरएंडडी ढांचा तैयार किया है। भारत में विविधतापूर्ण कृषि-जलवायु स्थितियां, उच्च स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञता, प्रशिक्षित व कुशल श्रमशक्ति, उपयुक्त भूमि तथा कृषि के लिए समुचित मात्रा में सूर्य का प्रकाश उपलब्ध है। इसलिए भारत में दुनिया को प्रमुख बीज सप्लाई केन्द्र के रूप में विकसित होने की असाधारण क्षमता है। हम सभी प्रकार की फसलों, सब्जियों, चारों व फूलों के बीज सप्लाई कर सकते हैं। हालांकि, नए व उभरते हुए बिजनेस आपरेटिंग माडलों व प्रक्रियाओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है जिनका संबंध तकनीकी हस्तक्षेपों से है। 'आत्मनिर्भर कृषि' के अंग के रूप में भारतीय बीज उद्योग को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

कृषि-निवेश उद्योग के उप-क्षेत्र के रूप में भारतीय बीज उद्योग पिछले चार दशकों से खोज एवं विकास के मामले में सर्वाधिक जीवन्त है। उसने भारतीय किसानों की उत्पादकता व मुनाफे में काफी वृद्धि की है। बीज कानून, नया बीज कानून 1988 तथा 2002 की राष्ट्रीय बीज नीति ने गुणवत्तापूर्ण बीजों के लिए संतुलित विधायी ढांचा प्रदान किया है। इससे इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ावा मिला है जिसका आधार मूल रूप से सरकारी बीज व्यवस्थायें हैं। लेकिन सुधारों व नीतिगत हस्तक्षेपों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। बीज उद्योग को और मजबूत करने के लिए नई तकनीकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें नई व बेहतर पौध किस्मों के विकास के लिए फास्टट्रैक ब्रीडिंग कार्यक्रम में मालीक्यूलर-मार्कर आधारित चयन दृष्टिकोण शामिल है। गुणवत्ता आंकलन व्यवस्था के रूप में बायोतकनीकी व मालीक्यूलर दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। उभरते क्षेत्र के रूप में बायोतकनीक व नैनो तकनीक का प्रयोग उत्पादकता तथा किसानों का मुनाफा बढ़ाने के लिए हो सकता है। इसका अर्थ जैविक चीजों से बीजों का शोधन शामिल है। बीज उद्योग इसे बड़े पैमाने पर लागू कर सकता है।

भारतीय बीज उद्योग वैश्विक रूप से प्रतियोगी, निर्यातोन्मुख तथा आत्मनिर्भर उद्योग बन सकता है। खासकर एशियाई, अफ्रीकन, पूर्वी यूरोपीय व दक्षिण अमेरिकी देशों को बीजों का निर्यात बढ़ाया जा सकता है जहां भारत जैसी कृषि-जलवायु परिस्थितियां हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर ध्यान देना होगा। अधिकांश देश बीज निर्यात के लिए सैनिटरी व फाइटोसैनिटरी प्रमाणों के आधार पर अनुमति देते हैं। आयात करने वाला देश यह सुनिश्चित करता है कि बीज उसके कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल हों। वर्तमान समय में बीज उद्योग को निर्यात के लिए खास प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है, जबकि इसकी संभावना प्रति वर्ष 5 बिलियन डालर की है। भारत अनेक उपयुक्त कृषि-जलवायु परिस्थितियों वाले देशों में सस्ते दामों पर बीजों का निर्यात कर सकता है। इसके लिए निम्न प्रोत्साहन दिए जा सकते हैं :

निर्यातित बीजों की कीमत के 20 प्रतिशत प्रोत्साहन पर विचार करना चाहिए क्योंकि दवा व वस्त्र उद्योग में इस प्रकार के प्रोत्साहन लंबे समय से उपलब्ध हैं और इन्होंने शुरुआती स्तर पर निर्यात बढ़ाने में योगदान किया है। पांच साल बाद इन प्रोत्साहनों को घटा कर 10 प्रतिशत किया जा सकता है। अगले पांच वर्षों के लिए इस हेतु 100 करोड़ तथा उसके बाद अगले 6 से 10 साल के लिए 100 करोड़ रुपये का आबंटन काफी होगा। किसी अन्य देश में बीज किस्म मूल्यांकन पर होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति भी उचित नीति है। इस पर भी विचार किया जा सकता है क्योंकि बीज कंपनियों को किस्मों के मूल्यांकन पर भारी खर्च करना पड़ा है और यह निर्यात आदेश पाने की पूर्व शर्त है। सरकार को इस खर्च की कम से कम 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति करनी चाहिए। निर्यात उद्देश्यों से पौध किस्म मूल्यांकन प्रतिपूर्ति के लिए अगले 10 वर्ष हेतु 100 करोड़ रुपये का प्राविधान काफी होगा। बीज उत्पादक आयात करने वाले देशों की अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं और इससे देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ सकता है। इसलिए उनको 30 प्रतिशत सब्सिडी से पुरस्कृत किया जा सकता है। भारत में लंबे समय से बीज निर्यात प्रोत्साहन परिषद की कमी अनुभव की जा रही है। सरकार को व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन परिषद के अंतर्गत एक उद्योग प्रतिनिधि को नियुक्त कर सुनिश्चित करना चाहिए कि उत्पादित कृषि बीजों का कम से कम 10 प्रतिशत निर्यात हो।

भारत में मुख्यत: तीन बीज उत्पादन केन्द्र हैं। लेकिन हम अपनी विविधतापूर्ण कृषि-जलवायु परिस्थितियों के चलते अफ्रीका से एशियान देशों तक की मांग पूरी कर सकते हैं। सरकार को विशेष कृषि क्षेत्रों में निर्यात उद्देश्य से ब्रीडिंग के लिए भारतीय और विदेशी बीज कंपनियों को अनुमति देने की आवश्यकता है। ये क्षेत्र एसईजेड की तरह काम कर सकते हैं। उनको ड्राई डॉक, परिवहन सुविधाओं, बीज परीक्षण सुविधाओं तथा तेजी से निर्यात हेतु अन्य सुविधायें दी जा सकती हैं। अनुमतियां तेजी से प्राप्त करने के लिए एक सिंगिल विंडो व्यवस्था काउंटर भी यहां बनाया जा सकता है।

'आत्मनिर्भर कृषि' या आत्मनिर्भर बीज उद्योग के लिए सार्क बाजारों तथा सार्क देशों के बीच बेहतर आर्थिक संबंधों की आवश्यकता है। सरकार और उद्योग को एकसाथ आगे आ कर सार्क बीज फोरम का गठन करना चाहिए जो इस उप महाद्वीप में बिजनेस सुगमता को प्रोत्साहित करने के साथ ही बिना किसी बाधा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार सुनिश्चित करेगा। यह संस्था सार्क देशों के बीच नीति एवं नियामक पैरोकारी के लिए केवल आर्थिक मामलों पर काम करने वाली होनी चाहिए। यदि हम यह अभियान आगे बढ़ा सके तो भारतीय बीज उद्योग की असाधारण प्रगति सुनिश्चित होगी।

**जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर तेजी से बीजों की मांग में बदलाव कर रहा है। बहुत जल्दी ही अनेक देशों के पास इस संकट से निपटने के लिए वित्तीय संसाधनों का अभाव हो सकता है। लेकिन भारत सारी दुनिया के लिए बीज शोध का केंद्र बन सकता है। हमारा विविधतापूर्ण जलवायु परिवेश हमें ऐसी नई किस्में विकसित करने का अवसर प्रदान करता है जो अनेक देशों के उपयुक्त हों। सही समय पर आने वाली एक या दो किस्मों से भी किसी देश की किस्मत बदल सकती है और इससे भारत को करोड़ों डालर की आमदनी सुनिश्चित हो सकती है।**

जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर तेजी से बीजों की मांग में बदलाव कर रहा है। बहुत जल्दी ही अनेक देशों के पास इस संकट से निपटने के लिए वित्तीय संसाधनों का अभाव हो सकता है। लेकिन भारत सारी दुनिया के लिए बीज शोध का केंद्र बन सकता है। हमारा विविधतापूर्ण जलवायु परिवेश हमें ऐसी नई किस्में विकसित करने का अवसर प्रदान करता है जो अनेक देशों के उपयुक्त हों। सही समय पर आने वाली एक या दो किस्मों से भी किसी देश की किस्मत बदल सकती है और इससे भारत को करोड़ों डालर की आमदनी सुनिश्चित हो सकती है। इसलिए सरकार को भारतीय आरएंडडी कंपनियों के लिए विकास अनुदान की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि वे भावी चुनौतियों का सामना करने योग्य बन सकें। उनको अफ्रीका, लैटिन अमेरिका व एशियान देशों का बीज बैंक बनने के लिए मांग का आंकलन करना होगा। सरकार अफ्रीकी देशों के साथ साझेदारी कर उनके बीज आरएंड डी की हमारे लिए आउटसोर्सिंग कर सकती है। इससे खोज को बढ़ावा मिलेगा तथा कम विकसित देशों की पहुंच सस्ते शोध व बीजों तक बन सकेगी।

# कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : योगेंद्र राणा

## भाजपा मंडल तरावड़ी नीलोखेड़ी, निगदू व निसिंग के सदस्यों को सौंपे पद

## पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी बोले : प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान करती है भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



भाजपा मंडल में शामिल कार्यकर्ताओं का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा और पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी।

**भारतीय** जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन तरावड़ी अनाज मंडी स्थित भाजपा कार्यालय में किया गया। जिसमें भाजपा के चारों मंडलों नीलोखेड़ी, तरावड़ी, निसिंग व निगदू मंडल से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नीलोखेड़ी हल्के के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने की। बैठक में भाजपा मंडल तरावड़ी, नीलोखेड़ी, निसिंग व निगदू मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें पदाधिकारियों को पद सौंपे गए। संबोधित करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं, जिसकी बदौलत भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर सामने आई है। तरावड़ी भाजपा मंडल की कार्यकारिणी में प्रवीण गुप्ता अध्यक्ष, रणजीत भारद्वाज व जोगिन्द्र सिंह महामंत्री, मुकेश राणा, विनोद मिड्डा, जसबीर सिंह व सलोचना देवी को उपाध्यक्ष, यशोदा रानी, जोगिंद्र नंबरदार, भीम सचदेवा, गुड्डी सिंह व प्रेमचंद को सचिव, पवन गुप्ता को कोषाध्यक्ष व पंकज ठाकुर को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नीलोखेड़ी भाजपा मंडल में अमरदीप सिंह को अध्यक्ष, अजमेर सिंह व केवल कृष्ण को महामंत्री, राकेश शर्मा, कृष्ण वाल्मीकि, बलकार सिंह, सुमन धीमान व गुलाब सीकरी को उपाध्यक्ष, संतोष देवी, मीनाक्षी शर्मा, घनश्याम शर्मा मंचूरी, रानी देवी व रमेश बाली को सचिव, अमर सिंह को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई। निगदू भाजपा मंडल में कर्मबीर शर्मा को अध्यक्ष, सुरेश कुमार व महेंद्र राणा को महामंत्री, माईराम, रमेश कुमार, रामकुमार व शुभकर्ण शर्मा को उपाध्यक्ष, दिनेश शर्मा को कोषाध्यक्ष, मुल्तान सिंह, ज्योति रानी, संतोष वधवा, पार्वती देवी और बालक राम को सचिव व कुलविन्द्र सिंह को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। निसिंग भाजपा मंडल की कार्यकारिणी में महिपाल राणा को अध्यक्ष, विनोद कुमार व वेद तनेजा को महामंत्री, स. प्रगट सिंह, रेशम लाल, आशा रानी व शमशेर सिंह को उपाध्यक्ष, प्रदीप जांगड़ा, मुकेश रानी, सुनीता देवी, रामनिवास गोयल, प्रदीप कुमार को सचिव व दिनेश शर्मा कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए शहरवासियों को करना होगा सहयोग : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत आगामी दिनों में एक महीने तक स्वच्छता कार्यक्रम के तहत पूरे शहर में साफ-सफाई के कार्य को दुरुस्त किया जाएगा। इस स्वच्छता कार्यक्रम के तहत शहर के सभी सेक्टरों, वार्डों, गलियों, सड़कों, चौराहों पर सफाई करके शहर को स्वच्छ बनाने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ-साथ सभी शहर वासियों को गीला व सुखा कचरा अलग-अलग करने के बारे में प्रेरत भी किया जाएगा।

विधायक सुभाष सुधा ने शनिवार को सेक्टर 7 आवास पर स्वच्छता अभियान को लेकर नगर परिषद के सीएसआई और एसआई की एक बैठक मे जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए स्वच्छता अभियान में एक महीने के विशेष स्वच्छता कार्यक्रम के तहत साफ-सफाई की जाएगी। इसके लिए सभी सम्बन्धित अधिकारी सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे और स्वच्छता अभियान के दौरान कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। स्वच्छता अभियान के दौरान



बैठक में दिशा-निर्देश देते विधायक सुभाष सुधा।

शहरवासियों से अनुरोध किया जाएगा कि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कूड़ेदान में डालें ताकि नगर परिषद थानेसर द्वारा लगाए गए डम्परों द्वारा कूड़े का अलग-अलग उठान हो सके। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के टिप्परों में गीले और सुखे कचरे के लिए अलग-अलग व्यवस्था कर दी गई है, इसके साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट के लिए प्रत्येक टिप्पर में एक अलग बाक्स की भी लगाया है। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र जिले के किसी भी होटल के आसपास भी गंदगी के ढेर नजर नहीं आने चाहिए। इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी इन क्षेत्रों पर पैनी निगाह रखें। उन्होंने कहा कि सभी शहरवासियों से लगातार अपील की जा रही है कि जो भी टिप्पर व कर्मचारी कचरा एकत्रित करने के लिए उनके घर पर पहुंचे उनका सहयोग करें।

# राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मोबाइल वॉटर टैस्टिंग लैब वैन को दिखाई हरी झंडी

पीएल वर्मा। कैथल



वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कमलेश ढांडा।

**महिला** एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि जल है तो जीवन है, इसी आधार पर केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा क्रियान्वित योजना के तहत हर घर में नल और हर नल में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। कलायत हलके में इस योजना के तहत 18 करोड़ रुपये की लागत से काम शुरू कराए जा चुके हैं तथा 42 करोड़ रुपये के कार्य का प्रस्ताव तैयार कर किया गया है, जिस पर जल्द कार्य होंगे।

वे लोक निर्माण विश्राम गृह से खंड कलायत के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत पानी की जांच के लिए मोबाइल वॉटर टैस्टिंग लैब वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत लोगों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह वैन हर गांवों में पानी की गुणवत्ता की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि हर एक गांव में और हर घर में साफ पानी उपलब्ध होगा। इस मिशन के तहत देशभर में हर घर में स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य 2024 तक रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर में नल के जरिये स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। पीने के पानी की समस्या खासकर ग्रामीण इलाकों में ज्यादा विकट है और इस समस्या से सबसे ज्यादा महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल जीवन मिशन के तहत युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ मिशन को जल्द से जल्द सफल बनाने के लिए प्रयास कर रही है। कलायत हलके में पीने के पानी को हर घर में पहुंचाने के लिए 18 करोड़ रुपए की लागत से काम हो चुका है और 42 करोड़ रुपये के कार्य शीघ्र शुरू होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में एक करोड़ रुपये की मोबाइल वाटर टेस्टिंग लेबोरेट्री वैन प्रदेशवासियों के लिए अच्छी सौगात लेकर आई, ताकि गुणवत्ता वाला पानी हर घर में पहुंचाना सुनिश्चित किया जा सके।

यह मोबाइल लाइव गांव-गांव जाकर पानी के सैंपल लेकर मौके पर ही पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देगी। कलायत में जिन अधिकारियों की सीटें खाली हैं, उन्हें जल्द भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी व कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतेगा तो उस पर कार्रवाई भी की जाएगी।

# भाजपा और कांग्रेस के संगठन के गठन पर टिकी निगाहें

ईश्वर धामु। भिवानी

**हरियाणा** की राजनीति में सभी की नजरें भाजपा और कांग्रेस के संगठन पर लगी हुई हैं। बताया जा रहा है कि हरियाणा भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची तैयार है। इस सूची पर आला कमान ने भी अपनी मोहर लगा दी है, लेकिन बरोदा उपचुनाव के चलते यह सूची जारी नहीं की जा सकी। पार्टी का संगठन सचिव बदले गये।

अब चर्चाकार बता रहे हैं कि 24 नवंबर के बाद कभी भी सूची जारी हो सकती है। इस सूची के साथ ही कई जिलों के पदाधिकारियों की सूची भी जारी होगी। भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं की नजरें प्रदेश और जिला सूची पर लगी हुई है। भाजपा से जुड़े सूत्र बताते हैं कि कई जिलों की सूची पर पुराने कार्यकर्ताओं की नजरें इसलिए टिकी हुई हैं कि भाजपा के मंडल पदाधिकारियों की सूची पर असंतोष उभर कर सामने आया है। दूसरी ओर भाजपा के उच्च स्तर पर जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रदेश के पदाधिकारियों की आने वाली सूची बड़ी ही संतुलित होगी। इसमें हर क्षेत्र और वर्ग का ध्यान रखा गया है। दूसरी ओर चर्चाकारों की

## बरोदा उपचुनाव के बाद कांग्रेस का संगठन बनाना सैलजा के लिए चेतावनी

निगाहें कांग्रेस के संगठन पर भी लगी हुई हैं। क्योंकि कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा बरोदा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टी आला कमान के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर चुकी हैं। इसलिए यह समझा जाता है कि कुमारी सैलजा ने संगठन को लेकर भी आला कमान से चर्चा की है।

कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि अब पार्टी को खड़ा करने की कवायद की जाएगी। चर्चाकारों ने बताया है कि संगठन ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के समर्थकों का वर्चस्व रहेगा लेकिन सणदीप सुरजेवाला, कुलदीप बिश्नोई, किरण चौधरी व अजय यादव के समर्थकों को समान रूप से जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यह भी जानकारी मिली है कि संगठन को लेकर कुमारी सैलजा बहुत जल्द भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से बैठक करेगी। वैसे भी बरोदा उपचुनाव में कांग्रेस की सम्मानजनक जीत के बाद पार्टी में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का कद बढ़ा है।

# एजेंसियों ने धान उठान का 99 फीसदी कार्य किया पूरा : बराड़

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि मंडियों में धान की आवक काफी मात्रा में आ रही है, इस आवक में से खरीद केन्द्रों में 20 नवम्बर तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा 10 लाख 57 हजार 249 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसके साथ-साथ खरीदी गई धान में से 10 लाख 50 हजार 910 मीट्रिक टन धान उठान के साथ 99 फीसदी उठान कार्य पूरा कर लिया गया है।

उपायुक्त बराड़ ने शनिवार को कहा कि डीएफएसी विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी मंडियों में लगाई गई है ताकि मंडियों में धान लेकर आने वाले किसानों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक की रिपोर्ट के आधार पर जिला कुरुक्षेत्र मंडियों व खरीद केन्द्रों से 10,57249 मीट्रिक टन धान खरीदी गई है। इस आवक में से फूड सप्लाई विभाग ने 7,79770 मीट्रिक टन, हैफेड ने 2,75758 मीट्रिक टन व एफसीआई द्वारा 1721 मीट्रिक टन धान की खरीद का कार्य पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक फूड सप्लाई विभाग ने 7,74444 मीट्रिक टन व हैफेड ने 2,74745 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 1721 धान उठान कार्य हो चुका है।

# खिलाड़ी मनोज के हत्यारों को पकड़वाने के लिए कृषि मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

**भिवानी।** जन संघर्ष समिति, लेबर क्रांति मोर्चा, जनवादी महिला समिति, महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स अकेडमी, किसान सभा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, आम आदमी पार्टी व युवा कल्याण संगठन की ओर से खिलाड़ी मनोज यादव के हत्यारों की पकड़वाने की मांग को लेकर कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल के आवास पर प्रदर्शन किया। संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला पुलिस प्रशासन के ढूलमूल रवैये के चलते अपराधी फरार हैं। इस हत्याकांड मामले को लेकर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री से बात करके सीबीआई के हवाले किया जाए। संगठनों की ओर से कृषि मंत्री के प्रतिनिधि बलवान सिंह जांगड़ा को ज्ञापन सौंपा। मंत्री के आवास पर बैरिकेड लगाकर भारी पुलिस बल तैनात था।

# कल्याण नगर, पिपली, मिर्जापुर सहित 22 स्थानों को बनाया कंटेनमेंट जोन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जिलाधीश** एवं उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि कोरोना वायरस के फैलाव एवं रोकथाम के लिए कुरुक्षेत्र जिला में कल्याण नगर, पिपली, मिर्जापुर, सेक्टर-3, 5, 7, थानेसर वार्ड 2, 6, 8, 22, 30, 31, डीडी कालोनी खेड़ी मारकंडा, कंवार खेड़ी आदि में 22 स्थानों पर कोरोना पाजीटिव केस मिलने पर कंटेनमेंट जोन बनाने के आदेश दिए है। इन क्षेत्रों में कंटेनमेंट और बफर जोन बनाकर नोडल अधिकारी नियुक्त कर हेल्प लाईन नम्बर भी जारी किए गए है।

उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि 22 स्थानों पर कोरोना सैम्पलों की रिपोर्ट पाजीटिव आई है, जिसके तुरंत बाद ही सम्बन्धित क्षेत्रों को कंटेनमेंट व बफर जोन में शामिल करते हुए सेनिटाइज करने के आदेश दिए है। इन क्षेत्रों में प्रर्याप्त मात्रा में टीमों का गठन करके डोर टू डोर जाकर प्रत्येक व्यक्ति की स्क्रीनिंग और थर्मल चैकिंग की जाएगी और सभी टीमे सिविल सर्जन के आदेशानुसार कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि इन कंटेनमेंट जोन और बफर जोन को सम्बन्धित विभाग द्वारा गाईड लाईंस के अनुसार पूरी तरह सेनिटाइज करवाया जाएगा। पुलिस, हरियाणा रोडवेज कुरुक्षेत्र, जिला विपणन एवं प्रवर्तन अधिकारी, बिजली विभाग, कार्यकारी अभियंता पब्लिक हेल्थ व लोक निर्माण विभाग अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित प्रबंध करेंगे। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित क्षेत्र के नोडल अधिकारी कन्ट्रोल रूम में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करेंगे और इस कन्ट्रोल रूम की नियमित रूप से रिपोर्ट तैयार करके जिला मुख्यालय को भेजेंगे। अगर किसी अधिकारी और कर्मचारी ने किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जिले के 17 कंटेनमेंट जोन क्षेत्रों को किया डी-नोटिफाई

**जिलाधीश** एवं उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की एडवाईजरी के अनुसार जिले के खेड़ी ब्राहमणा, ज्योतिनगर, कंवार खेड़ी, थानेसर वार्ड 3, 6, शास्त्री नगर, ढेरु माजरा, सैक्टर 3, 7, खासपुर, हंसाला, गणेश कालोनी सहित 17 कंटेनमेंट व बफर जोन क्षेत्र से निजात दे दी गई है। प्रशासन द्वारा निर्धारित दिनों के अनुसार समयावधि समाप्त होने पर कंटेनमेंट तथा बफर जोन को हटा दिया है, लेकिन कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को भी अभी पूरी सतर्कता बरतनी होगी और सोशल डिस्टैंस, मास्क लगाने के नियमों की पालना करनी होगी।

# उर्वरकों की ब्लैक मार्केटिंग रोकने को कमेटियों का गठन

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव के दिशा-निर्देशानुसार जिला कुरुक्षेत्र में यूरिया व डीएपी उर्वरकों की ब्लैक मार्केटिंग, चोरी, दैनिक उपलब्धता व खपत, खरीदारों द्वारा बड़ी, एकाधिक खरीद पर नजर रखने के लिए जिला, उपमंडल व ब्लाक स्तर पर अधिकारियों की कमेटियों का गठन किया गया है।

यह कमेटियां सम्बन्धित विषय पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एक्शन टेकन रिपोर्ट उप-निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय मे भिजवाना सुनिश्चित करेंगी व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी इस रिपोर्ट को निरंतर हरियाणा सरकार को भिजवाएंगे। उपायुक्त शरणदीप कौर ने शनिवार को जारी आदेशों में कहा कि जिला स्तर की कमेटी में अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक/प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र व उप-निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कुरुक्षेत्र को शामिल किया गया है।

इसी प्रकार उपमंडल स्तर की कमेटी में सम्बन्धित उपमंडल अधिकारी नागरिक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उप अधीक्षक पुलिस कुरुक्षेत्र, उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधि व ब्लाक स्तर कमेटी में सम्बन्धित क्षेत्र के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सम्बन्धित एडीओ, बीएईओ, प्रतिनिधि कृषि विभाग कुरुक्षेत्र, सम्बन्धित क्षेत्र के थाना प्रभारी को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि यह कमेटिया अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर निरीक्षण व छापेमारी कर रासायनिक खादों की कालाबाजारी करने पर वालों पर नजर रखेंगी और नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगी।

प्रेरणा



पायनियर हरियाणा

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

रास्तों में जो कांटे हैं उन्हें हटा देंगे हम,
बोझ आपके दिल से घटा देंगे हम,
लिखेंगे कुछ ऐसा कि आपको साहस मिले,
धूल अंधेरों को चटा देंगे हम।

# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर्स व दुकानदारों ने सौंपा मंत्री को ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**अनुबंधित** आधार पर कॉलेजों में अनुबंधित आधार पर लगे कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर्स व बावल नगर पालिका के शॉपिंग कांप्लेक्स के दुकानदारों ने शनिवार को सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारीलाल को ज्ञापन सौंपा। इंस्ट्रक्टर्स ने उन्हें पदमुक्त नहीं किए जाने तथा दुकानदारों ने रजिस्ट्री में आ रही परेशानी से निजात दिलाने की मांग की। मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनका निदान करने के निर्देश दिए।

मंत्री डॉ. बनवारीलाल अपने निवास पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। विभिन्न गांवों से आए लोगों ने मंत्री को अतिक्रमण की समस्या से अवगत



अपने निवास पर लोगों की समस्याएं सुनते सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारीलाल।

कराया। मंत्री ने समस्याएं सुनने के बाद अधिकारियों को इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इसी बीच कॉलेजों में अनुबंध आधार पर नियुक्त कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर उनके पास पहुंचे तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि उन्हें सरकार की ओर से कार्यमुक्त नहीं किया जाना चाहिए, क्यों कि कॉलेजों में उनसे संबंधित कार्य भी अधिक है। इसके बाद बावल नगर पालिका शॉपिंग कांप्लेक्स के दुकानदार भी वहां पहुंचे तथा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दुकानदारों ने कहा कि उन्हें रजिष्ट्री कराने में समस्या आ रही है। मंत्री ने सभी की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को उनका निदान करने के निर्देश दिए। डॉ. बनवारीलाल ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा दिए जाने के साथ हैफेड से संबंधित उत्पाद बिक्री के लिए आउटलेट खोले जाएंगे, जहां सभी आवश्यक सामान की बिक्री की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उगते सूरज को अर्घ्य देकर की छठ पूजा



**कुरुक्षेत्र।** छठ पर्व सेवा समिति हरियाणा द्वारा आयोजित छठ महोत्सव 2020 शनिवार अलसुबह समपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पासवान ने बताया कि कोविड-19 को देखते हुए कम संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना की गई। छठ महापर्व के चौथे दिन सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर छठ व्रत पूर्ण हुआ। समिति द्वारा व्रत समपन्न होने पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने छठ आरती में भाग लिया। पासवान ने बताया कि अगले वर्ष छठ पूजा पहले आयोजनो की तरह भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने केडीबी प्रशासन, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न, दोशाला एवं श्रीफल भेंट किया। इस मौके पर डा. अर्जुन पासवान, जीताराम पाल, सुदेश पाल, रविंद्र कुमार, अजय पासवान, डा. अरूण पासवान, राकेश कुमार पासी, लाल बहादुर मैहतो, राजेंद्र मैहत्तो, राजकुमार पाल, रामविलास पासवान, प्रकाश यादव, हीरालाल पासवान, मनीराम, गेंदा राम, सरोज सिंह, कमल पासवान, शंकर पासवान, विनोद, राजेंद्र गुप्ता, अनिल ठेकेदार शामिल रहे।

### दूसरे की जगह दे रहा था डीएलएड की परीक्षा, धरा गया

**रेवाड़ी।** शहर के हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रही डीएलएड की परीक्षा के दौरान दूसरे की जगह पेपर देते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। शिक्षा विभाग की ओर से संचालित डीएलएड की परीक्षा के लिए जिले में बहुत से परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भी शामिल था। परीक्षा केंद्र रामसिंह ने परीक्षा दे रहे सभी परीक्षार्थियों की जांच की। जांच करने पर पाया कि एक युवक किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा दे रहा है। केंद्र अधीक्षक ने तुरंत इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान बिहार के सुपौल जिला के गांव सरायगढ़ निवासी सतीश के रूप में हुई। पूछताछ में सतीश कुमार ने बताया कि वह प्रेम सागर पुत्र भूपेंद्र यादव की जगह पेपर दे रहा था। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केंद्र अधीक्षक रामसिंह की शिकायत पर आरोपी सतीश के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जनसंघ विकास संगठन एक जुट होकर कर रहा है कार्य



**कुरुक्षेत्र।** जनसंघ विकास संगठन भारत के हरियाणा इकाई की एक बैठक संस्थापक पंडित चरण सिंह विशिष्ठ के दिशा निर्देश अनुसार जिला कार्यालय कुरुक्षेत्र में हुई, जिसमें हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार त्यागी ने विशेष तौर से शिरकत की। उनहेंने संगठन के प्रचार प्रसार में नीतियों पर विचार विमर्श किया गया। सह संस्थापक पवन सैनी व जिला कुरुक्षेत्र अध्यक्ष चंद्र अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनसंघ विकास संगठन पूरे भारतवर्ष में समाज सेवा व हिंदुत्व की रक्षा हेतु कार्य कर रहा है। प्रदेशाध्यक्ष ने समाज को करोना जैसी महामारी से निपटने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए नियमों की पालना करने की अपील करते हुए कहा कि आप सभी नियमों का पालन करें और खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखें।

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से की कार्य की समीक्षा

**भिवानी।** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना की समीक्षा की। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत किए जा रहे कार्य में तेजी लाने व निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से लाल डोरा के अंदर आने वाले लोगों को उनके जमीन का मालिकाना हक मिलेगा, जिसके साथ अन्य ऋण संबंधी लाभ भी सीधे रूप से जुड़े हैं। वीडियो कॉफ्रेंस के दौरान उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य ने राजस्व और विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरे देशभर में स्वामित्व योजना को लागू किया गया है, जिसके तहत लाल डोरा के अंदर की जमीन की रजिस्ट्री बनाई जा रही हैं। इससे जमीन के मालिकों को उनका वास्तविक हक प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि जमीन की रजिस्ट्री होने से भू-स्वामी अनेक प्रकार ऋण संबंधी योजनाओं का लाभ भी ले सकता है। मकान या जमीन अपने नाम से होने से अपने आपको गर्व भी महसूस होता है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि 25 दिसंबर तक जिला में 38 गांवों में स्वामित्व का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे हर हाल में पूरा करना है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि विभाग की सभी औपचारिकताओं को समय पर पूरा किया जाए। इसके लिए ग्राम सभा की बैठकें निर्धारित की जाए तथा जमीन के बारे में दावे एवं आपत्तियां का निपटारा किया जाए।

### असंध बार एसोसिएशन के निर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ



**असंध।** गत दिनों असंध बार एसोसिएशन के चुनावों में निर्वाचित सदस्यों का बार परिसर में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चुने गए सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट चन्दरपाल राणा, उपाध्यक्ष अनिल पांचाल, महासचिव गुरपाल भट्टी, सहसचिव पद के लिए वीरेन्द्र सिंह ने शपथ ली। चुनाव अधिकारी नरेन्द्र शर्मा व गुरप्रीत बाजवा ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य राज कुमार चौहान, हरियाणा प्रदेश ग्रन्थ अकादमी के चेयरमैन वीरेन्द्र सिंह चौहान व कांग्रेस के प्रदेश सचिव एडवोकेट साहब सिंह मर्दान खेड़ा ने कहा कि हर गरीब को कम खर्च में न्याय मिल सके इसके लिए वकील साथी मिल कर पूरा प्रयास करें व नए वकीलों को प्रोत्साहन करें। बार के अध्यक्ष चन्दरपाल ने आये अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बार काउंसिल के सदस्य राज कुमार चौहान असंध बार के लिये बहुत योगदान कर रहे है। भविष्य में भी उनसे सहयोग की आकांक्षा करते है। इस अवसर पर बार के पूर्व प्रधान सतीश कौशिक, सोहन लाल सिंघल, सतप्रकाश शर्मा, महाबीर कौशिक, सुखबीर मान, गुरमीत दूहन, संजीव शर्मा, संजय राणा, इंद्रजीत, सोनिया बोहत, प्रताप सिंह, सुनील चौधरी, ओमदत्त कौशिक, चरणदास बंसल, श्रीओम राणा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी दिवस

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का राज्य स्तरीय शहीदी दिवस मनाया जाएगा। समागम को लेकर एचएसजीपीसी के कार्यकारिणी सदस्य जत्थेदार सतपाल सिंह रामगढिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जत्थेदार सतपाल सिंह ने बताया कि एचएसजीपीसी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का राज्य स्तरीय शहीदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। शहीदी दिवस के संबंध में 23 और 24 नवंबर को लाडवा के गांव झिवरेहड़ी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा थड़ा साहिब में 2 दिवसीय महान गुरमति समागम करवाया जाएगा। जिसमें एचएसजीपीसी प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल, सुखप्रीत सिंह, ज्ञानी तेजपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह लांडरा वालों का ढाडी जत्था संगत को गुरु इतिहास द्वारा निहाल करेगा। इस मौके पर मुखतयार सिंह, कंवलजीत सिंह, जसवंत सिंह, राजिंद्र सिंह, जसपाल सिंह मौजूद रहे।

# कोविड-19 संकट समाप्त करने के लिए जी-20 सदस्य देशों को और प्रयास करने की जरूरत : सीतारमण

**वीडियो कांफ्रेन्स के जरिए आयोजित जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों के साथ हुई बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कोविड-19 संकट समाप्त करने के लिए जी-20 देशों से और प्रयास किए जाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सस्ती दर पर और सभी तक टीके की पहुंच आसान बनाना महत्वपूर्ण कदम है।

वीडियो कांफ्रेन्स के जरिए आयोजित जी-20 देशों वित्त मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। विकसित और विकासशील देशों के समूह की यह बैठक वैश्विक आर्थिक परिदृश्य, कोविड-19 संकट के जोखिम को कम करने तथा संकट के दौरान शुरू की गई सामूहिक वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा के लिए हुई। यहां जारी



आधिकारिक बयान के अनुसार, वित्त मंत्री ने संकट को समाप्त करने के लिए जी-20 सदस्य देशों से और प्रयासों की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने इस दिशा में सस्ती दर पर और सभी तक टीके की आसान पहुंच को महत्वपूर्ण कदम बताया। सीतारमण ने जी-20 कार्य योजना को समूह की आर्थिक प्रतिक्रिया का मुख्य आधार बताया। उन्होंने कहा कि यह न केवल हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों को समन्वित कर रहा है बल्कि हमारे दीर्घकालीन पुनरूद्धार प्रयासों के लिए भी दिशानिर्देश उपलब्ध कराता है। जी-20 सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों ने अप्रैल में कोविड-19 महामारी को लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया के लिए कार्य योजना प्रकाशित की थी। कार्य योजना में स्वास्थ्य, आर्थिक और वित्तीय कदम शामिल हैं जिस पर जी-20 सदस्य देशों ने सहमति जताई है। साथ ही इसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत और टिकाऊ बनाने को लेकर उपायों का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा इसमें जरूरतमंद देशों को मदद देने तथा मौजूदा संकट से सीख लेते हुए भविष्य में आने वाली समस्याओं से निपटने के उपायों की बात कही गई है। सीतारमण ने कहा कि सऊदी अरब की अध्यक्षता में जी-20 की एक महतवपूर्ण उपलब्धि कर्ज सेवा निलंबन पहल है। उन्होंने कहा कि इसे हकीकत रूप देने के लिए सभी जी-20 सदस्य देशों को संयुक्त रूप से समन्वित प्रयास करने की जरूरत है।

अफगानिस्तान तभी सफल होगा

# जब डूरंड रेखा के पार से आतंकी गतिविधियां संचालित न हों : भारत

**भारत ने कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए : तिरुमूर्ति**

**योशिता सिंह।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए संयुक्त राष्ट्र से कहा है कि अफगानिस्तान तभी सफल हो सकता है जब डूरंड रेखा के पार से अब और आतंकवादी गतिविधियों का संचालन नहीं हो।

भारत ने कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और सुरक्षा परिषद को ऐसी ताकतों के खिलाफ स्पष्ट रूप से बोलना चाहिए। डूरंड रेखा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 2,640 किलोमीटर लंबी सीमा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने शुक्रवार को कहा, हमारा विचार है कि शांति प्रक्रिया और हिंसा साथ में नहीं चल सकते और हम तत्काल समग्र संघर्ष विराम का आह्वान करते हैं। अफगानिस्तान में दीर्घकालिक शांति के लिए हमें डूरंड रेखा के पार से संचालित आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाहों को खत्म करना होगा।

अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया को समर्थन देने में सुरक्षा परिषद की भूमिका विषय पर आयोजित एरिया फॉर्मूला बैठक में उन्होंने कहा कि अलकायदा/दाएश प्रतिबंध समिति के तहत एनालिटिकल सपोर्ट ऐंड सैंक्शन्स मॉनिटरिंग टीम की रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है कि अफगानिस्तान में विदेश लड़ाके मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में हिंसा को खत्म करने के लिए आतंकवादियों की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ना होगा। तिरुमूर्ति ने कहा, समय आ गया है कि सुरक्षा परिषद हिंसा और आतंकवादी ताकतों तथा कृत्यों के खिलाफ स्पष्ट रूप से बोले तथा आतंकवादी ठिकानों और उनकी सुरक्षित पनाहों के खिलाफ कार्रवाई करें।

उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, अफगानिस्तान तभी सफल हो सकता है जब डूरंड रेखा के पार से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन नहीं हो। अफगानिस्तान के भविष्य को आकार देने में आतंकवाद और हिंसा की कोई भूमिका नहीं हो सकती। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि अफगानिस्तान या क्षेत्र के किसी अन्य देश को खतरा पहुंचाने वाले आतंकवादियों को कोई पनाह नहीं दे।



### अफगानिस्तान की स्थिति गंभीर

**तिरुमूर्ति** ने कहा कि आज अफगानिस्तान गंभीर स्थिति में है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासतौर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के लिए सभी संबंधित पक्षों को सही संदेश भेजना महत्वपूर्ण है। भारतीय राजदूत ने इस बात पर भी जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पिछले दो दशकों में मिले लाभों को गंवा नहीं सकता क्योंकि अब तक हुई प्रगति बहुत ही मेहनत से अर्जित की गई है। उन्होंने कहा कि भारत 2001 से अफगानिस्तान में विकास, पुनर्निर्माण तथा क्षमता निर्माण के लिए तीन अरब डॉलर की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

# ट्रंप के चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप वाले मुकदमे अदालतों में औंधे मुंह गिर रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक ओर तो चुनाव परिणामों को पलटने के अपने प्रयासों को तेज करने का संकल्प ले रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा दी गई कानूनी चुनौतियों को देशभर के न्यायाधीश लगातार खारिज कर रहे हैं। ट्रंप का अभियान चुनाव में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के अपने आरोपों के समर्थन में कुछ सबूत पेश नहीं कर सका है ऐसे में अदालतों में ए मुकदमे ठहर नहीं पा रहे। विशेषज्ञों का मानना है कि चुनाव में धोखाधड़ी जैसा कुछ नहीं हुआ है तथा ट्रंप नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन को जनवरी में पदभार संभालने से रोकने में कामयाब नहीं होंगे। इस हफ्ते एक दिन के भीतर ट्रंप और उनके रिपब्लिकन सहएगी तीन राज्यों में चुनाव परिणामों के प्रमाण-पत्र को रोकने की खातिर दर्ज करवाए गए मुकदमों में या तो हार गए या फिर वे मुकदमे खारिज कर दिए गए।

एरिजोना में न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को रिपब्लिकन सदस्यों की ओर से चुनाव परिणामों के प्रमाण-पत्र को स्थगित करने की मांग करने वाले मुकदमे को खारिज कर दिया। इसी दिन जॉर्जिया के एक न्यायाधीश ने भी इसी तरह की मांग को लेकर दायर अनुरोध खारिज कर दिया। वहीं, मिशिगन में ट्रंप के अभियान ने अपना मुकदमा बृहस्पतिवार को वापस ले लिया।

### ट्रंप सहित एपेक नेताओं ने मुक्त व्यापार पर सहमति जताई

**कुआलालंपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच (एपेक) के नेताओं ने कोरोना वायरस के चलते कठिनाइयों का सामना कर रहीं अर्थव्यवस्थाओं को फिर से पटरी पर लाने के लिए मुक्त, खुले और गैर-भेदभावपूर्ण व्यापार और निवेश की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। एपेक नेताओं ने 2017 के बाद से शुक्रवार को अपना पहला संयुक्त बयान जारी करने के लिए मतभेदों को अलग रखा, और 21 एपेक अर्थव्यवस्थाओं के बीच बड़े पैमाने पर मुक्त व्यापार समझौते और क्षेत्रीय एकीकरण को मजबूत बनाने पर सहमति जताई। इस साल की बैठक के मेजबान देश मलेशियाई के प्रधानमंत्री मोहिउद्दीन यासीन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका और चीन के व्यापार युद्ध, जिसके चलते अतीत में वार्ता बाधित हुई।

# लक्ष्मी विलास बैंक : आरबीआई ने अंतिम विलय योजना को अगले सप्ताह टाला

**एजेंसी।** मुंबई

**रिजर्व** बैंक ने डीबीएस इंडिया के साथ लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) के अंतिम विलय की पक्की योजना की घोषणा को संभवत: अगले सप्ताह के लिए टाल दिया है। पहले केंद्रीय बैंक यह योजना शुक्रवार को जारी करने वाला था। केंद्रीय बैंक के एक अधिकारी के अनुसार, रिजर्व बैंक के अगले सप्ताह ऐसा करने की संभावना है।

रिजर्व बैंक ने लक्ष्मी विलास बैंक के ऊपर पाबंदियां लगाने के साथ ही 17 नवंबर को उसके विलय का मसौदा भी जारी किया था। रिजर्व बैंक ने कहा था कि वह 20 नवंबर को अंतिम विलय योजना जारी करेगा। हालांकि 20 नवंबर की रात 10 बजे तक रिजर्व बैंक ने अंतिम योजना जारी नहीं की। संपर्क किए जाने पर रिजर्व बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब यह योजना अगले सप्ताह की शुरुआत में जारी की जाएगी।


लक्ष्मी विलास बैंक में प्रवर्तकों के पास महज 6.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसमें 4.8 प्रतिशत हिस्सेदारी केआर प्रदीप के पास तथा शेष दो प्रतिशत हिस्सेदारी अन्य तीन प्रवर्तक परिवारों एन राममित्रम, एनटी शाह और एसबी प्रभाकरन के पास है। बैंक में इंडियाबुल्स हाउसिंग की अगुवाई वाले संस्थागत निवेशकों की 20 प्रतिशत से कुछ अधिक तथा खुदरा शेयरधारकों की 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। अन्य संस्थागत निवेशकों में प्रोलिफिक फिनवेस्ट (3.36 प्रतिशत), श्रेई इंफ्रा फाइनेंस (3.34 प्रतिशत), कैपरी ग्लोबल एडवाइजरी सर्विसेज (2 प्रतिशत), एमएन दस्तूर एंड कंपनी (1.89 प्रतिशत), कैपिटल ग्लोबल होल्डिंग्स (1.82 प्रतिशत), ट्रीनिटी अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (1.61 फीसदी), बॉएंस इंफ्रास्ट्रक्चर (1.36 फीसदी) और एलआईसी (1.32 फीसदी) शामिल हैं।

### बैंकों का ऋण 5.67 प्रतिशत, जमा 10.63 प्रतिशत बढ़ा : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** छह नवंबर को समाप्त पखवाड़े में बैंकों का दिया गया ऋण 5.67 प्रतिशत बढ़कर 104.04 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों में यह पता चला। इस दौरान बैंकों के पास जमा 10.63 प्रतिशत बढ़कर 143.80 लाख करोड़ रुपये हो गई।आठ नवंबर 2019 को समाप्त पखवाड़े में बैंकों का ऋण 98.46 लाख करोड़ रुपये और जमा 129.98 लाख करोड़ रुपये पर थी। आंकड़ों के अनुसार, 23 अक्टूबर 2020 को समाप्त हुए पखवाड़े में बैंक ऋण 5.06 प्रतिशत और जमा 10.12 प्रतिशत बढ़ गया थी। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, सालाना आधार पर सितंबर 2020 में गैर-खाद्य बैंक ऋण की वृद्धि दर घटकर सितंबर 2019 के 8.1 प्रतिशत की तुलना में 5.8 प्रतिशत पर आ गई। सितंबर 2020 में उद्योग ऋण की वृद्धि दर सितंबर 2019 के 2.7 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में शून्य प्रतिशत रही। आलोच्य अवधि के दौरान कृषि और संबद्ध गतिविधियों के ऋण में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साल भर पहले इसमें सात प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। पिछले साल सितंबर में सेवा क्षेत्र में ऋण की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रही थ्री, जो बढ़कर 9.1 प्रतिशत हो गई। इस दौरान व्यक्तिगत ऋण की वृद्धि दर साल भर पहले के 16.6 प्रतिशत की तुलना में 9.2 प्रतिशत रही।

# एशिया तथा दुनिया में लोगों को गायब करने के खिलाफ अमेरिकी सदन में प्रस्ताव

**एशिया समेत दुनिया के लोगों को गायब करने की घटनाओं को बंद करने की मांग की गई**



**वाशिंगटन।** अमेरिका के दो शक्तिशाली सांसदों ने प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसमें एशिया समेत पूरी दुनिया में लोगों को गायब करने की घटनाओं को बंद करने की मांग की गई है। इस प्रस्ताव में श्रीलंका में तमिल भाषी लोगों और चीन में उईगर मुस्लिमों समेत सभी पीड़ितों के लिए न्याय और जवाबदेही का समर्थन किया गया है।

यह प्रस्ताव कांग्रेस सदस्य ब्रैड शेरमैन और जैमी रस्किन लेकर आए हैं तथा इसमें अमेरिका द्वारा इंटरनेशनल कन्वेंशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ ऑल पर्सन्स फ्रॉम एन्फोर्स्ड डिसअपिरियंसेस का अनुमोदन करने की मांग की गई है। शेरमैन ने कहा, मानवाधिकारों के इस किस्म के उल्लंघनों के बारे में कुछ करने की जरूरत है।

लोगों को गायब करने तथा मानवाधिकारों के अन्य उल्लंघनों के बारे में हमें अपनी आवाज उठानी चाहिए और इन्हें बंद करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। रस्किन ने कहा कि लोगों को गायब करने की समस्या एशिया तथा दुनिया के अन्य हिस्सों में मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन करने वाली है। प्रस्ताव में पाकिस्तान के सिंध समुदाय, श्रीलंका के तमिलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, इंडोनेशिया में सुहार्तो शासन के पीड़ितों और चीन के उईगर मुस्लिमों के खिलाफ इस तरह के घृणित अपराध को रोकने तथा सभी पीड़ितों के लिए न्याय एवं जवाबदेही का समर्थन किया गया है। इस प्रस्ताव का एमनेस्टी इंटरनेशनल ने समर्थन किया है।

### जीएसटी महानिदेशालय ने 3.5 करोड़ की कर धोखाधड़ी में एक व्यक्ति गिरफ्तार किया

**नागपुर।** जीएसटी सतर्कता महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 35 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जी लेन-देन दिखाने तथा फर्जी बिलों के नाम पर 3.5 करोड़ रुपये की कर धोखाधड़ी करने वाली एक स्थानीय फर्म के मालिक को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि पेंट, सीमेंट और लोहे व इस्पात के उत्पादों का करोबार करने वाली नागपुर स्थित ट्रेडिंग कंपनी के परिसर में डीजीजीआई नागपुर जोनल यूनिट के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को तलाशी ली। तलाशी में पता चला कि उक्त कंपनी है ही नहीं और बताए गए परिसर में एक प्रिंटिंग प्रेस चल रहा है। प्रेस के मालिक को उक्त कंपनी या वैसी किसी कंपनी के बारे में कुछ मालूम भी नहीं था। हालांकि उक्त कंपनी के मालिक का पता लगा लिया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति ने शुरुआती पूछताछ में कंपनी के साथ किसी प्रकार का संबंध होने से इनकार किया। बाद में दस्तावेजों की मदद से कंपनी के साथ उसका संबंध स्थापित किया गया। उक्त कंपनी ने 3.51 करोड़ रुपये के कर की धोखाधड़ी की। इसमें 2.75 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट लाभ शामिल है।

कोविड-19 के खिलाफ अभियान में अहम मोड़ पर भारत


# अभी नहीं बरत सकते ढिलाई : अंबानी

**भारत हर बार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरा है**

**एजेंसी।** गांधीनगर

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मुकेश अंबानी ने शनिवार को कहा कि भारत कोरोना वायरस के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके पर पहुंचकर अब ढिलाई नहीं बरती जा सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए साहसिक सुधारों से आने वाले वर्षों में तेजी से आर्थिक पुनरुद्धार होगा और तीव्र प्रगति होगी। अंबानी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब देश के कुछ हिस्सों में कोविड-19 के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। इसके कारण प्रशासन को पाबंदियां लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद में प्रशासन ने रात का कर्फ्यू लागू किया है जबकि दिल्ली जैसे शहरों में आवागमन पर कुछ पाबंदियां लगाई गई हैं। अंबानी ने पंडित



दीनदयाल पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के आठवें दीक्षांत समारोह में कहा, भारत ने कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश किया है। हम इस मोड़ पर ढिलाई नहीं बरत सकते।

अंबानी इस संस्थान के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि भारत की एक प्राचीन भूमि है और इसने इतिहास में भी कई प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया है। भारत हर बार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरा है, क्योंकि लचीलापन लोगों और संस्कृति में गहराई से निहित है। अंबानी ने समारोह को आभासी माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें कोविड-19 के बाद के काल में शानदार वृद्धि दिखाई दे रही है। उन्होंने स्नातक हो रहे विद्यार्थियों से कहा कि वे घबराहट छोड़ उम्मीद तथा भरोसे के साथ परिसर के बाहर की दुनिया में प्रवेश करें। अंबानी ने कहा कि आर्थिक वृद्धि अगले दो दशक में अप्रत्याशित अवसर सृजित करेगी और भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा।

देश के सबसे अमीर कारोबारी ने कहा, अभी दुनिया के समक्ष इस बात की चुनौती है कि क्या हम बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए ऊर्जा का उत्पादन कर सकते हैं। अभी दुनिया को जितनी ऊर्जा की जरूरत पड़ रही है, इस सदी के मध्य में दुनिया इससे दोगुनी ऊर्जा का इस्तेमाल करेगी। भारत की प्रति व्यक्ति ऊर्जा जरूरतें अगले दो दशक में दोगुनी हो जाएंगी। अंबानी ने कहा कि भारत को आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ ही स्वच्छ व हरित ऊर्जा की महाशक्ति बनने के दोहरे लक्ष्य को एकसाथ प्राप्त करने की जरूरत है।

# कोविड-19 टीके को विकसित करने में अब तक मिली सफलता से उम्मीद की किरण दिखी : एंतोनियो गुतेरस

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरस ने कोविड-19 के लिए टीका विकसित करने में अब तक मिली सफलता को उम्मीद की किरण करार दिया है। उन्होंने टीके को हर किसी तक पहुंचाने पर जोर दिया और समूह-20 देशों से कोरोना वायरस का इलाज और दवा विकसित करने में वैश्विक साझेदारी का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते वैश्विक दवा कंपनियों फाइजर और बायोएनटेक ने घोषणा की थी कि उनके द्वारा विकसित संभावित कोविड-19 टीका 65 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों सहित 95 प्रतिशत तक प्रभावी है। गुतेरस ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, कोविड-19 टीके पर हाल में मिली सफलता उम्मीद की किरण है लेकिन यह उम्मीद की किरण हर किसी तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा, इसका अभिप्राय है कि वैश्विक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए टीका सुनिश्चित किया जाना चाहिए- यह सभी के लिए और हर जगह सुलभ और वहनीय हो, यह लोगों का टीका हो। यह कोई धर्मार्थ नहीं है बल्कि यह महामारी से होने वाली मौतों को रोकने और वायरस को नियंत्रित करने का तरीका है। गुतेरस ने जोर देकर कहा, जीवन एकजुटता में ही निहित है।

महासचिव ने कहा कि पिछले सात महीने में देशों ने टीका विकसित करने, जांच और चिकित्सा पद्धति तलाशने के लिए 10 अरब डॉलर का निवेश किया लेकिन 28 अरब डॉलर और निवेश की जरूरत है जिनमें से 4.2 अरब डॉलर इस साल के अंत तक चाहिए। उन्होंने टीके को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों और दुष्प्रचार पर भी चिंता जताई।

## संक्षिप्त समाचार

### अशोक लीलैंड ने नई अनुषंगी विश्व बसेस एंड कोचेस पेश की

**चेन्नई।** भारी वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लीलैंड ने अपने पूर्ण स्वामित्व वाली नई अनुषंगी कंपनी विश्व बसेस एंड कोचेस लिमिटेड (वीबीसीएल) गठित की है। इसकी चुक्ता शेयर पूंजी 60 करोड़ रुपये है। कंपनी ने कहा कि वीबीसीएल का गठन बसों की बाडी और उनके कोचों के निर्माण कारोबार को चालू रखने के लिए किया गया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि वीबीसीएल उसकी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली अनुषंगी है। कंपनी ने 10 रुपये अंकित मूल्य प्रत्येक शेयर के आधार पर उसमें 60 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एक अन्य सूचना में कंपनी ने कहा कि ब्रिटेन स्थित ऑपरेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 99.24 प्रतिशत से घटकर 91.63 प्रतिशत पर आ गई है। कंपनी ने हिंदुजा ऑटोमोटिव लिमिटेड से लिए गए ऋण को शेयर में बदल दिया है।

### मैजेस्को 631 करोड़ रुपये के शेयर की करेगी पुनर्खरीद

**नई दिल्ली।** बीमा प्रौद्योगिकी कंपनी मैजेस्को 631.26 करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि पुनर्खरीद की शुरुआत 27 नवंबर से होगी और यह 11 दिसंबर तब चलेगी। कंपनी ने कहा, अधिकतम 74,70,540 शेयर की पुनर्खरीद करने का प्रस्ताव है। इसके लिए प्रति शेयर 845 रुपये देने का निर्णय किया गया है। इस प्रकार कुल 631,26,06,300 करोड़ रुपये के शेयरों की पुनर्खरीद की जाएगी। कंपनी ने कहा कि प्रस्तावित पुनर्खरीद उसकी कुल चुक्ता पूंजी के 24.78 प्रतिशत के बराबर है। कंपनी का शेयर बीएसई पर 0.9 प्रतिशत चढ़कर 934.35 रुपये पर बंद हुआ था।

### हाफिज सईद के दो और करीबियों को सजा सुनाई

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मुंबई हमलों के सरगना तथा जमात-उद-दावा (जेयूडी) के प्रमुख हाफिज सईद के दो और करीबियों को आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में शुक्रवार को जेल की सजा सुनाई। लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने जेयूडी के नेताओं मोहम्मद अशरफ को छह साल जबकि लुकमान शाह को साढ़े पांच साल के कारावास की सजा सुनाई। एटीसी न्यायाधीश अरशद हुसैन भट्टा ने उनपर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। इससे पहले, लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत ने बृहस्पतिवार को सईद (70) को आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित दो मामलों में 10 साल के कारावास की सजा सुनाई थी। इसके अलावा इन्हीं मामलों में सईद के दो साथियों जफर इकबाल और याहया मुजाहिद को साढ़े दस-दस साल जबकि उसके बहनोई अब्दुल रहमान मक्की को छह महीने की जेल की सजा सुनाई थी।

### ट्रंप का सबसे बड़ा बेटा कोरोना से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उनके प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि ट्रंप जूनियर के कोविड-19 से पीडि़त होने की पुष्टि इस हफ्ते की शुरुआत में हुई और जांच की रिपोर्ट आने के बाद से वह अपने केबिन में पृथक-वास में हैं। प्रवक्ता ने कहा, अब तक उनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं और वह कोविड-19 संबंधी सभी चिकित्सीय दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं। ट्रंप जूनियर (42) से पहले उनके छोटे भाई बैरोन, पिता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं अमेरिकी प्रथम महिला मेलानिया भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं।

### वर्ल्ड वाइड रेडियो नेविगेशन सिस्टम का अंग बना आईआरएनएसएस

**नई दिल्ली।** भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) को हिंद महासागर क्षेत्र में संचालन के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) ने वर्ल्ड वाइड रेडियो नेविगेशन सिस्टम का अंग बनाया है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस कदम से व्यपारी जहाज भारतीय सीमा के करीब 1500 किलोमीटर के दायरे में समुद्र में अपने जहाज की राह तलाशने में मदद के लिए आईआरएनएसएस का इस्तेमाल कर सकेंगे। अभी ए जहाज ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (ग्लोनास) का इस्तेमाल करते हैं। बयान में कहा गया कि आईएमओ ने चार नवंबर से 11 नवंबर के दौरान हुई बैठक में यह निर्णय लिया।

### शिक्षा से नए निवेशकों को निर्णय लेने में मिलेगी मदद : त्यागी

**नई दिल्ली।** सेबी (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) के चेयरमैन अजय त्यागी ने शुक्रवार को कहा कि निवेशक जागरुकता कार्यक्रम और शिक्षा से नए निवेशकों को सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिलती है। इक्विटी बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के बीच उन्होंने यह बात कही। उन्होंने निवेशकों को यह भी सलाह दी कि वे झूठे वादे और बिन मांगे दिए गए सुझावों में न फंसे। त्यागी ने कहा कि डिमैट खातों की संख्या के साथ म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो की संख्या में वृद्धि के संदर्भ में खुदरा निवेशकों की भागीदारी की प्रवृत्ति उत्साहजनक है। सेबी के विश्व निवेशक सप्ताह में भागदारी की घोषणा करते हुए त्यागी ने कहा, यह जरूरी है कि नए निवेशक सोच-समझकर निर्णय करें। इसमें निवेशकों के बीच जागरूकता और शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इंटरनेशनल आर्गनाइजेशन ऑफ सिक्योरिटीज कमीशंस (आईओएससीओ) विश्व निवेशक सप्ताह का आयोजित कर रहा है। इसका अयोजन 23 नवंबर से 29 नवंबर के बीच होगा। इस साल का विषय है- निवेशक जागरूकता: वित्तीय मजबूती के लिए महत्वपूर्ण। सेबी आईओएससीओ का सदस्य है और शेयर बाजारों, डिपोजिटरीज, निवेशक संगठनों तथा जिंस डेरिवेटिव्स प्रशिक्षकों के साथ निवेशक जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हो रहा है।

### एयरटेल ने अवाडा एमएचबुलढाणा में खरीदी 5.2 % हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने सौर ऊर्जा कंपनी अवाडा एमएचबुलढाणा में 5.2 प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहण की है। कंपनी ने यह सौदा 4.55 करोड़ रुपये के नकद लेनदेन में किया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि अवाडा एमएचबुलढाणा एक नई गठित कंपनी है। यह महाराष्ट्र में एक सौर ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कर रही है जो मार्च 2021 तक परिचालन में आ जाएगा। अवाडा एमएचबुलढाणा, अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ. एस. एन. भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एंव वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### दोहा सप्तम्
### नए रिश्ते

भाई से मिल के बहन, होती बहुत प्रसन्न
पर उससे पहले मिले, जो थोड़ा सम्पन्न

भैया-भाभी तन गए, हवा हो गया प्यार
सम्पत्ति में बहन ने, जब माँगा अधिकार

अलग बैंक खाते हुए, अलग-अलग अरमान
पति-पत्नी के हो गए, अलग-अलग सम्मान

बेटे का धन के लिए, केवल जरिया बाप
'माई फ़ादर-ए.टी.एम', फिरे शर्ट पर छाप

भूल गया तू बावले, रिश्तों की पहचान
साढू को सिर पर रखे, भाई का अपमान

इकलौते के शौक में, लुटी घरों की शान
चाचा, ताऊ या बुआ, लुप्त हुए श्रीमान

कितना कुछ खोते गए, ये एकल परिवार
दादी नानी का मधुर, विदा हुआ संसार

# वैज्ञानिकों ने सबसे पुराना नैनो ढांचा एक कलाकृति में खोजा

## तमिलनाडु में 600 ईसा पूर्व के मिट्टी के बर्तन पर विशेष काले रंग की परत में खोजा नैनो ढांचा

## आश्चर्य : 2600 साल बाद भी सुरक्षित है कार्बन नैनो ट्यूब



एजेंसी। नई दिल्ली

**वैज्ञानिकों** ने दुनिया में सबसे पुरानी ज्ञात मानव निर्मित नैनो वस्तु की खोज तमिलनाडु के कीलाडी में पुरातत्व स्थल से मिले मिट्टी के बर्तन पर लगी विशेष काले रंग की परत में खोजी है। यह मिट्टी का बर्तन करीब 600 ईसा पूर्व का है। अनुसंधानकर्ताओं के इस अध्ययन को हाल में जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित किया गया है। इसमें खुलासा किया गया है कि मिट्टी के बर्तन पर चढ़ाई गई परत कार्बन नैनो ट्यूब (सीएनटी) की बनी है, जिसकी वजह से यह 2600 साल बाद भी सुरक्षित है। इसके साथ ही उन उपकरणों के बारे में सवाल पैदा हो गया है, जिसका इस्तेमाल उस दौर में इन बर्तनों को बनाने के दौरान उच्च तापमान पैदा करने के लिए किया जाता था।

तमिलनाडु के वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के वैज्ञानिकों सहित अनुसंधानकर्ताओं की टीम ने कहा कि मिट्टी के बर्तन पर मिली परत अबतक मिला सबसे पुराना नैनोढांचा है। अनुसंधान पत्र के सह लेखक और वीआईटी में कार्यरत विजयानंद चंद्रशेखरन ने कहा, इस खोज से पहले हमारी जानकारी के मुताबिक सबसे पुराने नैनो ढांचे आठवीं या नवीं शताब्दी के थे। उन्होंने कहा कि कार्बन नैनो ट्यूब कार्बन परमाणुओं का ढांचा होता है जो एक व्यवस्थित क्रम में होते हैं। चंद्रशेखरन ने कहा कि पुरानी कलाकृति के ऊपर लगी परत सामान्य तौर पर टूट-फूट जाती और वातावरण में बदलाव की वजह से इतने लंबे समय तक नहीं टिकती।

उन्होंने कहा, लेकिन मजबूत ढांचे की वजह से कार्बन नैनो ट्यूब की परत 2,600 साल से अधिक समय तक बनी रही। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम के नैनो पदार्थ वैज्ञानिक और इस अनुसंधान से असबद्ध एम एम शैजूमोन ने कहा कि कार्बन नैनो ट्यूब में उच्च उष्मा और विद्युत वाहकता, मजबूती सहित कई विशेष गुण होते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन उस समय लोगों ने जानबूझकर कार्बन नैनो ट्यूब की परत नहीं चढ़ाई बल्कि निर्माण की प्रक्रिया के दौरान उच्च तामपान होने की वजह से संयोगवश यह हुआ होगा।

उन्होंने कहा, अगर उच्च तापमान पर मिट्टी के बर्तन का निर्माण करने की प्रक्रिया की जानकारी मिलती है तो यह खोज और पुख्ता होगी। चंद्रशेखरन ने कहा कि इसका संभावित वैज्ञानिक विश्लेषण यह हो सकता है कि इन बर्तनों पर परत चढ़ाने के लिए पौधे के रस या अन्य पदार्थ का इस्तेमाल किया गया होगा, जो उच्च तामपान की वजह से कार्बन नैनो ट्यूब में बदल गए।


## सपा एमएलसी के आवास में पार्टी में गोली से एक की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र के लाप्लास स्थित समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य अमित यादव के सरकारी आवास में जन्मदिन की एक पार्टी में गोली चलने से शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात राकेश रावत नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) सोमेन वर्मा ने शनिवार को बताया कि घटना के संदर्भ में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और इसके बाद आवश्यक कार्रवाई होगी। वर्मा ने बताया कि हिरासत में लिए गए आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# तृणमूल कांग्रेस से बड़ी दुश्मन भाजपा : भट्टाचार्य

## भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा



एजेंसी। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में भाजपा को राजनीतिक दुश्मन नंबर एक करार देते हुए भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस और भगवा दल को एक ही खाने में नहीं रखा जा सकता और वाम व कांग्रेस को पश्चिम बंगाल में पहले सबसे बड़े खतरे का मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि पश्चिम बंगाल में विभाजनकारी ताकतों का मुकाबला करने के लिए माकपा में भाजपा विरोधी आक्रमकता की कमी है।

भट्टाचार्य ने इसके साथ ही कहा कि कांग्रेस को इन दोनों पार्टियों के गठबंधन में प्रमुख भूमिका नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इससे वामदल को बहुत लाभ नहीं होगा। उन्होंने दावा किया कि भगवा दल का सामना करना इस समय देश के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने सभी लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष ताकतों का आह्वान किया कि अगले साल अप्रैल-मई महीने में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रधान राजनीतिक दुश्मन के तौर पर लें।

उन्होंने कहा, बिहार के विपरीत, जहां केंद्र और राज्य में एक ही गठबंधन की सरकार थी, पश्चिम बंगाल की स्थिति अलग है जहां तृणमूल कांग्रेस सत्ता में है। तृणमूल कांग्रेस की कार्यप्रणाली ठीक नहीं है और हमें उसका भी विरोध करना होगा। भट्टाचार्य ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, लेकिन एक बात स्पष्ट कर दूं कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा को एक ही खाने में नहीं रखा जा सकता। पश्चिम बंगाल में भाजपा को प्रधान राजनीतिक शत्रु के रूप में पहचान की जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर राज्य में गैर भाजपा सरकार है जो कुशासन और भ्रष्टाचार से घिरी हुई है, इसके बावजूद लोगों को भगवा दल का विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा, मुख्य ध्यान भाजपा पर होना चाहिए। भगवा पार्टी बड़ा खतरा है। भट्टाचार्य ने रेखांकित किया कि जब लालू प्रसाद यादव नीत पार्टी बिहार की सत्ता में थी तब माकपा (माले) लिब्रेशन राजद के साथ-साथ भगवा दल के खिलाफ लड़ी थी। माकपा के कुछ नेताओं द्वारा तृणमूल कांग्रेस को पहले हराने संबंधी बयान पर भट्टाचार्य ने कहा कि यह अव्यावहारिक रुख है।

उन्होंने कहा, अगर आप इस सिद्धांत के साथ जाते हैं कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए पहले तृणमूल कांग्रेस को हराना चाहिए तब तो इस समय केंद्र सरकार का विरोध करने की जरूरत नहीं है। हमें भाजपा को सभी राज्यों में आने का इंतजार करना चाहिए और इसके बाद विरोध शुरू करना चाहिए। यह अव्यावहारिक रुख है।

## भारत का 30 से 35 फीसद कार्बन उत्सर्जन कम करने का लक्ष्यः मोदी

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत ने 30 से 35 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन कम करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय (पीडीपीयू) के दीक्षांत समारोह को वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित करते यह बयान हुए दिया।

उन्होंने कहा, आज, देश कार्बन उत्सर्जन को 30 से 35 प्रतिशत कम करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। जब मैंने इसके बारे में दुनिया को बताया तो उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया और इस बात को लेकर उनमें कौतूहल था कि क्या भारत इस लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। मोदी ने कहा, इस दशक में प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल को चार गुना बढ़ाने के प्रयास जारी है और इसके साथ ही अगले पांच साल में तेल शोधन क्षमता दोगुना करने पर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में स्टार्टअप को मजबूत करने के लिए लगातार काम हो रहा है और इसके लिए विशेष कोष आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा, अगर आपके पास कोई विचार, उत्पाद और सिद्धांत है और उसपर आप आगे बढ़ना चाहते हैं तो यह कोष आपके लिए एक अच्छा मौका है और सरकार की तरफ से उपहार है। मोदी ने कहा, गैस और तेल क्षेत्र में ही इस दशक करोड़ों रुपए का निवेश होना है, इसलिए आपके लिए इस क्षेत्र में बहुत ही संभावनाएं हैं।

## सेवानिवृत्त अधिकारी पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



एजेंसी। जयपुर

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो** ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के एक वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इस अधिकारी के निवासों की तलाशी से लाखों रुपये की नकदी सहित अन्य संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। इस मामले में एक दलाल नजीर खान को भी गिरफ्तार किया गया है।

ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि ब्यूरो की टीम ने वरिष्ठ आरएएस अधिकारी प्रेमाराम परमार को उसके बाड़मेर स्थित आवास पर रिश्वत लेते शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार किया। परमार इसी 31 अक्टूबर को बीकानेर में उपनिवेशन विभाग में अतिरिक्त आयुक्त पद से सेवानिवृत्त हुए थे। ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि परमार सेवानिवृत्ति से ठीक पहले पौंग बांध विस्थापितों, भूतपूर्व सैनिकों, महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के विस्थापितों व भूमिहीन किसानों के नाम पर दलालों के मार्फत भूमि आवंटन कर भारी रिश्वत राशि ले रहा है। ब्यूरो की टीमें एक महीने से उस पर निगरानी रख रही थीं। शुक्रवार देर रात बाड़मेर स्थित निवास पर प्रेमाराम को दलाल नजीर खां से पांच लाख रूपये की कथित रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इसके बाद कई तलाशी कार्रवाईयों में प्रेमाराम के पास अकूत संपत्ति होने के प्रमाण मिले हैं तथा कुल मिलाकर करीब 20 लाख रुपये नकद मिले हैं।

प्रेमाराम के जयपुर स्थित आवास से आठ लाख रूपए नकद व सम्पति के दस्तावेज, जोधपुर आवास से 7.72 लाख रुपये नकद व 15 लाख के स्वर्ण आभूषण व जमीन जायदाद के दस्तावेज, बाड़मेर आवास से करीब तीन लाख रूपये व 20 लाख रुपये के स्वर्ण आभूषण इत्यादि मिले है।

अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम.एन. ने बताया कि दलाल नजीर खां द्वारा विस्थापितों को बहुत ही कम पैसे देकर उनके नाम पर उपनिवेशन विभाग की मिलीभगत से अच्छी जमीन आवंटित करवाकर अपने नाम अथवा अन्य के नाम रजिस्ट्री करवाकर आगे महंगे भाव में बेची जाती थीं।

## भूमि मालिकों के लिए मुआवजा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य

### न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव ने खारिज की तय मुआवजा राशि के चुनौती वाली याचिका

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब सरकार किसी सार्वजनिक कार्य के लिए भूमि का अधिग्रहण करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करती है, तो यह सुनिश्चित करना भी उसका दायित्व है कि भूमालिकों को उसका मुआवजा मिले।

न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय की गई मुआवजा राशि को चुनौती देने वाली भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की याचिका 17 नवंबर को खारिज कर दी। अदालत ने एनएचएआई को निर्देश दिया कि वह उन दो महिलाओं को मुआवजे की राशि दे, जिनकी जमीन का सार्वजनिक कार्यों के लिए अधिग्रहण किया गया है। एनएचएआई ने उपायुक्त (भूमि अधिग्रहण) नासिक के पांच जनवरी, 2017 के आदेश को खारिज किए जाने का अनुरोध किया था। इस आदेश के तहत, नासिक के राहुद गांव में 3,000 वर्ग मीटर जमीन की मालिक मालतीबाई पवार और 1,900 वर्ग मीटर जमीन की मालिक उज्ज्वला थोराट को मुआवजा देने को कहा गया था।

एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग तीन को चौड़ा करने के मकसद से उनकी भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव रखा था। एनएचएआई को 2,700 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर पर मुआवजा देने का आदेश दिया गया था, जिसे बाद में कम करके 2,200 रुपए प्रति वर्ग मीटर कर दिया गया था। नासिक सत्र अदालत ने अक्टूबर 2018 में इस राशि को बरकरार रखा था, जिसके बाद एनएचएआई ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

## अकबर, रमानी के बीच मानहानि मामले में समझौता संभव : अदालत


**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर द्वारा पत्रकार प्रिया रमानी के खिलाफ दायर मानहानि याचिका के सिलसिले में शनिवार को उनसे पूछा कि क्या दोनों के बीच समझौते की कोई गुंजाइश है।

रमानी ने आरोप लगाया था कि अकबर ने बीस वर्ष पहले पत्रकार रहने के दौरान उनके साथ यौन कदाचार किया था। जिसके बाद अकबर ने रमानी के खिलाफ कथित मानहानि की शिकायत दर्ज करवाई।

मीटू अभियान के दौरान 2018 में अकबर पर लगाए आरोपों के बारे में रमानी ने कहा था कि ये उनकी सच्चाई है और इन्हें लोकहित के लिहाज से वह सामने लाई हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) रवींद्र कुमार पांडेय ने शनिवार को मामले में अंतिम दलीलें सुनना शुरू किया और यह सवाल पूछा। दरअसल उनके पहले जो न्यायाधीश इस मामले में सुनवाई कर रहे थे।

## यूट्यूबर को अक्षय के 500 करोड़ के नोटिस पर आपत्ति

एजेंसी। मुम्बई



**यूट्यूबर** राशिद सिद्दीकी ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में अक्षय कुमार द्वारा भेजे गए मानहानि के नोटिस का विरोध करते हुए अभिनेता द्वारा मांगी गई 500 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति को अनुचित बताया है।

सिद्दीकी ने कहा कि उनके वीडियो में कुछ भी मानहानिकारक नहीं है। साथ ही अक्षय कुमार से यह नोटिस वापस लेने का आग्रह भी किया और ऐसा ना करने पर उन्होंने अभिनेता के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही शुरू करने की बात भी कही।

कुमार ने सिद्दीकी को 17 नवंबर को भेजे गए मानहानि के नोटिस में राजपूत की मौत के मामले में उनके खिलाफ झूठे और निराधार आरोप लगाने के लिए 500 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति की मांग की थी। कुमार ने लॉ फर्म आई सी लीगल के जरिए भेजे गए नोटिस में कहा था कि राशिद सिद्दीकी ने अपने यूट्यूब चैनल एफ एफ न्यूज पर उनके खिलाफ कई मानहानिकारक और अपमानजनक वीडियो डाले हैं। सिद्दीकी ने अपने वकील जे. पी. जैसवाल के जरिए शुक्रवार को नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि अक्षय कुमार द्वारा लगाए गए आरोप झूठे, कष्टकारी और उत्पीड़क और उसे परेशान करने के इरादे से लगाए गए हैं। उसने कहा कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के सिद्दीकी सहित कई पत्रकारों ने इस मामले पर खबरें दिखाईं थीं क्योंकि कई प्रभावशाली लोगों का नाम मामले से जुड़ा था और अन्य मीडिया चैनल सही जानकारी मुहैया नहीं करा रहे थे। अपने जवाब में सिद्दीकी ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारतीय नागरिकों का मौलिक अधिकार है। जवाब में कहा गया है कि सिद्दीकी द्वारा जारी वीडियो को मानहानिकारक नहीं माना जा सकता और उसे निष्पक्षता के साथ किसी के नजरिए के तौर पर देखा जाना चाहिए।

जवाब में कहा गया है, सिद्दीकी द्वारा दिखाई गई खबर सार्वजनिक पटल पर है और उन्होंने (सिद्दीकी) अन्य समाचार चैनलों को स्रोत के तौर पर भी दिखाया है। उन्होंने मानहानि नोटिस जारी करने में की गई देरी पर भी सवाल उठाए और कहा कि वीडियो अगस्त 2020 को अपलोड की गई थी। जवाब में कहा गया है, 500 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति की मांग अनुचित है और इसे केवल सिद्दीकी पर दबाव बनाने के इरादे से ही किया गया है।

# कोविड-19: परेशानियों से जूझ रहे बच्चों ने ली हेल्पलाइन की मदद

## टेली-काउंसेलिंग का उद्देश्य संक्रमित बच्चों को मनोवैज्ञानिक चिकित्सा प्रदान करनाः एनसीपीसीआर



एजेंसी। नई दिल्ली

**कोरोना वायरस** से संक्रमित होने के बाद एक 17 वर्षीय छात्र बेहद चिंतित महसूस कर रहा था। उसे पढ़ाई में ध्यान लगाने में दिक्कत हो रही थी, जिससे परेशान होकर उसने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की टोल -फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-121-2830 से सम्पर्क किया।

आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि सितम्बर में हेल्पलाइन शुरू होने के बाद से एनसीपीसीआर ने कोरोनो वायरस से संक्रमित 400 से अधिक बच्चों से फोन पर बात की है और उनकी समस्याओं का निदान किया। इस टेली-काउंसेलिंग सेवा का उद्देश्य उन बच्चों को मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा और भावनात्मक सहायता प्रदान करना है, जो संक्रमित होने के कारण कोविड देखभाल केन्द्रों में पृथक हैं, या जिनके अभिभावक या परिवार के सदस्य संक्रमित पाए गए हैं या किसी अपने को उन्होंने वायरस के वजह से खो दिया है।

अधिकारी ने बताया कि 17 वर्षीय लड़के ने बताया कि उसे काफी चिंता हो रही थी। उसने बताया कि वापस आने के बाद से अपने माता-पिता और भाई के साथ उसे बातचीत करने में परेशानी आ रही थी और पढ़ाई में ध्यान नहीं लगा पा रहा था। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन पर काउंसेलरों ने सबसे पहले उनके साथ तालमेल स्थापित किया और सहानुभूति के जरिए बच्चे को उसकी समस्या के बारे में बात करने के लिए सहज बनाया।

अधिकारी ने कहा, बच्चे की चिंता का समाधान किया। कोविड के बाद उत्पन्न हुई शारीरिक समस्याओं से निपटने के लिए उसे सांस संबंधी व्यायाम भी बताया गया। बातचीत में उसने बताया कि उसके दादा के निधन से भी वह काफी दुखी है। इसके लिए उसे अपने दादा को पत्र लिखने को कहा गया। अधिकारी ने बताया कि हेल्पलाइन में ऐसे काउंसेलर हैं, जिन्हें विशेष रूप से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं न्यूरो-साइंसेज की विशेषज्ञ टीम ने इन कठिन समय में बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित किया है।

## केरल में नहीं होगा बच्चों के खिलाफ साइबर क्राइम

**तिरुवनंतपुरम।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध साइबर हमलों को रोकने के लिए राज्य की माकपा नीत सरकार द्वारा लाए गए केरल पुलिस अधिनियम संशोधन अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। वैसे विपक्ष ने इस अध्यादेश से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बाधित होने का आरोप लगाया है।

राजभवन के सूत्र ने इस बात की पुष्टि की कि राज्यपाल ने इस दक्षिणी राज्य में व्यापक विवाद को जन्म देने वाले इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सूत्र ने बताया कि राज्यपाल कोविड-19 से मुक्त होकर हाल ही में राजभवन लौटे हैं।

## शराबी पिता ने कुल्हाड़ी से काटकर बेटी की हत्या की

**हमीरपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कस्बे में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से काटकर बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नरेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को बताया, मौदहा कस्बे के कुम्हरौड़ा मोहल्ला (श्यामनगर) तिंदुही रोड पर शुक्र वार अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे राजमिस्त्री का काम करने वाले रमेश प्रजापति ने शराब के नशे में कुल्हाड़ी से हमला कर बेटी अनिता (22) की हत्या कर दी। बाद में तमंचा लहराकर मोहल्ले में दहशत फैलाता रहा। मृतका के गले और सिर पर कुल्हाड़ी मारने के घाव पाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी अस्पतालों ने ज्यादा पैसे लिएः कोविड संसदीय समिति

**नई दिल्ली।** एक संसदीय समिति ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच सरकारी अस्पतालों में बेड की कमी और इस महामारी के इलाज के लिए विशिष्ट दिशानिर्देशों के अभाव में निजी अस्पतालों ने काफी बढ़ा-चढ़ाकर पैसे लिए। इसके साथ ही समिति ने जोर दिया कि स्थाई मूल्य निर्धारण प्रक्रिया से कई मौतों को टाला जा सकता था। स्वास्थ्य संबंधी स्थाई संसदीय समिति के अध्यक्ष राम गोपाल यादव ने राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को कोविड-19 महामारी का प्रकोप और इसका प्रबंधन की रिपोर्ट सौंपी। सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी से निपटने के संबंध में यह किसी भी संसदीय समिति की पहली रिपोर्ट है। समिति ने कहा कि 1.3 अरब की आबादी वाले देश में स्वास्थ्य पर खर्च बेहद कम है और भारतीय स्वास्थ्य व्यवस्था की नाजुकता के कारण महामारी से प्रभावी तरीके से मुकाबला करने में एक बड़ी बाधा आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए समिति सरकार से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में अपने निवेश को बढ़ाने की अनुशंसा करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी अस्पतालों में कोविड के इलाज के लिए विशिष्ट दिशानिर्देशों के अभाव के कारण मरीजों को अत्यधिक शुल्क देना पड़ा। समिति ने जोर दिया कि सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और महामारी के मद्देनजर सरकारी और निजी अस्पतालों के बीच बेहतर साझेदारी की जरूरत है। समिति ने कहा कि जिन डॉक्टरों ने महामारी के खिलाफ लड़ाई में अपनी जान दे दी, उन्हें शहीद के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और उनके परिवार को पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### जहरीली शराब माफियाओं पर कार्रवाई में रहेना कामः प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत के मामले को लेकर शनिवार को राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि सरकार जहरीली शराब के माफियाओं पर कार्वाई करने में नाकाम क्यों हैं। उन्होंने ट्वीट कर दावा किया, उत्तर प्रदेश में लखनऊ फिरोजाबाद, हापुड़, मथुरा, प्रयागराज समेत कई जगहों पर जहरीली शराब से मौतें हुई हैं। आगरा, बागपत मेरठ में जहरीली शराब से मौतें हुई थीं। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने सवाल किया, आखिर क्या कारण है कि कुछ दिखावटी कदमों की बजाय सरकार जहरीली शराब के माफियाओं पर कार्वाई करने में नाकाम रही है? कौन जिम्मेदार है? गौरतलब है कि प्रयागराज जिले के गंगापार फूलपुर थाना अंतर्गत अमिलिया गांव में शुक्रवार को जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई।

### उत्तराखंड में अंतरजातीय, धार्मिक विवाह पर प्रोत्साहन लें राशि

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार प्रदेश में अन्तर्जातीय और अंतरधार्मिक विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए किसी अन्य जाति या धर्म के व्यक्ति से विवाह करने वालों को 50,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दे रही है। प्रदेश के सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारियों ने यहां बताया कि यह प्रोत्साहन राशि कानूनी रूप से पंजीकृत अंतरधार्मिक विवाह करने वाले सभी दंपत्तियों को दी जाती है। अंतरधार्मिक विवाह किसी मान्यता प्राप्त मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर या देवस्थान में संपन्न होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अंतरजातीय विवाह करने पर प्रोत्साहन राशि पाने के लिए दंपत्ति में से पति या पत्नी किसी एक का भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 के अनुसार, अनुसूचित जाति का होना आवश्यक है। टिहरी के जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि ऐसा विवाह करने वाले दंपत्ति शादी के एक साल बाद तक प्रोत्साहन राशि पाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश से अलग होने के बाद इससे संबंधित नियमावली को जैसे का तैसा स्वीकार कर लिया गया था। ऐसे विवाह करने वाले दंपत्तियों को 10,000 रुपये दिये जाते थे। वर्ष 2014 में इसमें संशोधन कर इस प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया गया।

### लोकतंत्र बाधित करने को हो रहा सुरक्षा का इस्तेमालः अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नवगठित गुपकर गठबंधन के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को गठबंधन के उम्मीदवारों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर आपत्ति जताते हुए कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र को बाधित करने के लिए बहाना के रूप में सुरक्षा का उपयोग किया जा रहा है। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर के चुनाव आयुक्त के के शर्मा को लिखे दो पृष्ठों के पत्र में कहा कि कुछ चुनिंदा लोगों को सुरक्षा प्रदान करना और बाकी को वस्तुत: नजरबंद करना लोकतंत्र में व्यापक हस्तक्षेप के समान है। उन्होंने पत्र में लिखा है, मैं आगामी डीडीसी चुनावों के बारे में आपको लिख रहा हूं। एक अजीब और अनोखी विशेषता सामने आई है। गुपकर गठबंधन द्वारा उतारे गए उम्मीदवारों को सुरक्षा के नाम पर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया रहा है... उन्हें चुनाव प्रचार करने की अनुमति नहीं है, वे उन लोगों के संपर्क से पूरी तरह से दूर हैं, जिनसे उन्हें वोट मांगना है। उन्होंने कहा कि गुपकर गठबंधन में शामिल पार्टियां विगत में सत्ता में रही हैं और उन्हें सरकार चलाने का अवसर मिला है और वे हिंसा से घिरे स्थान पर सुरक्षा को लेकर उत्पन्न चुनौतियों से वाकिफ हैं। अब्दुल्ला ने कहा, ये चुनौतियां नई नहीं हैं, बल्कि पिछले तीन दशकों से दुखद रूप से बनी हुई हैं।

### बिकरू कांडः 37 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को विशेष जांच दल (एसआईटी) की सिफारिश के आधार पर कानपुर के बिकरू कांड में 37 पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राज्य के गृह सचिव तरुण गाबा ने एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर पिछले दिनों पुलिस महानिदेशक और अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर को 37 पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसमें वृहद दंड (सेवा समाप्त) और लघु दंड (पदावनति) की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बिकरू गांव के गैंगस्टर विकास दुबे से संबंधों के आरोप में आठ पुलिस कर्मियों की सेवा समाप्त, छह पुलिस कर्मियों की पदावनति और 23 पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही जल्द शुरू हो सकती है।

### कूड़ा फेंकने के विवाद में सिपाही, मां और बहन की हत्या

**बांदा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बांदा शहर के गायत्री नगर (चमरौड़ी) मोहल्ले के परशुराम तालाब में शुक्रवार की आधी रात नाली में कूड़ा फेंकने के मामूली विवाद में चचेरे भाइयों ने धारदार हथियार से हमलाकर सिपाही, उसकी मां एवं बहन की हत्या कर दी। वारदात में दो अन्य घायल भी हुए हैं। पुलिस ने इस सिलसिले में कल रात में ही तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है और एक महिला को हिरासत में लिया है। नगर पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) आलोक मिश्रा ने शनिवार सुबह बताया, बांदा शहर के गायत्री नगर (चमरौड़ी) मोहल्ले के परशुराम तालाब में शुक्रवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे नाली में कूड़ा और सड़े चावल फेंकने के मामूली विवाद के बाद प्रयागराज जिले के नैनी थाना में तैनात सिपाही अभिजीत वर्मा (27), उसकी बहन निशा वर्मा (29) और मां रमावती (54) की पड़ोसी चचेरे भाइयों ने कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों और तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी।

### पुलवामा में रामबियारा नाला जाने से रोका गया : महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को दावा किया कि पुलिस ने उन्हें दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के रामबियारा नाला इलाके में जाने से रोक दिया। उन्होंने दावा किया कि उस क्षेत्र में अवैध निविदाओं के माध्यम से रेत खनन किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि जम्मू कश्मीर को खुली जेल में बदल दिया गया है। महबूबा के आरोपों के संबंध में पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। महबूबा ने ट्वीट कर कहा, मुझे आज स्थानीय प्रशासन द्वारा रामबियारा नाला जाने से रोक दिया गया। यही वह जगह है जहां अवैध निविदाओं के जरिए रेत खनन बाहरी लोगों के लिए आउटसोर्स किया गया है और स्थानीय लोगों को उस क्षेत्र में जाने से रोक दिया गया है। हमारी जमीन और संसाधनों को भारत सरकार द्वारा लूटा जा रहा है, यह हमारा अपमान है। पीडीपी प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सुरक्षा के नाम पर उनकी आवाजाही पर रोक लगा रही है और उनके अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह लोगों के अधिकारों और उनकी पहचान पर हमले के खिलाफ संघर्ष करेंगी। इससे पहले महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्र पर आरोप लगाया कि वह जम्मू कश्मीर में जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनावों में भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक दलों की हिस्सेदारी को बाधित कर रहा है।

## सूर्य उपासना के चार दिवसीय डाला छठ व्रत का हुआ समापन

# छठी मइया के गीतों से गूंजा भागीरथी का तट, उगते सूर्य को दिया व्रतियों ने अर्घ्य

सुशील कुमार मिश्र–वाराणसी

**महापर्व** छठ की छटा चारों ओर छा चुकी है। वैश्विक महामारी कोरोना पर आस्था भारी पड़ा। शनिवार को नदियों, पोखरों, तालाबों सहित विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।शनिवार को सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया गया इसके बाद

- वैश्विक महामारी कोरोना पर भारी पड़ी महापर्व की आस्था, घाटों पर उमड़े श्रद्धालु
- प्रहलादघाट पर अर्घ्य के दौरान युवती के गले से चेन हुई गायब



व्रतियों ने घाटों पर बने वदियों के पास हवन-पूजन कर छठ का प्रसाद वितरण किया गया। अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की आस्था देखा गया।इस दौरान प्रहलादघाट पर शनिवार को अर्घ्य के दौरान सेवईमंडी निवासी एक युवती का चैन स्नैचरों ने गले से सोने की चेन मारकर भाग निकले। जब तक युवती सोचती की गले का चैन कहॉ गया तब 'चैन स्नैचर' सोने की चैन लेकर निकल लिया।

महिलाओं ने घरों या मोहल्लों में ही कृत्रिम कुंड में खड़े होकर भगवान भाष्कर की उपासना और गंगा मईया को दीप अर्पित किया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के घाटों पर भी छठ मईया के गीत गूंजते रहे। व्रती महिलाओं के साथ युवतियों ने खूब सेल्फी ली। घाटों पर सुरक्षा की व्यवस्था मुकम्मल रही।

उदयाचल सूर्य को अर्घ्य के पहले तड़के नदियों के घाट और सरोवर पर महिलाओं ने रतजगा करते हुए छठी मैया के गीत गाये। तड़के सूर्योदय की बेला से पूर्व वेदी के पास पूजन और सूर्योपासना के अनुष्ठान के बीच गूंजते छठी मैया के गीतों ने जान्हवी तट को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया।


पुरबिया पर्व डाला छठ का सूर्योदय के अर्घ्य के साथ 36 घंटे के महाव्रत का समापन हो गया। व्रत के समापन के बाद व्रति महिलाओं ने गुड़ और अदरक खा कर व्रत का पारण किया। इसके बाद ठोकवा और खजूर का प्रसाद वितरण शुरू हुआ। अर्घ्य के बाद सुहागिन महिलाएं व्रति महिलाओं से अपनी मांग भरवा रही थीं और पैर छू कर आशीर्वाद ले रहीं थीं।



महिलाओं ने अपना खोइछा भी भरवाया। खरना और नहाय खाय के बाद उगते सूर्य को उग हे सूरज देव और कांचहि बांस के बहंगिया बहँगी लचकत जाए... आदि के गीतों से जान्हवी तट गूंजता रहा। छठ की पूजा में महिलाओं ने नदियों और तालाब में खड़ी होकर सूर्य को अर्घ्य देकर पति व संतान की लंबी उम्र की कामना करते हुए पूजा अर्चना किया। व्रती महिलाओं ने अन्य महिलाओं को सिंदूर लगाकर परंपरा के अनुसार पूजा को संपन्न किया। मान्यता है कि जितना लंबा सिंदूर लगता है उतनी ही लंबी पति व संतान की उम्र होती है। वहीं घातों पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चारों तरफ सुरक्षा कर्मी और जल पुलिस की तैनाती रही।इस तरह सूर्योपासना का छठ पर्व का कठिन व्रत पूर्ण कर व्रतियों ने मंगलकामना की और अखंड सौभाग्य सूर्य देव और छठी मैया से मांगा। गीतों संग छठ व्रत का पारण कर व्रती घर लौटे और प्रसाद वितरण कर लंबी उम्र का आशीष संतानों को दिया।



## साईं सेवा समिति ने की श्रद्धालुओं की सेवा



**वाराणसी।** प्रहलादघाट स्थित घाट पर सूर्य उपासना के महापर्व डाला छठ व्रत के अवसर पर साईं सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को नि:शुल्क चाय, काफी, पूजन के लिए दूध आदि का नि:शुल्क वितरण किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता पं. अशोक तिवारी ने साईं सेवा समिति के दो दिवसीय शिविर में हजारों श्रद्धालुओं का सहयोग किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गौतम श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता रोशन कुमार गुप्ता ने शनिवार को घाट पर पं. अशोक तिवारी एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्र को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही घाट पर बिछड़े छोटे बच्चे को मिलाया भी गया। शिविर में सौरभ श्रीवास्तव, अश्वनी साहनी, बबलू गुप्ता, मयंक श्रीवास्तव, विवके कुमार, अजय साहनी, दिलीप कुमार, अमित कुमार तिवारी उर्फ बंटी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनसीबी ने कॉमेडियन भारती सिंह को गिरफ्तार किया



**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को हास्य कलाकार (कॉमेडियन) भारती सिंह के उपगनरीय इलाके अंधेरी स्थित उनके घर से गांजा बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनसीबी ने हिंदी फिल्म उद्योग में कथित नशीली दवाओं के उपयोग की जांच के सिलसिले में सिंह के घर और कार्यालय की तलाशी ली। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि एनसीबी के जोनल निदेशक समीर वानखेड़े के नेतृत्व में एक टीम ने विशेष जानकारी के आधार पर भारती सिंह के अंधेरी में लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स स्थित आवास की तलाशी ली। उनके घर से 86.5 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। एनसीबी ने बयान में कहा कि भारती और उनके पति हर्ष लिंबाचिया दोनों ने गांजे का सेवन करना स्वीकार किया।

भारती सिंह को मादक पदार्थ संबंधी कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया गया और लिंबाचिया की जांच चल रही है। ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि सिंह के घर से कथित तौर पर बरामद मात्रा कानून के तहत 'छोटी मात्रा' है। एक हजार ग्राम गांजा तक को छोटी मात्रा माना जाता है और इसके लिए छह महीने तक की जेल या 10,000 रुपय का जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। वाणिज्यिक मात्रा (20 किग्रा या इससे अधिक) होनेपर 20 साल तक की जेल हो सकती है। इसके बीच की मात्रा के लिए 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। अधिकारी ने बताया, सिंह का नाम एक ड्रग कारोबारी से पूछताछ के दौरान सामने आया था। उन्होंने कहा कि एजेंसी महानगर में दो अन्य स्थानों पर भी तलाशी ले रही है। भारती सिंह टीवी पर कई कॉमेडी और रियलिटी शो में दिखती रही हैं। एनसीबी जून में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड में मादक पदार्थों के कथित उपयोग की जांच कर रही है।

## ज़ी टीवी ने लान्च किया अपने वीकेंड फैंटसी थ्रिलर ब्रह्मराक्षस का दूसरा सीजन

गत अक्टूबर के महीने में जिन लोगों ने भी सज़ी टीवी की एंटरटेनमेंट एक्सप्रेस की सवारी की थी, उन्हें भारत के तीन अलग-अलग हिस्सों की सैर कराई गई थी, जहां दर्शकों ने तीन नई कहानियों का लुत्फ उठाया। इन कहानियों ने भारत के उभरते मध्यम वर्ग और समाज में बदलते रिश्तों की नब्ज थाम ली है। जहां ज़ी टीवी पर ये तीन दिलचस्प कहानियां जारी हैं, वहीं ये ट्रेन अब अपने चौथे पड़ाव की ओर बढ़ रही

**अपने जबर्दस्त सफल पहले सीजन के तीन साल बाद ब्रह्मराक्षस -2 शुरू हो रहा है, 22 नवंबर से हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे**





है। ज़ी टीवी अपने बेहद सफल और रोमांचक शो 'ब्रह्मराक्षस' के दूसरे दिलचस्प सीजन के साथ दर्शकों को एक काल्पनिक दुनिया में ले जाने को तैयार है। बालाजी टेलीफिल्म्स के निर्माण में बना यह शो, ब्रह्मराक्षस के बारे में प्रचलित लोककथाओं से प्रेरित एक अनोखी और दिलचस्प कहानी है, जिसमें वो अमर होने के इरादे से दोगुनी ताकत के साथ लौट आया है। इस शो का प्रीमियर 22 नवंबर 2020 को होगा और इसका प्रसारण हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे किया जाएगा।

अंबाला की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में कालिंदी नाम की एक साधारण लड़की का सफर दिखाया गया है, जिसकी किस्मत अब तक की सबसे खौफनाक शैतानी ताकतों में उलझ जाती है। असल में कालिंदी के अतीत में कुछ ऐसा है, जिसके कारण ब्रह्मराक्षस पूरी ताकत के साथ लौट आता है और अब वो कालिंदी के जरिए अमर होना चाहता है। उधर, कालिंदी की एकमात्र ताकत है अपने जीवनसाथी अंगद के प्रति उसका प्यार! जहां कालिंदी शैतानी दुनिया से गुजरते करते हुए अपनी सीधी-सादी जिंदगी के रास्ते पर चल रही है, वहीं अब उसे उन लोगों की रक्षा करने के लिए एक मुश्किल लड़ाई लड़नी होगी, जिनकी वो परवाह करती है!

इस शो में यंग और उत्साही एक्ट्रेस निक्की शर्मा, पक्के इरादों वाली कालिंदी का किरदार निभा रही हैं। 21 साल की कालिंदी का बड़ा साधारण-सा सपना है। वो अपना ग्रेजुएशन पूरा करके अपना मनपसंद जॉब पाना चाहती है। अपनी खूबसूरती और आकर्षण से अनजान कालिंदी, ऐसे किसी भी अमीरज़ादे को तरजीह नहीं देती, जो उससे आकर्षित होते हैं। लेकिन फिर उसे अंगद से प्यार हो जाता है, जिसका किरदार बेहद टैलेंटेड और पॉपुलर टेलीविजन एक्टर पर्ल वी. पुरी निभा रहे हैं। कालिंदी के स्वभाव से अलग, अंगद एक सफल इंसान है, लेकिन साथ ही बड़ा दिलफेंक, अमीर और आकर्षक भी है, जिससे वो महिलाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहता है। जब कालिंदी अंगद की जिंदगी में आती है, तो प्यार और जिंदगी के प्रति उसका नजरिया बदल जाता है। उधर कालिंदी की जिंदगी भी उस वक्त एक अलग मोड़ लेती है, जब उन दोनों की प्रेम कहानी के बीच शैतान ब्रह्मराक्षस आ जाता है। क्या कालिंदी ब्रह्मराक्षस के काले साए से अपने प्यार और अपनी जिंदगी को बचा पाएगी? जानने के लिए देखिए यह शो!



ज़ी टीवी की बिजनेस हेड अपर्णा भोसले ने कहा, ब्रह्मराक्षस के पहले सीजन को जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला क्योंकि ये दर्शकों को रहस्य और रोमांच की दुनिया में ले गया था। एक कॉन्सेप्ट के रूप में ब्रह्मराक्षस की लोककथाएं भारत में पीढ़ियों से चली आ रही हैं। जहां ब्रह्मराक्षस के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं, वहीं रिसर्च बताती है कि दर्शकों में इसके बारे में और ज्यादा जानने की उत्सुकता है क्योंकि लोग इस विषय को रोमांच, डर और खौफ से जोड़कर देखते हैं। यह हमें एक रोचक कहानी के साथ-साथ अच्छाई एवं बुराई का विचार प्रस्तुत करने के लिए एक बड़ा कैनवास देता है। इस वीकेंड थ्रिलर को पेश करने के लिए बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ जुड़कर हमें बेहद खुशी हो रही है। यह हमारे वीकेंड प्राइम टाइम में एक ताजगी भरा और दिलचस्प पहलू जोड़ देगा।

ज़ी टीवी के ब्रह्मराक्षस 2 में कालिंदी का किरदार निभाने जा रहीं निक्की शर्मा ने कहा, मैं पहली बार लीड रोल निभा रही हूं और चूंकि यह मौका मुझे अपने पहले थ्रिलर फैंटसी शो में मिला है, तो इससे मेरा उत्साह और बढ़ गया है। कालिंदी और मुझमें काफी समानताएं हैं और जहां मैं कई तरह से उससे जुड़ती हूं, वहीं मेरा मानना है कि इस रोल की अपनी चुनौतियां हैं। कालिंदी के किरदार के दो खास पहलू हैं - एक तो सीधी-सादी खूबसूरत लड़की है, जो करियर को लेकर महत्वकांक्षी है और अंगद से प्यार करती है। दूसरा यह कि ब्रह्मराक्षस का मुकाबला करने के लिए उसे अपनी अंदरूनी ताकत समेटना होगा। इस किरदार को सही ढंग से प्रस्तुत करने के लिए खास तरह की भावनाएं दिखाने की जरूरत है। मुझे इस किरदार की जिंदगी और उसके रहस्य में झांकने का इंतजार है। हमने इस शो के कुछ रोमांचक हिस्सों की शूटिंग की है, जो मुझे बहुत अच्छे लगे। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को भी यह शो जरूर पसंद आएगा।

ज़ी टीवी के ब्रह्मराक्षस 2 में अंगद का किरदार निभा रहे पर्ल वी. पुरी ने कहा, इस सीजन की कहानी बड़ी दिलचस्प है जिसमें मैं अंगद का किरदार निभाने को लेकर उत्साहित हूं। जहां ये मेरा तीसरा शो है, वहीं मुझे लगता है कि अंगद के किरदार की अपनी विचित्रताएं हैं। यह किरदार मेरे पिछले रोल्स से काफी अलग है। मैंने अभी अंगद का सफर शुरू ही किया है और मैं अपना नया रोल निभाने के लिए वाकई बहुत रोमांचित हूं। सच कहूं तो मुझे यह कहानी बड़ी दिलचस्प लगी और मैं उम्मीद करता हूं कि दूसरे सीजन को लेकर हमारे दर्शक भी उतने ही उत्सुक होंगे।

जब एक आम औरत सबसे ताकतवर शैतान के खिलाफ खड़ी होगी, तो क्या वो इस शैतान के खुद तक पहुंचने से पहले उसे मिटाने में सफल होगी?

ज्यादा जानने के लिए देखिए 'ब्रह्मराक्षस 2', 22 नवंबर से हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे, सिर्फ ज़ी टीवी पर।

# छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरु के खिलाफ अभियान शुरू करेगी एफसी गोवा

**एजेंसी।** मडगांव

**नए** मुख्य कोच और नए विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी से मजबूत हुई एफसी गोवा की टीम रविवार को यहां बेंगलुरु एफसी के खिलाफ अपना इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) अभियान शुरू करेगी। नए लुक वाली एफसी गोवा इस बार पिछले प्रदर्शन से बेहतर करना चाहेगी, जिसने एक भी बार आईएसएल ट्रॉफी अपने नाम नहीं की है जबकि वह 2018 और 2015 में उप विजेता रही थी। लेकिन इस बार कोच जुआन फेरांडो की टीम के लिए चीजें आसान नहीं होंगी।

फेरांडो चाहते हैं कि क्लब आक्रामक फुटबॉल खेलना जारी रखे



जो वे अपने पूर्व कोच सर्गियो लोबेरा के मार्गदर्शन में खेलते थे। फेरांडो ने कहा कि हम आक्रामक फुटबॉल खेलना जारी रखेंगे। क्लब का यही दर्शन है और मेरे पद में यही चीज मुझे आकर्षित लगी क्योंकि मैं इसी तरह की फुटबॉल में भरोसा करता हूं। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरु की टीम एक बार आईएसएल का खिताब अपने नाम कर चुकी है और वह भी जीत के साथ शुरुआत करना चाहेंगी जिसमें उसके स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री अहम भूमिका अदा करेंगे। बेंगलुरु टीम काफी बेहतरीन इकाई है और वह गोवा की टीम के लिए कड़ी प्रतिद्वंद्वी साबित होगी। छेत्री अकेले दम पर मैच का रूख बदल सकते हैं और मजबूत टीम के साथ बेंगलुरू एफसी को हराना किसी भी टीम के लिए टेढ़ी खीर होगी। टीम में अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू भी शामिल हैं जो छेत्री जितने ही महत्वपूर्ण है। फेरांडो ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बेंगलुरु एफसी को बहुत अच्छी टीम करार दिया, लेकिन साथ ही कहा कि उनकी टीम काफी सकारात्मक है।

# ‘कोहली के लिए प्रेरणा कभी समस्या नहीं रही है’

**एजेंसी।** सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया** के हरफनमौला खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने कहा कि विराट कोहली मैदान में हर बार अपना शत-प्रतिशत देते है और उनकी टीम भारतीय कप्तान की चुनौती से निपटने के लिए उसी अंदाज में तैयारी कर रही है। कोहली हालांकि सीमित ओवरों के छह मुकाबले और एडीलेड मे खेले जाने वाले शुरुआती टेस्ट मैच के बाद पितृत्व अवकाश पर भारत वापस लौट जाएगें।

ईएसपीनक्रिकइंफो के मुताबिक स्टोइनिस ने कहा कि विराट की चिंता मत करिए। वह हर मैच में अपना सब कुछ देते है। शायद अतिरिक्त प्रेरणा होगी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि 110 प्रतिशत से अधिक कोई अतिरिक्त प्रेरणा होती है। उन्होंने कहा कि देखते हैं। मुझे यकीन है कि वह (कोहली) जाने (भारत) के लिए तैयार होंगे। वह अपने बच्चे के जन्म के लिए घर जा रहे है, जो मेरी राय में सही फैसला है। इसलिए मुझे



यकीन है कि वह अतिरिक्त प्रेरित होंगे। स्टोइनिस ने कहा कि कोच जस्टिन लैंगर और उनकी टीम के पास सफेद गेंद के क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक में शामिल भारतीय कप्तान का मुकाबला करने के लिए पूर्ण रणनीति होगी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हमें हमारी रणनीतियों के बारे में पता है। हम ऐसी योजना पर अतीत में काम कर चुके हैं, और कई बार योजना सफल नहीं रही और वह रन बनाने में कामयाब रहे। इंडियन प्रीमियर लीग में बीते सत्र में 352 रन बनाने के साथ 13 विकेट लेने वाले इस हरफनमौला ने कहा कि वह 27 नवंबर से भारत के खिलाफ शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला में इस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीद है मैं उस (आईपीएल) लय को बरकरार रखूंगा, चीजें ज्यादा नहीं बदली है। दिल्ली कैपिटल्स के इस खिलाड़ी ने कहा कि कोच के तौर रिकी पोंटिंग का उनकी आईपीएल टीम में होना फायदेमंद रहा।



# उम्मीद है आस्ट्रेलिया दौरे के लिए सब ठीक रहेगा: रोहित

**हैमस्ट्रिंग बेहतर हो रही**

**कुशान सरकार।** नई दिल्ली

**भारत** की सफेद गेंद की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा के लिए उनकी हैमस्ट्रिंग चोट को लेकर हुआ हो-हल्ला भ्रमित करने के साथ मनोरंजक भी था क्योंकि वह हमेशा जानते थे कि यह चोट इतनी गंभीर नहीं थी और वह आस्ट्रेलिया दौरे के लिए खेलने के लिए तैयार होंगे। रोहित को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान यह हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें इस महीने के शुरू में आस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम से बाहर कर दिया गया और कुछ ही दिन में वह क्रिकेट खेलने के लिए लौट गाए जिससे अटकलों का दौर शुरू हो गया। इसके बाद उन्हें टेस्ट टीम में शामिल कर लिया गया।

रोहित ने कहा कि ईमानदारी से कहूं, मैं नहीं जानता कि क्या हो रहा था और लोग किसके बारे में बात कर रहे थे। लेकिन मैं रिकार्ड के लिए बता दूं कि मैं बीसीसीआई और मुंबई इंडियंस के साथ लगातार संपर्क में था। उन्होंने दर्द के बावजूद खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल में 50 गेंद में 68 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलिया जाने से पहले वह इस समय बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग ट्रेनिंग कर रहे हैं। रोहित ने कहा कि मैंने उन्हें (मुंबई इंडियंस) को बता दिया था कि मैं मैदान पर उतर सकता हूं क्योंकि यह छोटा प्रारूप है और मैं परिस्थितियों से अच्छी तरह से निपट लूंगा। एक बार मैंने निश्चित कर लिया तो बस उस चीज पर ध्यान लगाने की जरूरत थी जो मैं करना चाहता था। उन्होंने कहा कि हैमस्ट्रिंग अब बिलकुल ठीक लग रही है। इसे मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लंबे प्रारूप में खेलने से पहले मुझे यह पूरी तरह से निश्चित करने की जरूरत है कि कोई भी प्रयास छूट नहीं गया, शायद यही कारण है कि मैं एनसीए में हूं।



## कोई क्या बात कर रहा है मेरे लिए यह चिंता का विषय नहीं

आईपीएल में प्लेआफ में चोट के बावजूद खेलने को लेकर बातें शुरू हो गई थीं, इस पर उन्होंने कहा, मेरे लिए यह चिंता की बात नहीं थी कि कोई भी क्या बात कर रहा है कि वह आस्ट्रेलिया दौरे के लिए जा पाएगा या नहीं। उन्होंने कहा कि एक बार चोट लगी तो अगले दो दिन मैंने सिर्फ यही देखने का प्रयास किया कि अगले 10 दिन में मैं क्या कर सकता था, क्या मैं खेल पाऊंगा या नहीं। पांच बार के आईपीएल चैंपियन कप्तान ने कहा कि जब तक मैदान पर नहीं पहुंचते, तब तक पता नहीं चलता कि शरीर कैसे काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन प्रत्येक दिन हैमस्ट्रिंग चोट की स्थिति बदल रही थी। यह जिस तरह से ठीक हो रही थी तो मैं आश्वस्त हो गया कि मैं खेल सकता हूं और मैंने उस समय मुंबई इंडियंस को इसके बारे में बता दिया।

## शेफील्ड शील्ड का अनुभव भारत के खिलाफ मददगार होगा: एगर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के स्पिन आल राउंडर एशटन एगर ने कहा कि हाल में शेफील्ड शील्फ मैचों के दौरान का अनुभव उन्हें भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला में मदद करेगा। 27 वर्षीय एगर पिछली गर्मियों में आस्ट्रेलिया के सीमित ओवर के दोनों प्रारूपों में खेले थे, लेकिन सितंबर में इंग्लैंड के दौरे पर वनडे टीम में जगह नहीं बना सके थे। अब वह शेफील्ड शील्ड के बाद पर्थ में दो हफ्ते के पृथकवास को पूरा करने के पश्चात रविवार से सीमित ओवर के साथी खिलाड़ियों के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं और उन्हें उम्मीद है कि पिछले कुछ हफ्तों का अनुभव उन्हें आगामी श्रृंखला में मदद करेगा।

एगर ने अक्टूबर-नवंबर में वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के लिए तीन मैचों में 10 विकेट लिए। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा कि मैंने तीन शील्ड मैचों में 150 ओवर के करीब गेंदबाजी की। मैंने कुछ कठिन विकेटों पर भी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा कि अच्छे विकेट पर बल्लेबाजों को आउट करने की कोशिश करने के बारे में सोचने के बाद आपको वनडे और टी-20 श्रृंखला में वास्तव में सहायता मिलती है। एगर हालांकि दक्षिण अफ्रीका में मार्च में 50 ओवर का मैच खेलने के बाद वनडे में नहीं खेले हैं क्योंकि इसके बाद कोविड-19 महामारी के कारण स्थानीय लॉकडाउन लग गया। उन्होंने कहा कि हां, मैंने काफी समय से सफेद गेंद का क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन मुझे इससे ज्यादा चिंता नहीं है। वनडे टीम में जगह बनाना काफी मुश्किल है। मैंने टी-20 क्रिकेट के लिए खुद के चयन के लिए सबकुछ कर दिया है। मैं इस प्रारूप में ज्यादा आत्मविश्वास से भरा महसूस करता हूं। एगर ने 27 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 30 विकेट चटकाए हैं, जबकि अपने कॅरियर में 13 वनडे में 10 विकेट हासिल किए हैं।

# मेरे आईपीएल प्रदर्शन ने इस आस्ट्रेलिया दौरे से दबाव हटा दिया : मोहम्मद शमी

**एजेंसी।** सिडनी

**भारतीय** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन के बाद अच्छी लय में हैं, जिससे वह बिना किसी दबाव के आस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी टेस्ट श्रृंखला के लिए तैयारी कर पाए। शमी का यह आईपीएल सत्र सर्वश्रेष्ठ रहा, जिसमें उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब के लिए 20 विकेट चटकाए, जिसमें मुंबई इंडियन्स के खिलाफ डबल सुपर ओवर मैच में पांच रन का शानदार बचाव करना भी शामिल रहा।

शमी ने शनिवार को बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा कि आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए मेरे प्रदर्शन ने मुझे काफी आत्मविश्वास दिया और मुझे सही स्थिति में पहुंचा दिया। शमी को लगता है कि आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन ने उन पर से दबाव हटा दिया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा फायदा यह है कि मैं अब बिना किसी दबाव के आगामी श्रृंखला के लिए तैयारी कर सकता हूं। मेरे ऊपर कोई दबाव नहीं है। मैं इस समय काफी सहज हूं। उन्होंने कहा कि मैंने



लॉकडाउन में अपनी गेंदबाजी और अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। मैं जानता था कि आईपीएल का आयोजन होना ही है और मैं इसके लिए खुद ही तैयारी में जुटा था। शमी ने कहा कि इस दौरे पर टेस्ट मैच उनके लिए प्राथमिकता हैं और वह पिछले एक हफ्ते से ट्रेनिंग सत्र के दौरान कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दौरा काफी लंबा होगा जिसकी शुरुआत सफेद गेंद के क्रिकेट से होगी, जिसके बाद गुलाबी और लाल गेंद के टेस्ट खेले जाएंगे। मेरा ध्यान हमेशा लाल गेंद का क्रिकेट रहा है और मैं अपनी लेंथ और सीम मूवमेंट पर काम कर रहा हूं।

## गंगजी ने तीसरे दौर में इवन पार 71 का कार्ड खेला

**मियाजाकी (जापान)।** भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी ने यहां डनलप फिनिक्स ओपन के तीसरे दौर में बैक नाइन में शानदार वापसी करते हुए इवन पार 71 का कार्ड खेला। गंगजी ने इस तरह 71, 72 और 71 के कार्ड से 54 होल में एक ओवर का स्कोर बना लिया है, जिससे वह संयुक्त 49वें स्थान पर चल रहे हैं। यह उनका जापान में 2020 में दूसरा टूर्नामेंट है। जापान में इस साल कोविड-19 महामारी के कारण अब तक करीब 20 प्रतियोगिताएं स्थगित हो चुकी हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## हुएस्का ने ओसासुना से 1-1 से ड्रा खेला


**पैम्पलोना।** ओसासुना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबाल लीग के मुकाबले में हुएस्का से 1-1 से ड्रा खेला। हुएस्का के लिए सैंड्रो रमीरेज ने पांचवें ही मिनट में गोल कर 1-0 से बढ़त बना ली थी। लेकिन ओसासुना ने डिफेंडर डेविड गार्सिया के 68वें मिनट में किए गए गोल से स्कोर 1-1 कर दिया जो अंत तक बरकरार रहा। हुएस्का क्लब अभी तक एक भी मैच में जीत हासिल नहीं पाया है जिसने स्पेनिश लीग में वापसी के बाद सात मैच ड्रा खेले और तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

## पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर चंदोरकर ने 100वां जन्मदिन मनाया



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रघुनाथ चंदोरकर शनिवार को 100 वर्ष के हो गए और वह जन्मदिन का शतक पूरा करने वाले तीसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। चंदोरकर ने सात प्रथम श्रेणी मैच खेले थे, उन्होंने महाराष्ट्र (1943-44 से 1946-47) और बाम्बे (1950-51) का प्रतिनिधित्व किया था। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर खेलने वाले चंदोरकर ने सात मैचों में 155 रन बनाए थे। उन्होंने तीन कैच लेने के साथ दो स्टंप भी किए थे। प्रो. डीबी देवधर (1892-1993) और वसंत रायजी (1920-2020) अन्य दो भारतीय क्रिकेटर हैं, जिन्होंने अपना 100वां जन्मदिन मनाया है।

## जोहानिसबर्ग ओपन में कट से चूके पूर्व चैंपियन शुभंकर



**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा जोहानिसबर्ग ओपन के दूसरे दौर के बाद कट से चूक गए, जबकि उन्होंने 2017 में यह खिताब अपने नाम किया था। वह पिछले आठ टूर्नामेंट में पहली बार 36 होल में कट हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने लगातार छह टूर्नामेंट में कट हासिल किया था और वह साइप्रस में एफ्रोडाइट हिल्स ओपन में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 14वें स्थान पर रहे थे। वह अंतिम बार यहां नवंबर 2017 में खेले थे और ट्राफी जीती थी। इसके बाद 2018 और 2019 में इस टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया गया। पहले दौर में क्वाड्रपल बोगी के कारण 76 का कार्ड खेलने के बाद उन्होंने दूसरे दौर में आठ ओवर 79 का कार्ड खेला जिससे वह अगले दौर के लिए जगह नहीं बना सके। सिर्फ शीर्ष 16 खिलाड़ियों को कट में जगह मिली जबकि शुभंकर संयुक्त 20वें स्थान पर रहे।

## मोनाको ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पीएसजी को हराया

**पेरिस।** किलियान एमबापे के अपने पूर्व क्लब के खिलाफ दो गोल भी फ्रेंच फुटबॉल लीग में शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए काफी नहीं रहे जिसे 2-0 की बढ़त के बावजूद मोनाको से 3-2 से हार का मुंह देखना पड़ा। एमबापे ने पहले हाफ में दो गोल कर पीएसजी के लिए गोल की संख्या 99 कर ली। वह तीन साल पहले मोनाको से काफी बड़ी राशि के करार में पीएसजी से जुड़े थे। लेकिन मोनाको के लिए जर्मनी के फारवर्ड केविन वोलैंड ने ब्रेक के बाद दो गोल दाग दिए जबकि पूर्व स्पेनिश और बार्सिलोना के मिडफील्डर सेस्क फाब्रेगास ने 83वें मिनट में टीम के लिए पेनल्टी से विजई गोल किया। यह पीएसजी की सत्र की तीसरी हार थी, उसने पहले दो मैचों में मिली हार के बाद लगातार आठ जीत अपने नाम की थी। मोनाको इस जीत से पीएसजी (24) से चार अंक पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। शुक्रवार को अन्य मैच में रेनेस को बोरडेक्स से हार का सामना करना पड़ा।

## टर्सनोव को आई-लीग में अपने चैंपियन्स लक पर भरोसा

**नई दिल्ली।** तजाकिस्तान के फुटबॉल खिलाड़ी कोमरोन टर्सनोव को उम्मीद है कि नौ जनवरी से शुरु होने वाले आई-लीग टूर्नामेंट में जब वह मणिपुर की टीम टीआरएयू (टिडिम रोड एथलेटिक यूनियन) एफसी के लिए मैदान पर उतरेंगे तो उनका चैंपियन लक (किस्मत) उनके साथ होगा। कोविड-19 महामारी के कारण लीग का आयोजन कोलकाता के तीन मैदानों में दर्शकों के बिना जैव सुरक्षित माहौल में होगा। टर्सनोव ने कहा, मैं पिछले तीन सत्र से लगातार खिताब जीत रहा हूं। लगातार दो सत्र में अपनी घरेलू प्रतियोगिता (इस्तिकलोल टीम के लिए 2018 और 2019) में चैंपियन बनने के बाद पिछले साल मोहन बागान के साथ आई-लीग का खिताब जीता। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरी चैंपियन वाली किस्मत बरकरार रहेगी। मैं टीआरएयू एफसी के लिए भाग्यशाली साबित हो सकता हूं। लीग में दूसरे साल खेलने को तैयार टीआरएयू एफसी के बारे में 24 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, पिछले सत्र के अपने अनुभव से मैं कह सकता हूं कि टीआरएयू की टीम में अनुभवी और उभरते हुए युवा खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है।

# विश्व रिकार्डधारी कोसगेई एशानेह दिल्ली हाफ मैराथन में पेश करेंगे दावेदारी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**एयरटेल** दिल्ली हाफ मैराथन ने शनिवार को आगामी प्रतियोगिता में पहले से शामिल बड़े नामों के साथ विश्व रिकॉर्ड धारकों ब्रिजिड कोसगेई और अबाबेल एशानेह की महिला वर्ग में भागीदारी की पुष्टि की। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की उलटी गिनती का हिस्सा है।

पिछले साल अक्टूबर में शिकागो मैराथन में, कीनिया की कोसगेई ने लंबे समय से कायम विश्व मैराथन के रिकार्ड को दो घंटे 14 मिनट और चार सेकेंड के समय के साथ तोड़कर दुनिया को स्तब्ध कर दिया था। इसमें एशानेह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दो घंटे 20 मिनट और 51 सेकेंड) के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। इस साल फरवरी में हालांकि रास अल खैमाह हाफ मैराथन में इथियोपिया की एशानेह ने एक घंटा चार मिनट 31 सेकेंड के साथ विश्व रिकार्ड कायम किया, जबकि कोसगेई एक घंटा चार मिनट 49 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस हाफ मैराथन में एलीट धावक जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम से दौड़ शुरू करेंगे जबकि एमेच्योर धावक ऐप के माध्यम से इस रेस से जुड़ेंगे। खेलमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, हम इस आयोजन को अपना पूर्ण समर्थन देते हैं। यह भारत का गौरव है और हमारी राजधानी में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों का स्वागत है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा इस हाफ मैराथन के दूत है।एलीट धावकों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन जैव-सुरक्षित माहौल में होगा।

## ओम ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक दूरी सबसे तेज पूरी करने का रिकार्ड बनाया

**मुंबई।** नासिक के साइक्लिस्ट ओम महाजन ने साइकिल पर श्रीनगर से कन्याकुमारी तक की 3,600 किमी की दूरी शनिवार दोपहर आठ दिन सात घंटे 38 मिनट में पूरी कर रिकार्ड बनाया। अगले महीने 18 वर्ष के होने वाले ओम ने कन्याकुमारी पहुंचने के बाद कहा, मैं हमेशा साइक्लिंग करना चाहता था।

लॉकडाउन शुरू होने के बाद मैंने एंड्योरेंस साइक्लिंग और आरएएएम (अमेरिका में रेस) में हिस्सा लेने का सपना देखना शुरू किया। उन्होंने कहा कि छह महीने पहले, मैंने आरएएएम के लिए क्वालीफायर की ट्रेनिंग शुरू की जो नवंबर में होनी थी। लेकिन 600 किलोमीटर क्वालीफायर के बजाय ओम ने रेस एक्रोस इंडिया (भारत में रेस) करने का फैसला किया। उन्होंने पिछले हफ्ते श्रीनगर की ठंडी रात से शुरुआत करते हुए कन्याकुमारी तक का सफर पूरा किया।

# सरकार अगले साल जनवरी में लांच करेगी फिटनेस एप: खेल सचिव मित्तल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**खेल** सचिव रवि मित्तल ने शनिवार को कहा कि सरकार अगले साल जनवरी में एक ऐसा ऐप लाने की योजना बना रही है, जिससे लोगों को अपने फिटनेस स्तर को जांचने और सुधार करने में मदद मिलेगी। मित्तल ने एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि हम अगले साल एक फिट इंडिया एप लाने की योजना बना रहे हैं, यह किसी अन्य स्वास्थ्य एप की तरह ही होगा, लेकिन मुख्य चीज होगी कि इसमें हर कोई अपनी फिटनेस का आकलन कर पाएगा।

उन्होंने कहा कि हम जनवरी में किसी समय इस एप को लांच करेंगे। मैं इस प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों से अनुरोध करूंगा कि वे इस एप पर आएं और अपनी फिटनेस चेक करें। अगर आप



**एप में हर कोई कर पाएगा अपनी फिटनेस का आकलन**

प्रत्येक महीने अपनी फिटनेस की जांच करोगे तो इससे आपकी फिटनेस सुधरेगी। एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन में दुनिया के शीर्ष धावक भाग लेंगे, जिसमें गत चैंपियन इथोपिया के एंडामलाक बेलिहू और सेहे गेमेचू शामिल हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान आयोजित होने वाली यह भारत की पहली वैश्विक खेल प्रतियोगिता होगी। मित्तल ने प्रतियोगिता को शुभकामनाएं देते हुए कहा, इस तरह की प्रतियोगिताएं हमें यह समझने में मदद करेंगी कि चीजें धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं, अगर हमें ओलंपिक में पदक जीतने हैं, तो हमें खुद को बदलना होगा, कोविड-19 के लिए हम कितने लंबे समय तक खुद को रोक सकते हैं। इसलिए इस तरह की प्रतियोगिताएं हमारे दिमाग को मजबूत करने में मदद करेंगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा कि भारत में यह पहली प्रतियोगिता हो रही है। खिलाड़ी अच्छा करने को बेताब हैं क्योंकि वे सिर्फ ट्रेनिंग नहीं करते रह सकते, उन्हें प्रतिस्पर्धा भी करनी होती है। इसलिए यह शुरुआत होगी।

# पाकिस्तान 2021 में शीर्ष क्रिकेट देशों की मेजबानी के लिए तैयार

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**श्रीलंकाई** टीम की बस पर 2009 में हुए आतंकवादी हमले के कारण लगभग एक दशक से टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में विफल रहे पाकिस्तान का कहना है कि वह 2021 में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसे प्रमुख क्रिकेट राष्ट्रों का स्वागत करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने द एसोसिएडेड प्रेस से कहा, हम (अन्य) क्रिकेट बोर्ड के साथ रिश्तों को बेहतर करने पर काम कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए जनवरी में पाकिस्तान का दौरा करना है, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। इसके बाद उन्हें तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में भी भाग लेना है।

न्यूजीलैंड को सितंबर (2021) में तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैचों के लिए और फिर इंग्लैंड को दो टी-20 मैचों के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है। इंग्लैंड का यह 2005 के बाद पाकिस्तान का पहला दौरा होगा। पीसीबी ने दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ भी घरेलू श्रृंखला की योजना बनाई है। खान ने कहा कि हमारे लिए अगले आठ-दस महीने घरेलू क्रिकेट के नजरिए से काफी अहम है। उन्होंने कहा कि हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ भी चर्चा कर रहे हैं। वे 2022 सत्र के दौरान दौरा करने वाले हैं, हम चाहते है कि वे अधिक समय के लिए यहां आए। श्रीलंका की टीम पर 2009 में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए दरवाजे बंद हो गए थे। इसके बाद पाकिस्तान का दौरा करने वाली जिम्बाबवे पहली टीम बनी। उसने 2015 सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। पिछले साल श्रीलंका ने दो पांच दिवसीय मैचों के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। बांग्लादेश को भी दो मैचों के लिए पाकिस्तान का दौरा करना था लेकिन एक टेस्ट के बाद कोविड-19 कारण दूसरा टेस्ट निलंबित हो गया। इस दौरान पाकिस्तान सुपर लीग के घरेलू आयोजन में ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन और दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन तथा एबी डिविलियर्स जैसे अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों ने भाग लिया। खान ने कहा कि इन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के आने से बोर्ड को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने कहा कि इनमें से बहुत से खिलाड़ियों ने अपने देशों में वापस जाकर कहा कि पाकिस्तान खेलने के लिए सबसे सुरक्षित जगहों में से एक है।



## अभी भारत-पाक के बीच क्रिकेट बहाली की उम्मीद नहीं: वसीम

उन्होंने कहा कि ये वो क्रिकेटर हैं जो अपने-अपने क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हैं। इन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के लिए यहां आने से पहले पाकिस्तान की (अलग) धारणा थी। वसीम खान को हालांकि अभी भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट की बहाली की उम्मीद नहीं है। कश्मीर मुद्दे पर खराब द्विपक्षीय रिश्तों के कारण के कारण दोनों पड़ोसी देश सिर्फ विश्वकप, चैंपियन्स ट्रॉफी और एशिया कप जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते है।

# मलिक, हफीज, रियाज और आमिर को ए श्रेणी के खिलाड़ियों के समान मैच फीस मिलेगी

**एजेंसी।** कराची

**सीनियर** क्रिकेटरों शोएब मलिक, मोहम्मद हफीज, वहाब रियाज और मोहम्मद आमिर को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बाद मैच फीस में बढ़ोतरी की गई है। इन चारों खिलाड़ियों को सूचित किया गया है कि चूंकि उनके पास केंद्रीय अनुबंध नहीं है, इसलिए उन्हें अब ए श्रेणी के क्रिकेटरों को मिलने वाली मैच फीस मिलेगी। इससे पहले उन्हें सी श्रेणी के क्रिकेटरों के बराबर भुगतान किया जा रहा था।


इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, इन चारों खिलाड़ियों ने बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान से कहा था कि



केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बाद भी उनके साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें सीनियर खिलाड़ियों के शीर्ष श्रेणी वाली मैच फी नहीं दी जा रही है। सूत्र ने कहा, इससे पहले केंद्रीय अनुबंध नहीं होने के कारण उन्हें सी श्रेणी के खिलाड़ियों के बार मैच फीस का भुगतान हो रहा था, जिसमें एकदिवसीय के लिए लगभग 2,02,000 रूपए (पाकिस्तानी) और टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए इससे कुछ कम रकम का प्रावधान है। अब उन्हें ए श्रेणी के खिलाड़ियों के बराबर मैच फीस मिलेगी। इसमें एकदिवसीय के लिए 4,60,000 रुपये और टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए 3,30,000 रुपये प्रतिमैच फीस का प्रावधान है।

बोर्ड ने हालांकि खिलाड़ियों के एक और अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें राष्ट्रीय टीम के साथ होने के कारण विदेशी टी-20 लीग में भाग नहीं लेने पाने पर मुआवजे की मांग की थी। उन्होंने बताया, बोर्ड ने कहा है कि वह इसके लिए कोई मुआवजा नहीं दे सकता है और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देनी है।

# हैरान कर सकता है ज्योतिष



जीवन चक्र
**भारत भूषण पद्मदेव**



साल 2001 में, मैंने एक ज्योतिष मित्र के कमरे में प्रवेश किया। मैंने उन्हें किसी आगंतुक की ज्योतिष कुंडली के अध्ययन में व्यस्त पाया तो मैंने क्षमायाचना की और फिर वापस मुड़ने लगा। उसने मुझे वापस जाने से रोका और उस जटिल कुंडली पर अपनी राय देने के लिए कहा। जटिल शब्द किसी रूप में मेरे मन में प्रभावी ढंग से दर्ज हुआ। इसलिए मेरा पहला ध्यान कुंडली की जटिलता को देखने में था। शुभकामना हासिल करने के बाद, मैंने पाया: व्यक्ति जीवन में अप्रत्याशित स्थिति से गुजरने वाला नजर आता है। मुझे आश्चर्य नहीं होगा यदि वह आपराधिक मामले के गंभीर दुष्परिणाम का सामना करता है। इस पूरे प्रकरण में किसी महिला की भूमिका नजर आती है। मैंने पूछा कि क्या कोई जेल में है?

वो व्यक्ति जो मार्गदर्शन लेने आया हुआ था ऐसे त्वरित आंकलन से हैरान नजर आया। उसने जिज्ञासावश मेरे ज्योतिष मित्र की ओर देखा मानो पूछ रहा हो कि उसने मुझे जानकारी तो नहीं दी है। ज्योतिष मित्र ने तत्काल इशारा किया कि कोई भी जानकारी साझा नहीं की थी। ऐसा लगता था कि व्यक्ति को उनके आंकलन पर विश्वास नहीं हो पाया था। उसने मुझसे पूछा: आपके इस आंकलन का आधार क्या है?

वैसे, यह बहुत सरल है। लग्नउपस्वामी शनि, व्यक्ति विशेष का प्रतिनिधित्व करता हुआ, प्रेम जीवन के परिचायक पांचवें घर में है। शनि स्त्री और दैहिक इच्छाओं के प्रतीक ग्रह, वीनस समेत सरकारी संस्थाओं के परिचायक सूर्य के विपरीत है। वीनस अपने पेश के परिचायक दसवें घर में हैं जिसका अर्थ है कि वह अपने कामों से जुड़े किसी व्यक्ति के साथ होगी। सूर्य, संयोगवश बारहवां स्वामी है, जो मित्रता के परिचायक ग्यारहवें घर में स्थित है। बारहवें स्वामी का पांचवें से आठवें घर में होना दर्शाता है कि अपनी महिला मित्र के साथ किसी अप्रत्याशित घटना के कारण उसे किसी अप्रत्याशित स्थिति से होकर गुजरना पड़ेगा। परिवार के परिचायक दूसरे घर में वरूण शनि, सूर्य, मन संकेतक चंद्रमा और वीनस के विपरीत मुद्रा में है। इसका स्वाभाविक नतीजा यह है कि उसके जीवन में लड़की की उपस्थिति उसके परिजनों के लिए शर्मनाक थी। शनि का बृहस्पति की ओर रूख है, चौथा और सातवां स्वामी, क्रमशः मां और पत्नी का परिचायक, तथा जो राहु और मंगल के विपरीत मुद्रा में है। यह सब एक साथ मिलकर उसे अप्रत्याशित हालात जिससे निपट पाना कठिन है, जब समय विपरीत हो जाता है, का सामना करने की स्थिति में पहुंचाता है। संभावना है कि उसकी पत्नी और उसकी मां भी इस प्रक्रिया में शामिल थीं। अब नजर डालते है संक्रमण पर। शनि नौवें घर में पहुंच गया है, जहां से यह सूर्य और वीनस की मित्रता भाव प्रदर्शित करता है। याद रखें, यदि ग्रह जन्म कुंडली में एक दूसरे के विपरीत मुद्रा में होते हैं, तो जब भी वे संक्रमण के दौरान एक दूसरे के प्रति सहयोगी बनते हैं, तो वे कुछ उत्पात मचाने के लिए हाथ मिलाते हैं। संयोगवश, मार्ग में मंगल तीसरे घर से होकर गुजर रहा है, अपने घोर शत्रु, शनि के मार्ग के विपरीत, जिस कारण कोई आपराधिक उल्लंघन हो सकता है।

दशा चक्र में, वह मंगल दशा और राहु अंतर्दशा में चल रहा था। तीसरे घर (व्यक्ति की अपनी पहलकदमियां और सौदेबाजियां) और आठवें घर (भारी कठिनाइयां) का स्वामी होने के कारण मंगल कन्या राशिवालों के लिए सबसे हानिकारक गृह बनता है। उसकी जन्म कुंडली में मंगल 12वें घर में है। यह प्रतिष्ठा में हानि और अप्रत्याशित खर्चों, साथ ही साथ प्रेम जीवन में, अगर है तो, गंभीर समस्याओं की ओर इशारा करता है। मंगल जन्म कुंडली में राहु के विपरीत स्थित है। राहु सातवें घर में बृहस्पति के नक्षत्र में काबिज है, जो खुद मंगल के विपरीत है। यह दर्शाता है कि उसके पार्टनर का जीवन इतना ज्यादा खिन्न रहेगा कि वह अपनी समझदारी और तर्कक्षमता खो सकती है। इसलिए मंगल– राहु दशा को उसे चुनौतीपूर्ण स्थितियों में डालना ही था। संक्रमण तालिका में, लग्न ने जन्म कुंडली के वरूण का स्पर्श किया था, जो वरूण के विपरीत स्थित था जिसने उसे अप्रत्याशित हालातों का सामना करने के लिए संभावित बनाया था।

वो व्यक्ति मेरी विस्तृत व्याख्या से संतुष्ट हुआ, जिसने मेरे ज्योतिष मित्र को भरोसा टूटने के आरोप लगाए जाने की शर्मिंदगी से बचा लिया। फिर उसने पूछा: 'मैं इस मुसीबत से बाहर कब निकलूंगा?' 'स्थिति जल्द ठीक होने लग सकती है, संभवतया 12 अक्टूबर के बाद से, जब वीनस की उप-उप अवधि आरंभ होती है। क्योंकि, परिवार का परिचायक दूसरे लग्न का स्वामी वीनस इच्छाओं की पूर्ति के परिचायक 11वें घर में बुध के नक्षत्र में काबिज होता है।' बाद में बताया गया कि उसकी पत्नी और मां महिला सहकर्मी के साथ उसके संबंध को स्वीकार नहीं कर पाई। बाद में उसकी प्रेमिका की हत्या हो गई। और उसकी पत्नी को उस महिला की नृशंस हत्या के आरोम में गिरफ्तार कर लिया गया।




# हुड्डा की चौधर के आगे गठबंधन बौना साबित हुआ



सुभाष शर्मा
(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

## बरोदा उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर और जजपा में खटास पैदा होने के संकेत मिलने लगे हैं।

मंथन

बरोदा उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर और जजपा में खटास पैदा होने के संकेत मिलने लगे है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि भाजपा के ताले में जजपा की चॉबी फिट नहीं बैठी, जबकि जजपा नेताओं का मानना है कि इस बार जो भाजपा उम्मीदवार को 50 हजार से ज्यादा मत पड़े है, वो उनके वोटरों की बदौलत ही संभव हो पाया है, जबकि पिछले चुनाव में योगेश्वर दत्त को 37 हजार के आसपास मत मिले थे। पिछले दिनों चुनावी हार के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी ईशारों-ईशारों में स्पष्ट कह दिया था कि अगर जजपा के सारे वोट भाजपा उम्मीदवार को मिल जाते तो हमें 70 से 80 हजार वोट प्राप्त होते और हमारा उम्मीदवार आराम से चुनाव जीत जाता। खैर चुनावी हार के बाद एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोपों का दौर तो चलता ही रहता है, लेकिन इन चुनावी नतीजों से एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि जिला सोनीपत में हुड्डा की चौधर के आगे सभी पार्टियां बौनी साबित हुई।

दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान रोहतक, सोनीपत, झज्जर क्षेत्र का जो विकास हुआ है, वो इससे पहले किसी मुख्यमंत्री के कार्यकाल में नहीं हुआ। इतना ही नहीं भूपेंद्र हुड्डा ने 2004 से लेकर 2014 तक अपने यारो-प्यारो, मित्रों, कार्यकर्ताओं सहित हर उस व्यक्ति का कोई न कोई काम जरूर किया, जो उनको सीधे तौर पर जानते थे या उनके किसी के माध्यम से संपर्क में थे। हुड्डा के बारे में राजनैतिक हलकों में एक बात आज तक याद की जाती है कि उन्होंने हजारों लोगों को ओबलाइज किया, यहां तक कि अनेकों पत्रकारों, अधिकारियों, कर्मचारियों के व्यक्तिगत कार्य करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि उनके दौर में सीएलयू सहित अनेक प्रकार के कमर्शियल कार्य भी हुए और उन पर या उनके करीबियों पर लेन-देन के आरोप भी विरोधियों ने लगाए, लेकिन उनके वही आलोचक उनकी इस खूबी को भी याद करते है कि एक दो काम लगभग उन्होंने हर जान पहचान वाले के किए और खासकर रोहतक, सोनीपत और झज्जर जिलों के लोगों पर तो वो खास मेहरबान रहते थे। यही कारण है कि इन तीनों जिलों में सत्ता के जाने के 6 सालों बाद भी उनकी तूती बोलती है। बरोदा उपचुनाव जीतना इसका स्पष्ट उदाहरण है, जबकि दूसरी ओर मनोहर सरकार ने अपने तमाम विधायकों, मंत्रियों, सांसदों, चेयरमैनों व निगमों वगैरा के अध्यक्षों को सैकड़ों की तादाद में बरोदा उपचुनाव में प्रचार के लिए उतार रखा था। उनकी गठबंधन पार्टी जजपा सुप्रीमो दुष्यंत चौटाला और उनका पूरा कुनबा भी चुनाव प्रचार में उतरा। हालांकि किसानों के मुद्दे पर उन्हें अनेक स्थानों पर बरोदा हलके में विरोध का सामना भी करना पड़ा। जजपा के द्वारा पूरा जोर लगाने के बावजूद जाट मतदाता उनके प्रभाव में नहीं आए और अधिकांश जाट मतदाताओं ने अपना वोट कांग्रेस के जाट प्रत्याशी को दिया। दुष्यंत चौटाला अपना असर दिखाने में यहां पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। जहां तक मुख्यमंत्री मनोहरलाल व उनके सिपहासलारों की बात है, जिनमें पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड व सुभाष बराला सहित अनेक जाट नेता शामिल थे, किसी को भी बरोदा के मतदाताओं ने समर्थन नहीं दिया और एक बार फिर से यह चुनाव जाट बनाम नानजाट बनकर रह गया।



### नानजाट को प्रदेश अध्यक्ष न बनाना भाजपा को महंगा साबित हुआ

हरियाणा में पिछले दिनों भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर जाट और नानजाट उम्मीदवार को बिठाने के लिए लंबी जद्दोजहद हुई पार्टी हाईकमान में एक बड़े वर्ग का यह मानना था कि प्रदेश में जाट नेता सुभाष बराला को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का कोई फायदा 2019 के विधानसभा चुनावों में नहीं मिला था। यहां तक कि वो खुद अपना चुनाव हार गए, ऐसे में इस बार प्रदेश में नानजाट चेहरे को इस पद पर बिठाना चाहिए। कई दौर की बैठकों के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने फरीदाबाद के सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का नाम फाइनल भी कर दिया था और उनसे इस बात की सहमति भी ले ली गई थी कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना होगा और प्रदेश की कमान संभालनी होगी।

बरोदा उपचुनाव को जीतने में ताकत झोंकनी होगी यानी कृष्णपाल गुर्जर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद पर बिठाने की मात्र घोषणा होनी बाकि थी और उसके लिए उचित मुर्हूत देखा जा रहा था, लेकिन जिस प्रकार भगवान राम को राजतिलक के बजाए वनवास हो गया था, ठीक उसी तर्ज पर अंतिम समय जाट लॉबी के हावी हो जाने के चलते नानजाट नेता कृष्णपाल की जगह ओमप्रकाश धनखड़ के नाम पर मोहर लगा दी गई। पार्टी हाईकमान के इस फैसले पर पूरा प्रदेश उस वक्त हैरान रह गया था कि आखिर इतनी बड़ी मूर्खता पार्टी हाईकमान ने क्या सोच कर की है। गौरतलब है कि जबसे हरियाणा में भाजपा की सरकार वजूद में आई है, तभी से प्रदेश का अधिकांश जाट मतदाता इस बात को लेकर अंदरखाने रंजिश रखता है कि आखिर प्रदेश की चौधर उनके हाथ से फिसल कैसे गई। पंजाबी मुख्यमंत्री मनोहर लाल तो उन्हें फूटी आंख भी नहीं सुहाते, जबकि नानजाट मतदाता इसी दिन का इंतजार कर रहा था कि आखिर कब उनका अपना मुख्यमंत्री प्रदेश में सत्ता संभालेगा और उनके काम होंगे, लेकिन पार्टी हाईकमान जनता की इस भावना को समझ नहीं पाई। 2014 से 2019 तक पिछले कार्यकाल में सरकार में अनेक महत्वपूर्ण महकमे जाट मंत्रियों के पास थे और चुनावों के बाद वो बुरी तरह चुनाव हारे।

### रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी कार्यालय विवादों में

रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी कार्यालय जो उद्योग विभाग के अधीन आता है, आकंठ भ्रष्टाचार में डूबता जा रहा है। इस कार्यालय की कार्यशैली को देखकर ऐसा लगता है कि जैसे यह सरकारी विभाग न होकर निजी विभाग है। दरअसल, इस विभाग के अधीन पूरे प्रदेश की सभी संस्थाएं, ट्रस्ट, एनजीओ संगठन, फर्म, यूनियनें आती है, जिन्होंने अपने आपको हरियाणा रजि. एक्ट 2012 के तहत रजिस्टर करवा रखा है, सभी रजिस्ट्ररशुदा संस्थाओं का इस विभाग से वास्ता पड़ता है, बेशक वो चुनावों की बात हो या संगठन को चलाने के लिए नियम कायदे-कानूनों की बात हो, पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिले में इसका एक कार्यालय होता है।

फरीदाबाद में इसका कार्यालय नीलम चौक पर स्टेट बैंक के पीछे है, कार्यालय में जाने पर पता चलता है कि यहां जो अधिकारी बतौर रजिस्ट्रार अनिल यादव नियुक्त है, वह पलवल जिले के भी प्रभारी है और इस कार्यालय को बतौर प्रा.लि. फर्म के हिसाब से चला रहे है। किसी भी संस्था, ट्रस्ट, यूनियन, सोसायटीज को अगर कुछ जानकारी लेनी है, कोई पत्र देना है, संस्था को रजिस्टर करवाना है, चुनाव करवाने हो, इस एक्ट के तहत कोई बात करनी हो तो यहां एक ही बात कही जाती है कि यहां कोई बात नहीं होगी, सब ऑनलाइन है और साथ ही ऑनलाइन काम करवाने वाले दलालों के टेलीफोन नंबर कार्यालय से ही उपलब्ध करवा दिए जाते है, जो हर काम के पैसे लेते है। यहां अगर किसी संस्था में विवाद होने पर एक्स पार्टी स्टे लेना हो, संस्था को रंजिशन भंग करवाना हो या उस पर एडमिस्ट्रेटर नियुक्त करवाना हो तो उसकी मोटी फीस वसूल कर तमाम कायदे कानूनों को ताक पर रखकर आदेश दिलवाने वाले दलाल भी वही मिल जाते है। इस कार्यालय के ही सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि यहां हर प्रकार के आदेश पहले ही टाइप हुए रखे है, सुविधा शुल्क देते ही उस पर रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी के हस्ताक्षर करवाकर दे दिए जाते है।

## कोरोना के वाहक बन रहे निजी क्लीनिक

**क्या** आप यकीन कर सकते है कि कोरोना फैलाने में कुछ निजी डॉक्टर व उनका स्टॉफ भी जिम्मेदार हो सकता है। सूत्रों पर भरोसा करे तो ऐसे आरोप सच साबित होते नजर आ रहे हैं। फरीदाबाद सहित हरियाणा के अनेक बड़े शहरों में अपने निजी क्लीनिक चला रहे कई डॉक्टर खुद कोरोना की चपेट में आ चुके है। उनका स्टाफ भी कोरोना ग्रसित हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद वो सैल्फ क्वारंटाइन होने के बजाए अपने चिकित्सालयों पर काम कर रहे है। हालांकि उन्होंने वहां सुरक्षा के मापदंड जरूर अपना रखे है, लेकिन अपने निजी चिकित्सालयों को बंद नहीं किया, जिसके चलते न केवल उनका निजी स्टाफ भी कोरोना संक्रमित हो गया है, उनके यहां आने वाले मरीज भी कोरोना के शिकार हो रहे है।



नाम न छापने पर एक बड़े डॉक्टर ने इसका खुलासा करते हुए बताया कि हालांकि यह बड़े शर्म की बात है कि हमारे प्रोफेशन कुछ डॉक्टर अपने लालच के चलते कोरोना ग्रसित होने के बावजूद अपने क्लीनिकों को बंद नहीं कर रहे व रूटीन की भांति मरीजों को देख रहे है। उनका कहना था कि स्वास्थ्य विभाग को शहर के सभी निजी डॉक्टरों का उनके स्टाफ का उनके परिवार का घर पर जाकर कोरोना टेस्ट करना चाहिए या उन्हें कोरोना टेस्ट करवाकर उसकी रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय में जमा करवाने के आदेश जारी करने चाहिए, ताकि उनके संपर्क में आने वाले अन्य लोग इसकी चपेट में आने से बच सके। गौरतलब है कि जब मार्च-अप्रैल 2020 में कोरोना का प्रकोप शुरू हुआ था तो फरीदाबाद शहर में प्रतिदिन कोरोना मरीजों का आंकड़ा 300 से नीचे रहता था, लेकिन अब जब पूरे देश में कोरोना का आंकड़ा 45 हजार प्रतिदिन के आसपास आ गया, एनसीआर में कोरोना के मरीज एकदम बढ़ गए है। फरीदाबाद में भी प्रतिदिन इनका आंकड़ा 600-700 के करीब जा पहुंचा है। इसके अलावा जिले के तमाम दवा विक्रेता, लैब संचालकों व उनके स्टाफ का भी कोरोना टेस्ट होना चाहिए और ड्रग इंस्पेक्टर की निगरानी में जांच होनी चाहिए क्योंकि दवा की दुकानों पर हर रोज भारी भीड़ रहती है। लैब संचालकों के यहां भी कोरोना के चलते मरीजों की संख्या ज्यादा है, ऐसे स्थानों पर काम करने वाले रोजी रोटी के चक्कर में कोरोना संक्रमित होने के बावजूद काम बंद नहीं करते, लिहाजा उनके माध्यम से यह और लोगों तक फैलता जा रहा है।